3 राजधानी
जहांगीरपुरी हिंसा में दो और गिरफ्तार

6 अभिमत
उच्च शिक्षा की उत्कृष्टता में बाधा

10 विदेश
मारियोपुल इस्पात संयंत्र से पहला जत्था निकला

12 स्पोर्ट्स
केकेआर ने राजस्थान को हराया

RNI NO.DELHI/2012/48369
वर्ष 10 अंक 175
नई दिल्ली, मंगलवार, 3 मई, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर



इस परियोजना का छोटा सा हिस्सा बनकर धन्य महसूस करती हूं
विविध-11

www.dailypioneer.com

# आपसी संबंध और मजबूत करेंगे भारत-जर्मनी

- प्रधानमंत्री मोदी ने जर्मन चांसलर ओलाफ शॉल्ज के साथ द्विपक्षीय संबंधों पर वार्ता की
- दोनों देशों ने सतत विकास पर केंद्रित कई समझौतों पर हस्ताक्षर किए

**भाषा।** बर्लिन

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने सोमवार को जर्मनी के चांसलर ओलाफ शॉल्ज से मुलाकात की जिसमें दोनों नेताओं ने कारोबार को गति देने, सांस्कृतिक सम्पर्कों सहित द्विपक्षीय संबंधों के सम्पूर्ण आयामों की समीक्षा की। मोदी ने कहा कि भारत और जर्मनी के बीच साझेदारी एक जटिल दुनिया में सफलता का उदाहरण बन सकती है। इस बीच, दोनों देशों ने सतत विकास पर केंद्रित कई समझौतों पर हस्ताक्षर किए, जिसके तहत स्वच्छ ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए भारत को 2030 तक 10.5 अरब डॉलर की सहायता मिलेगी।

मोदी ने जर्मन चांसलर ओलाफ शॉल्ज के साथ अंतर-सरकारी परामर्श (आईजीसी) के छठे पूर्ण सत्र की सह-अध्यक्षता की। उन्होंने आत्मनिर्भर भारत अभियान में जर्मनी को भी भागीदारी के लिए आमंत्रित किया। विदेश मंत्रालय ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि अपने उद्घाटन भाषण में दोनों नेताओं ने सत्र के दौरान द्विपक्षीय संबंधों के प्रमुख पहलुओं के साथ-साथ क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर साझा दृष्टिकोण पर प्रकाश डाला। इसमें कहा गया कि प्रधानमंत्री मोदी ने जोर देकर कहा कि भारत और जर्मनी के बीच साझेदारी एक जटिल दुनिया में सफलता का उदाहरण बन सकती है। दोनों पक्षों के भाग लेने वाले मंत्रियों और अधिकारियों ने आईजीसी के विभिन्न पहलुओं संबंधी अपनी बैठकों पर संक्षिप्त रिपोर्ट प्रस्तुत की, जिसमें विदेशी, सुरक्षा, आर्थिक, वित्तीय नीति, वैज्ञानिक और सामाजिक विनिमय, जलवायु, पर्यावरण, सतत विकास और ऊर्जा से जुड़े मुद्दे शामिल थे। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, विदेश मंत्री एस जयशंकर, विज्ञान और प्रौद्योगिकी तथा पृथ्वी विज्ञान राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जितेंद्र सिंह और उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) के सचिव अनुराग जैन ने भारत की ओर से प्रस्तुतियां दीं।

पूर्ण सत्र का समापन प्रधानमंत्री मोदी और चांसलर शॉल्ज द्वारा हरित और सतत विकास साझेदारी की स्थापना के संयुक्त घोषणा पत्र (जेडीआई) पर हस्ताक्षर के साथ हुआ। विदेश मंत्रालय ने विज्ञप्ति में कहा कि यह साझेदारी सतत विकास लक्ष्यों और जलवायु कार्वाई पर भारत-जर्मनी सहयोग के लिए एक संपूर्ण सरकारी दृष्टिकोण की परिकल्पना करती है, जिसके तहत जर्मनी 2030 तक 10 अरब यूरो (10.5 अरब डॉलर) की नई और अतिरिक्त विकास सहायता की अग्रिम प्रतिबद्धता के लिए सहमत हो गया है। प्रधानमंत्री मोदी यूरोप के तीन देशों की यात्रा के पहले चरण में सोमवार को सुबह जर्मनी पहुंचे। (शेष पेज 8)



बर्लिन में जर्मनी के चांसलर ओलाफ शॉल्ज के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी। साथ में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण

### रूस-यूक्रेन युद्ध में कोई विजयी नहीं होगा, भारत शांति के पक्ष में : मोदी

**बर्लिन।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यूक्रेन संकट का उल्लेख करते हुए कहा कि युद्ध में कोई विजई नहीं होगा, सभी को नुकसान होगा, इसलिए भारत शांति के पक्ष में है। वहीं, जर्मनी के चांसलर ओलाफ शॉल्ज ने जर्मनी में जी-7 शिखर सम्मेलन के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को आमंत्रित किया। शॉल्ज ने कहा कि वैश्विक अर्थव्यवस्था, जलवायु परिवर्तन वार्ता में भारत की भूमिका अहम है। दोनों पक्षों के बीच बैठक के बाद संयुक्त प्रेस वार्ता में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि यूक्रेन के संकट के आरंभ से ही भारत ने तुरंत युद्धविराम का आह्वान किया और इस बात पर जोर दिया था कि विवाद को सुलझाने के लिए बातचीत ही एक मात्र उपाय है। (शेष पेज 8)

# किसी को भी कोरोना टीका लगवाने के लिए मजबूर नहीं किया जा सकता

**भाषा।** नई दिल्ली

**उच्चतम** न्यायालय ने सोमवार को कहा कि किसी भी व्यक्ति को कोविड-19 रोधी टीकाकरण के लिए मजबूर नहीं किया जा सकता है और न्यायालय ने केंद्र से इस तरह के टीकाकरण के प्रतिकूल प्रभाव के आंकड़ों को सार्वजनिक करने के लिए कहा है। न्यायमूर्ति एल नागेश्वर राव और न्यायमूर्ति बीआर गवई की पीठ ने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत शारीरिक स्वायत्तता और अखंडता की रक्षा की जाती है। पीठ ने सुझाव दिया कि जब तक कोविड संक्रमितों की संख्या कम है तब तक सार्वजनिक क्षेत्रों में टीकाकरण नहीं करवाने वालों पर कोई पाबंदी नहीं होनी चाहिए। शीर्ष अदालत ने कहा कि उपलब्ध सामग्री और विशेषज्ञों के विचारों के आधार पर, वर्तमान कोविड-19 टीका नीति को स्पष्ट रूप से मनमाना और अनुचित नहीं कहा जा सकता है। पीठ ने कहा, संख्या कम होने तक, हम सुझाव देते हैं कि संबंधित आदेशों का पालन किया जाए और टीकाकरण नहीं करवाने वाले व्यक्तियों के सार्वजनिक स्थानों में जाने पर कोई प्रतिबंध नहीं लगाया जाए। यदि पहले से ही कोई प्रतिबंध लागू हो तो उसे हटाया जाए। पीठ ने यह भी कहा कि टीका परीक्षण आंकड़ों को अलग करने के संबंध में,



व्यक्तियों की गोपनीयता के अधीन, किए गए सभी परीक्षण और बाद में आयोजित किए जाने वाले सभी परीक्षणों के आंकड़े अविलंब जनता को उपलब्ध कराए जाने चाहिए।

अदालत ने राष्ट्रीय टीकाकरण तकनीकी सलाहकार समूह (एनटीएजीआई) के पूर्व सदस्य डॉ. जैकब पुलिएल द्वारा दायर एक याचिका पर फैसला सुनाया जिसमें कोविड-19 टीकों और टीकाकरण के बाद के मामलों के नैदानिक परीक्षणों पर आंकड़ों के प्रकटीकरण के लिए निर्देश देने की मांग की गई थी। बच्चों के टीकाकरण के मुद्दे पर पीठ ने कहा कि विशेषज्ञों की राय पर कोई और अनुमान लगाना उचित नहीं है और टीकाकरण वास्तव में वैश्विक मानकों और व्यवस्थाओं का पालन करता है।पीठ ने कहा, बच्चों के टीकों पर, केंद्र द्वारा देश में बच्चों के टीकाकरण के लिए लिया गया निर्णय वैश्विक मानकों के अनुरूप है... हम केंद्र सरकार को यह सुनिश्चित करने का निर्देश देते हैं कि बच्चों के लिए पहले से ही नियामक प्राधिकरणों द्वारा अनुमोदित परीक्षण के चरणों के प्रमुख निष्कर्ष जल्द से जल्द सार्वजनिक किए जाएं। केंद्र ने पहले स्पष्ट किया था कि उसने कोविड-19 टीकों को अनिवार्य नहीं बनाया है और केवल यह कहा है कि टीकाकरण 100 प्रतिशत होना चाहिए। टीका निर्माता भारत बायोटेक लिमिटेड और सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया ने याचिका का विरोध किया था (शेष पेज 8)

### कोवोवैक्स टीका अब 12-17 आयुवर्ग के लिए निजी केंद्रों पर उपलब्ध

**नई दिल्ली (भाषा)।** अब 12-17 आयुवर्ग के बच्चे निजी केंद्रों पर सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (एसआईआई) का कोविड-रोधी टीका कोवोवैक्स लगवा सकते हैं और इस संबंध में को-विन पोर्टल पर प्रावधान किया जा रहा है। आधिकारिक सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि कोवोवैक्स की एक खुराक के लिए 900 रुपए और इस पर जीएसटी का भुगतान करना होगा। इसके अलावा, अस्पताल के सेवा शुल्क के तौर पर 150 रुपए अदा करने होंगे।

## अवकाश सूचना

ईद के उपलक्ष्य में पायनियर प्रेस और कार्यालय में दिनांक 3 मई 2022 को अवकाश रहेगा। अतः 4 मई का अंक प्रकाशित नहीं होगा।

## बाजार

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 56,976 | ↓ | 85 | |
| निफ्टी | 17,069 | ↓ | 33 | |
| सोना | 51,080 | ↓ | 674 | /10g |
| चांदी | 62,900 | ↓ | 656 | /kg |

## क्विक न्यूज

### तरुण कपूर प्रधानमंत्री के सलाहकार नियुक्त हुए

**नई दिल्ली।** पूर्व पेट्रोलियम सचिव तरुण कपूर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सलाहकार नियुक्त किया गया है। पेट्रोलियम मंत्रालय की ओर से सोमवार को इस संबंध में जारी एक आदेश में यह जानकारी दी गई। कपूर, भारतीय प्रशासनिक सेवा के 1987 बैच के हिमाचल प्रदेश कैडर के अधिकारी है। वह 30 नवंबर 2021 को पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के सचिव पद से सेवानिवृतत हुए थे। कैबिनेट की नियुक्ति समिति ने पीएमओ में प्रधानमंत्री के सलाहकार के रूप मे कपूर की नियुक्ति को मंजूरी दे दी है।

### मधुमेह के उपचार में कारगर औषधीय अणु की खोज की

**नई दिल्ली।** मंडी स्थित भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) के अनुसंधानकर्ताओं ने एक ऐसे औषधीय अणु की खोज की है जो अग्न्याशय को इंसुलिन का स्राव करने मे सक्षम बना सकता है और संभावित रूप से इसे मधुमेह के उपचार के लिए गोली या कैप्सूल के रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है। अनुसंधानकर्ताओं की टीम के अनुसार, इस अणु का नाम पीके-2 है और अनुसंधान का निष्कर्ष जर्नल ऑफ बायोलॉजिकल केमिस्ट्री में प्रकाशित हुआ है।

### हार्दिक ने ट्विटर प्रोफाइल से कांग्रेस का चुनाव चिह्न हटाया

**अहमदाबाद।** कांग्रेस की गुजरात इकाई के कार्यकारी अध्यक्ष हार्दिक पटेल ने इस साल के अंत में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले पार्टी छोड़ने की अटकलों के बीच सोमवार को अपने ट्विटर प्रोफाइल से अपना पदनाम और पार्टी का चुनाव चिह्न हाथ हटा दिया। पटेल ने कुछ दिन पहले पार्टी के राज्य नेतृत्व की कार्यशैली को लेकर नाखुशी जताई थी। गुजरात में नौकरियों और शिक्षा में आरक्षण के लिए पाटीदार समुदाय के आंदोलन की अगुवाई करने वाले पटेल ने ट्विटर पर अपने नए प्रोफाइल में खुद को गौरवान्वित भारतीय देशभक्त बताया है।

# शाह ने कोयला, बिजली और रेल मंत्रियों के साथ की समीक्षा बैठक

**बिजली संकट**

**भाषा।** नई दिल्ली

**केंद्रीय** गृह मंत्री अमित शाह ने देश के कई हिस्सों में बिजली कटौती के बीच सोमवार को कोयला, बिजली और रेल मंत्रालयों के शीर्ष अधिकारियों के साथ बैठक की। सूत्रों के अनुसार इस बैठक में कोयला मंत्री प्रह्लाद जोशी, बिजली मंत्री आर के सिंह सहित संबद्ध मंत्रालयों के वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल हुए। सूत्रों ने पीटीआई-भाषा को बताया कि बैठक के दौरान शाह ने अन्य मुद्दों समेत बिजली उत्पादन संयंत्रों को कोयला आपूर्ति की समीक्षा की।

केंद्रीय गृह मंत्रालय केंद्र और राज्यों के बीच कई मुद्दों पर समवन्य का काम करता है। देश के कई राज्य पिछले सप्ताह से बिजली के गंभीर संकट का सामना कर रहे हैं। ऐसे में ताप बिजलीघरों को कोयले की आपूर्ति बढ़ाने के प्रयास लगातार जारी हैं। ताजा आंकड़ों के अनुसार, एक मई तक केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण (सीईए) की निगरानी वाले 164



गीगावॉट की कुल उत्पादन क्षमता के 147 नॉन-पिटहेड (कोयले खानों से दूर स्थित) ताप बिजली संयंत्रों में कोयले का भंडार मानक या सामान्य स्तर का 26 प्रतिशत था। आंकड़ों के अनुसार, रविवार तक कोयला खानों से दूर स्थित बिजली संयंत्रों के पास 57,236 हजार टन के मानक स्तर के मुकाबले 14,664 हजार टन कोयले का भंडार था। नॉन-पिटहेड ताप बिजलीघर कोयलों खानों से काफी दूर होते हैं और इन संयंत्रों में कोयला भंडार काफी महत्व रखता है। राष्ट्रीय ग्रिड परिचालक पावर सिस्टम ऑपरेशन कॉरपोरेशन (पीओएसओसीओ) के आंकड़ों के मुताबिक, (शेष पेज 8)

# प्रशांत किशोर ने बिहार की सक्रिय राजनीति में उतरने के दिए संकेत

**पायनियर समाचार सेवा।** पटना

**चुनावी** रणनीतिकार प्रशांत किशोर ने अपने गृह राज्य बिहार में सक्रिय राजनीति में उतरने का संकेत देकर सोमवार को बिहार की सियासत में सरगर्मी बढ़ा दी। उन्होंने एक ट्वीट में कहा कि मुद्दों को बेहतर तरीके से समझने और जन सुराज के पथ पर बढ़ने के लिए लोकतंत्र के असली मालिकों (जनता) के पास जाने का समय आ गया है। किशोर, जनता दल (यूनाइटेड) में संक्षिप्त अवधि तक रहे थे और हाल में उनके कांग्रेस में शामिल होने की संभावना थी, लेकिन ऐसा नहीं हो सका।

किशोर के पांच मई को संवाददाता सम्मेलन करने की संभावना है, जिसमें वह इन अटकलों के बीच अपने अगले कदम के बारे में बताएंगे कि क्या वह एक राजनीतिक पार्टी गठित करेंगे या महज एक जनसंपर्क अभियान शुरू करेंगे, जैसा कि वह पहले भी कर चुके हैं। उन्होंने ट्वीट में कहा कि लोकतंत्र में एक सार्थक भागीदार बनने और जनहितैषी



- चुनावी रणनीतिकार ने कहा-अब जनता के पास जाने का आ गया समय

नीति को आकार देने के प्रयास में मैंने 10 साल तक उतार-चढ़ाव देखे, अब मैं उस अध्याय को शुरूआत बिहार से पलट रहा हूं, मुद्दों को बेहतर तरीके से समझने और जन सुराज के पथ पर बढ़ने के लिए असली मालिकों-लोगों के पास जाने के वक्त आ गया है।

भारतीय जनता पार्टी से लेकर कांग्रेस और कई क्षेत्रीय दलों तक, विभिन्न विचारधाराओं के राजनीतिक दलों के साथ काम कर चुके चुनाव रणनीतिकार ने 2021 में पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में तृणमूल कांग्रेस को विजयी बनाने में एक अहम भूमिका निभाने के बाद पेशेवर चुनाव सलाहकार के तौर पर काम बंद करने की घोषणा की थी। हमेशा सक्रिय राजनीति में रूचि दिखाने वाले किशोर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पार्टी जद(यू) में 2018 में शामिल हुए थे लेकिन संशोधित नागरिकता अधिनियम (सीएए) जैसे कई मुद्दों पर कुमार के साथ मतभेद होने के चलते उन्हें 2020 में पार्टी से निष्कासित कर दिया गया था। किशोर ने उस वक्त भाजपा विरोधी कड़ा रुख अपनाया था और नीतीश कुमार की आलोचना की थी। वे जद(यू) में किशोर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के पद पर थे।


निष्कासन के तुरंत बाद किशोर ने फरवरी 2020 में एक स्वतंत्र परियोजना बात बिहार की शुरू की थी हालांकि अवधारणा के स्तर पर यह बहुत अस्पष्ट रही। वह हाल में कांग्रेस में शामिल होने के काफी करीब तक पहुंच गए थे लेकिन उनके बीच अंतिम समझौता नहीं हो सका। (शेष पेज 8)

# देश में दो महीने के बाद कोविड-19 सकारात्मकता दर एक फीसदी के पार

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**भारत** में कोविड मामले की सकारात्मकता दर दो महीने के बाद एक बार फिर से एक फीसदी से अधिक हो गई है, वहीं देश में एक दिन में संक्रमण के मामले में भी बढ़ोतरी हुई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के सोमवार को अपडेट किए गए आंकड़ों के अनुसार पिछले 24 घंटों में 3,157 नए मामले आए और 26 लोगों की मौत हुई है। हालांकि सरकारी अधिकारियों ने निकट भविष्य में चौथी लहर से इनकार किया है, फिर भी उन्होंने बच्चों को टीकाकरण पर जोर दिया है। हाल ही में लखनऊ में भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) के निदेशक डॉ. बलराम भार्गव ने कहा कि लोगों में बच्चों के टीकाकरण के प्रति लापरवाह रवैया है क्योंकि पहली और दूसरी कोविड लहर में उनमें कई गंभीर संक्रमण के लक्षण और मौतें नहीं देखी गईं।

इस बीच, सोमवार को रिपोर्ट की गई कोविड केसों में बढ़ोतरी ने देश के कुल कोविड आंकड़ों को 4,30,82,345 मामलों और 5,23,869 मौतों तक पहुंचा दिया है। सक्रिय मामलों की संख्या 24 घंटे के अंतराल में जो सुबह 8 बजे अपडेट किया गया था बढ़कर 408 बढ़कर 19,500 तक पहुंच गई। मंत्रालय ने कहा कि 1.07 फीसदी दैनिक सकारात्मकता दो महीने से अधिक समय के बाद फिर से एक फीसदी से अधिक हो गई। इससे पहले 27 फरवरी को यह 1.11 फीसदी थी। स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार सासाहिक दर 0.70 फीसदी थी। 26 नए लोगों की मौत के साथ मरने वालों की संख्या 5,23,869 हो गई है। (शेष पेज 8)



- पिछले 23 घंटों में 3,157 नए मामले आए और 26 लोगों की हुई मौत

### निर्वाचन आयोग ने खनन पट्टे को लेकर झारखंड के मुख्यमंत्री को नोटिस जारी किया

**नई दिल्ली (भाषा)।** निर्वाचन आयोग ने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को एक नोटिस जारी कर इन आरोपों पर अपना रुख बताने को कहा कि उन्होंने राज्य में एक खनन पट्टा खुद को फायदा पहुंचाने के लिए जारी किया। आरोप साबित हो जाने पर उन्हें राज्य विधानसभा के सदस्य के तौर पर अयोग्य घोषित किया जा सकता है। एक पदाधिकारी ने कहा, आयोग उन्हें इन गंभीर आरोपों पर अपना रुख पेश करने के लिए एक न्यायोचित मौका देना चाहता है। उन्हें नोटिस का जवाब देने के लिए 10 मई तक का समय दिया जाता है। निर्वाचन आयोग को राज्य के राज्यपाल से इस मुद्दे पर एक प्रतिवेदन मिला है। आयोग अपने विचार राज्यपाल को भेजेगा। जन प्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 9ए किसी सरकारी अनुबंध के लिए किसी सांसद या विधायक को अयोग्य करार देने से संबद्ध है। आयोग ने कहा कि नोटिस इस धारा को ध्यान में रखते हुए जारी किया गया हैं।

# विस चुनाव से पहले कर्नाटक कैबिनेट में फेरबदल संभव

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

- मुख्यमंत्री बोम्मई आज बेंगलुरु पहुंच रहे गृहमंत्री अमित शाह से मांग सकते है अनुमति

**अगले** साल विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा के नेतृत्व वाली कर्नाटक सरकार में बड़ा फेरबदल हो सकता है। मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई कैबिनेट में फेरबदल की योजना बना रहे हैं और मंगलवार को बेंगलुरु दौरे पर जा रहे गृहमंत्री अमित शाह से इस बारे में अनुमति मांग सकते हैं। भाजपा यहां कई विवादों का सामना कर रही है जिसमें रिश्वत लेने तथा प्रदेश के मंत्री केएस ईश्वरप्पा द्वारा ठेकेदार को आत्महत्या के लिए उकसाने जैसा आरोप शामिल है। काफी विवाद के बाद ईश्वरप्पा ने पद से इस्तीफा दे दिया था। हाल ही में भाजपा के महासचिव (संगठन) बीएल संतोष के इस बयान के बाद कि, पार्टी नेतृत्व में प्रदेश नेतृत्व में पूरी तरह से बदलाव करने का साहस और माद्दा है, अटकलों का बाजार गर्म है। उन्होंने इस संबंध में दिल्ली और गुजरात के स्थानीय चुनावों का हवाला भी दिया। उन्होंने कहा 'मैं यह नहीं कह रहा हूं यह हर जगह होगा लेकिन भाजपा फैसला करने में सक्षम।आत्मविश्वास और इच्छाशक्ति के जरिये ये फैसले संभव हैं तथा गुजरात में तो मुख्यमंत्री को बदलने के बाद पूरे कैबिनेट को भी बदल दिया गया था। यह किसी शिकायत के कारण नहीं बल्कि पार्टी में नए खून को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से किया गया था।' (शेष पेज 8)

# राहत वाली बारिश से मिलेगी लू से राहत

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

- पश्चिमी विक्षोभ और धूल भरी आंधी ने बढ़ते तापमान पर लगाया ब्रेक
- राष्ट्रीय राजधानी और आसपास के इलाकों में अगले तीन-चार दिन में बारिश के आसार

**राष्ट्रीय** राजधानी दिल्ली और आसपास के क्षेत्रों में पिछले चार दिनों से भयंकर लू और पारा 46 डिग्री तक पहुंचने से परेशान लोगों को सोमवार को गर्मी से थोड़ी राहत मिली है। भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी)के अनुसार सोमवार को अधिकतम तापमान 40.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से दो डिग्री अधिक है। आईएमडी के अनुसार अगले तीन दिनों के दौरान, उत?तर पश्चिम और पूर्वी भारत के अधिकतम तापमान में 2-4 डिग्री सेल्सियस की कमी आने की संभावना है। इस सप्ताह दिल?ली-एनसीआर में अगले छह दिन तक पारा नहीं चढ़ने की भविष?यवाणी है।

सोमवार को पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव में राजधानी में पुरवाई हवा चलने से तापमान में गिरावट देखी गई। सोमवार रात 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से धूल भरी आंधी से रात के तापमान में भी गिरावट आई। एक अधिकारी ने कहा, उत्तर पश्चिमी भारत को प्रभावित करने वाले एक पश्चिमी विक्षोभ के चलते राजधानी में तापमान में 3 से 4 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई है। उन्होंने कहा कि एक और पश्चिमी विक्षोभ की भविष्यवाणी 4 और 5 मई को की गई है। दिल्ली में कम से कम दो से तीन दिनों तक कोई लू चलने की संभावना नहीं है। दिल्ली में छह मई तक पारा 40 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना है। स्काईमेट के उपाध्यक्ष महेश पलावत ने कहा कि दिल्ली से सटे इलाकों में अगले 3-4 दिन गरज या हल्की-फुल्की प्री-मॉनसून बारिश की संभावना है।

मौसम विभाग के अनुमान के मुताबिक, मई का पहला हफ्ता राहत भरा रहेगा। लखनऊ के अमौसी स्थित आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक जेपी गुप्ता ने बताया कि रविवार से शहर समेत प्रदेश के कई जिलों का मौसम बदला है। शहर में मंगलवार और बुधवार बादलों की आवाजाही रहेगी। इस बीच धूल भरी आंधी चलने की संभावना है, हालांकि बारिश का कोई अनुमान नहीं है। (शेष पेज 8)



गर्मी से राहत पाने के लिए सोमवार को जालंधर में एक वाटर पार्क में नहाते लोग

पायनियर
नई दिल्ली, मंगलवार, 3 मई 2022



# यमुना प्राधिकरण 29 गांवों को बनाएगा स्मार्ट

## विकास कार्यों पर खर्च किए जाएंगे 157 करोड़ रुपए

● अथॉरिटी जल्द निकालेगी टेंडर

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

जेवर एयरपोर्ट के पास बसने वाले गांवों पर यमुना प्राधिकरण खास ध्यान दे रहा है। यमुना प्राधिकरण अपने अधीन आने वाले गांवों को स्मार्ट विलेज बनाने की तैयारियों में लगा हुआ है। अब प्राधिकरण द्वारा 29 और गांवों को स्मार्ट विलेज बनाने का फैसला किया है। प्राधिकरण द्वारा इन 29 गांवों की जमीन अधिकृत की गई है। इस साल के अंत तक इन गांवों को 157 करोड़ रुपए खर्च कर विकसित किया जाएगा। साथ ही यह भी ध्यान में रखा जाएगा कि लोगों को सभी तरह की सुविधाएं गांवों के अंदर ही उपलब्ध कराई जा सके।




सात गांव को स्मार्ट विलेज बनाने का काम पिछले साल से ही चल रहा है। जबकि 8 गांव की डीपीआर बन गई है। इसकी टेंडर प्रक्रिया जल्द शुरू होगी ताकि काम शुरू कराया जा सके। यमुना प्राधिकरण के अधीन 96 गांव आते हैं। इनकी संख्या बहुत जल्द बढ़ जाएगी। इनमें से गौतमबुद्धनगर जिले के 29 गांवों की जमीन ली गई है। यमुना प्राधिकरण पहले जमीन लेने वाले गांव की ही सूरत बदलने की तैयारी में जुट गया है। यमुना प्राधिकरण ने इस वित्तीय वर्ष में इन गांव की सूरत बदलने के लिए 157 करोड़ रुपए खर्च करेगा। फंड का प्रावधान बजट में कर दिया गया है। इन गांवों में रामपुर बांगर, अच्छेजा बुजुर्ग, मिर्जापुर, निलोनी शाहपुर, सलारपुर, रुस्तमपुर और डूंगरपुर रीलखा शामिल है। यमुना प्राधिकरण में 8 गांव की डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार करवा ली है। अब इन गांव की टेंडर प्रक्रिया शुरू की जाएगी। जिन गांव की डीपीआर तैयार हुई है, उनमें औरंगपुर, गुनपुरा, अट्टा गुजरान, दनकौर, मूजखेड़ा, खेरली भाव, चपररगढ़ और रौनीजा शामिल है। टेंडर प्रक्रिया पूरी होने के बाद यहां काम शुरू हो जाएगा।

यमुना प्राधिकरण सात और गांवों का चयन करके उनकी डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट बनाएगा। गांव की चयन प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। अधिकारियों की उम्मीद है कि गांव का चयन करने के बाद विशेषज्ञ कंपनी से इन गांव में विकास कार्य कराने के लिए डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट बनवाई जाएगी। डीपीआर बन जाने के बाद इन गांव की टेंडर निकाले जाएंगे ताकि यहां भी काम शुरू हो सके। स्मार्ट विलेज में प्राधिकरण सीवर, सड़क, नाली, पानी आदि का इंतजाम करता है। सामुदायिक केंद्र का निर्माण किया जाता है। इसके अलावा जो जरूरी सुविधाएं हैं उन्हें भी दुरुस्त किया जाता है। एक गांव में 8 से 10 करोड़ रुपये खर्च होते हैं।

गांव वालों से भी चर्चा की जाती है ताकि कोई समस्या रह ना जाए। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण भी अपने अधीन गांव को स्मार्ट विलेज में तब्दील कर रहा है। पहले चरण में 14 गांव को स्मार्ट विलेज बनाने की तैयारी की गई है। मायचा गांव से इस काम की शुरुआत हुई है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों का कहना है कि यह काम तेजी के साथ किया जाएगा। इसमें फंड की किसी तरह की दिक्कत नहीं आएगी। स्मार्ट विलेज बनने से ग्रामीणों को तमाम सुविधाएं मिलेंगी।

# गाजियाबाद के बार में अब नहीं रखे जाएंगे बाउंसर

## आदेश न मानने वालों का होगा लाइसेंस रद्द

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

नोएडा के लास्ट लेमन बार में बाउंसरों और बार मैनेजमेंट की पिटाई से एक युवक की मौत के बाद गौतमबुद्धनगर के सभी बार रेस्टोरेंट में बाउंसरों को रखने पर पाबंदी लगा दी। इसके बाद अब जनपद गाजियाबाद में भी बड़ा एक्शन लिया गया है।

गाजियाबाद में खुले सभी बार में बाउंसरों की एंट्री पर रोक लगा दी गई है। इसके बावजूद किसी बार में बाउंसर मिलने पर लाइसेंस को कैंसिल कर दिया जाएगा। जिला आबकारी विभाग ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिया है।

जिला आबकारी अधिकारी ने बार में बाउंसरों का प्रवेश रोकने के संबंध में सभी बार संचालकों के साथ बैठक कर उन्हें आवश्यक दिशा-निर्देश दे दिए हैं। जिला आबकारी अधिकारी राकेश कुमार सिंह के मुताबिक गाजियाबाद जनपद में कुल 29 बार को लाइसेंस जारी किए गए हैं। उनका कहना है कि बार संचालकों को निर्देश दिए गए हैं कि वह बार में बाउंसर की सेवा नहीं लेंगे।

बार संचालकों से उनके यहां कार्यरत कर्मचारियों का विवरण भी मांगा गया है। यह ब्यौरा सप्ताहभर में उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। जिला आबकारी अधिकारी का कहना है कि यदि किसी भी बार के भीतर बाउंसर मिला तो उसका लाइसेंस तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया जाएगा।

इसके अलावा बार में डीजे, डांस फ्लोर या किसी भी प्रकार के लाउड म्यूजिक पर रोक है। बार में आए ग्राहकों के साथ विनम्र व्यवहार रखने के निर्देश भी दिए गए हैं।

# लापरवाही से बर्बाद हो रहा लाखों लीटर पानी

## आरडब्लूए की शिकायत पर प्राधिकरण ने नहीं की कोई कार्रवाई

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

छोटी-छोटी लापरवाही के चलते शहर में रोजाना लाखों लीटर पानी बर्बाद हो रहा है। कहीं पानी की लाइन फटने तो कहीं पर ओवरहेड टैंक में तकनीकी दिक्कत के चलते पानी बह रहा है। सेक्टर के लोगों ने ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण से मामले की शिकायत की है, लेकिन अभी तक कार्यवाही नहीं हुई है। शहर में पानी के प्रेशर को लेकर आए दिन शिकायत होती रहती है। वहीं, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की तरफ से छोटी-छोटी लापरवाही के चलते रोजाना लाखों लीटर पानी बर्बाद हो रहा है।


डेल्टा-टू सेक्टर में पाइन लाइन फटने से सड़क पर जमा पानी।

डेल्टा-टू सेक्टर में पानी की लाइन फटने से लाखों लीटर पानी बह गया। सामुदायिक केंद्र के पास पानी भर गया। इसके चलते लोगों को आने जाने में भी दिक्कत का सामना करना पड़ा। डेल्टा.टू आरडब्लूए के उपाध्यक्ष मनीष भाटी के मुताबिक सेक्टर में पानी के प्रेशर की समस्या रहती है। इसके साथ ही पानी की लाइन फट गई और लाखों लीटर पानी बह गया। एक तरफ पानी बचाने की बात होती है तो दूसरी तरफ लापरवाही के चलते लाखों लीटर पानी बर्बाद होता है। इस मामले की ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण से शिकायत की गई है, लेकिन अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है। शहर के सेक्टर ईटा.1 में भी लाखों लीटर पानी बह गया। 130 मीटर रोड की तरफ बने ओवरहेड टैंक में हर दूसरे-तीसरे दिन पानी बहता है। यह समस्या कई महीनों से है। सेक्टर की आरडब्ल्यूए के अध्यक्ष दीपक भाटी के मुताबिक कई महीनों से यहां पानी बहता रहता है। प्राधिकरण के अधिकारियों से कई बार शिकायत की गई लेकिन कार्यवाही नहीं हुई।

## ठगी के आरोपी को पुलिस ने दबोचा

**गाजियाबाद।** बैंक में खाता खुलवाकर चेक बुक और एटीएम कार्ड जारी कराकर रुपए निकालने वाले गिरोह के शातिर ठग को साइबर सैल और कविनगर पुलिस ने गिरफ्तार किया। पकड़ा गया आरोपी इतना शातिर है कि पहले लोगों को खाना, कपड़ा और रुपए का लालच देकर उनका खाता खुलवाता था फिर उनकी चेक बुक और एटीएम कार्ड को जारी कराकर अपने पास रख लेता था। फिर बैंक कर्मचारी की मिलीभगत से ऐसे खातों की तलाश करता था, जिसमें रुपए हो और उसके खाते में मोबाइल नंबर अपडेट न हो। खाताधारक की सारी डिटेल निकालने के बाद उसके नाम से चेक बुक जारी कराने के बाद फर्जी हस्ताक्षर से दूसरे खाते में ट्रांसफर कर लेता था।

# नोएडा के रेस्टोरेंट में फिर मारपीट, खाना खाने आए ग्राहकों पर चाकू से वार

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

शहर के सेक्टर 15 में स्थित फूड विला, चाय सुट्टा रेस्टोरेंट मालिक और कर्मचारियों ने खाना खाने आए लोगों के साथ मारपीट की।

आरोप है कि मालिक और कर्मचारियों ने मारपीट के दौरान खाना खाने आए लोगों पर चाकू से वार किया। इस घटना दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। जिनको इलाज के लिए नोएडा के कैलाश अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। जहां पर 2 लोगों की हालत नाजुक बनी हुई है। पीड़ित ने इस मामले में फेस-1 थाने में मुकदमा दर्ज करवाया है।

मिली जानकारी के अनुसार न्यू अशोक नगर दिल्ली के रहने वाले शैलेंद्र पाल बीते शनिवार को अपने दोस्त रोहित निषाद और विशाल गौतम के साथ खाना खाने के लिए सेक्टर-15 में स्थित फूड विला,चाय सुट्टा रेस्टोरेंट में आए थे। रेस्टोरेंट में शैलेंद्र पाल ने कोल्ड कॉफी और शेक आर्डर किया था। जब उन्होंने कोल्ड कॉफी पी तो उसका स्वाद बहुत बुरा लगा। इसके बाद इसकी शिकायत रेस्टोरेंट्स कर्मचारियों की। शैलेंद्र पाल का आरोप है कि शिकायत करने के बाद गलती मानने के बजाय रेस्टोरेंट्स मालिक ने उनके साथ लड़ना शुरू कर दिया और हाथापाई करने लगे।

इस दौरान रेस्टोरेंट के मालिक ने अपने 3-4 कर्मचारियों के साथ मिलकर उन पर जानलेवा हमला किया। जब उसको बचाने के लिए उनके दोनों दोस्त आगे आए तो उनके ऊपर भी चाकू से हमला किया।

## संक्षिप्त समाचार


परीक्षा केंद्र से पेपर देकर बाहर आती छात्राएं।

### बाउंसर ने युवक के सिर पर मारी ईंट

**गाजियाबाद।** वसुंधरा सेक्टर-15 स्थित मॉडल शॉप पर तैनात एक बाउंसर ने ग्रेटर नोएडा के रहने वाले युवक को ईंट मारकर घायल कर दिया। युवक का आरोप है कि उन्होंने सामान खरीदा था, लेकिन जितने रुपये का सामान होना चाहिए था वह कम था। उन्होंने इस मनमाने व्यवहार की शिकायत की तो उनके साथ बाउंसर ने मारपीट कर दी। पीड़ित ने पुलिस से मामले की शिकायत की है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मॉडल शॉप के प्रबंधक को पकड़ लिया है।

### धमकी देकर युवती से दुष्कर्म, रिपोर्ट दर्ज

**गाजियाबाद।** थानाक्षेत्र के एक गांव निवासी युवती के साथ साहिबाबाद निवासी युवक द्वारा दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। युवती की अश्लील वीडियो बनाकर आरोपी डेढ़ साल से ब्लैकमेल कर रहा है। इतना ही नहीं युवती के मंगेतर को भी अश्लील वीडियो भेज दिया जिससे उसका रिश्ता टूट गया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। थानाक्षेत्र एक गांव निवासी एक व्यक्ति की 21 वर्षीय पुत्री कॉलेज में पढ़ाई कर रही है। उनके पड़ोस में रहने वालों के मकान में उनका रिश्तेदार साहिबाबाद निवासी देव कुमार नाम का युवक रहता है। आरोप है कि डेढ़ साल पहले युवक ने युवती के साथ दुष्कर्म किया और अश्लील वीडियो बना ली।

## ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ बने सुरेंद्र सिंह

**नोएडा।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार की देर रात राज्य के प्रशासनिक अमले में बड़ा फेरबदल किया है। इस बदलाव में ग्रेटर नोएडा के मुख्य कार्यपालक अधिकारी नरेंद्र भूषण का स्थानांतरण लखनऊ लोक निर्माण विभाग में बतौर प्रमुख सचिव कर दिया गया है। नरेंद्र भूषण की जगह मेरठ के मंडलायुक्त सुरेंद्र सिंह को ग्रेटर नोएडा भेजा गया है। सुरेंद्र सिंह युवा और तेजतर्रार अफसर हैं। वह लंबे अरसे तक वाराणसी के जिलाधिकारी रहे। उसके बाद उन्हें मेरठ मंडलायुक्त बनाकर भेजा गया था।



सुरेंद्र सिंह मूल रूप से उत्तर प्रदेश के मथुरा जिले के निवासी हैं। वह भारतीय प्रशासनिक सेवा में वर्ष 2005 बैच के अफसर हैं। सिंह ने भारतीय प्रशासनिक सेवा में अपने करियर की शुरुआत मेरठ से की थी। बतौर प्रशिक्षु आईएएस उन्हें मेरठ में असिस्टेंट मजिस्ट्रेट तैनात किया गया था।

# अलग-अलग हादसों में दो की मौत, तीन के शव बरामद

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

जनपद में अलग अलग हादसों में दो लोगों की मौत हो गई जबकि विभिन्न स्थानों से तीन शव बरामद किया गया है। पुलिस ने इसकी जानकारी दी।

पुलिस ने बताया कि नोएडा के कासना थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। उन्होंने बताया कि उसकी पहचान तालवाड़ा गांव के रहने वाले प्रदीप कुमार के रूप मे की गई है। उन्होंने बताया कि मृतक के परिजनों को शक है कि उसने आत्महत्या की है और पुलिस मामले की जांच कर रही है।

उन्होंने बताया कि फेस -3 थाना क्षेत्र के मामूरा गांव में रहने वाले रीवाई (45) शराब के नशे में नाले में गिर गए। उन्होंने बताया कि इसके बाद परिजनों ने उसे गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती करवाया, जहां उसकी मौत हो गई। उन्होंने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार जनपद के अलग अलग स्थानों से तीन अज्ञात लोगों का शव बरामद किया गया है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने तीनों शवों को शिनाख्त के लिए रखवा दिया है और हादसे में मारे गए दोनों लोगों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

पुलिस ने बताया कि बिसरख थाना क्षेत्र के चिपयाना गांव में रहने वाले एक व्यक्ति ने आज दोपहर मानसिक तनाव के चलते पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। उन्होंने बताया कि उसकी पहचान राजेश पाल के रूप में की गई है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच कर रही है।

# चालक को आई नींद, नहर में गिरी कार

## हादसे में एक की मौत और चार की हालत नाजुक

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

सोमवार सुबह ग्रेटर नोएडा में एक बड़ा हादसा हुआ है। सिकंदराबाद निवासी चांद अपनी स्विफ्ट गाड़ी में अन्य 4 लोगों को साथ में लेकर दिल्ली से सिकंदराबाद लौट रहा था। उसी दौरान कोट नहर पुल के पास उसको नींद की झपकी लग गई। जिसकी वजह से गाड़ी अनियंत्रित होकर नहर में गिर गई।



इस हादसे में चांद की नहर में डूबने से मौत हो गई है, जबकि आसपास के लोगों ने पुलिस की मदद से बाकी 4 लोगों को गाड़ी से बाहर निकाला और अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां उनकी हालत खतरे में बताई जा रही है।

दादरी थाना प्रभारी ने बताया कि यह हादसा सोमवार की सुबह 5:00 बजे हुआ है। उन्होंने बताया कि 19 वर्षीय चांद निवासी सिकंदराबाद सोमवार की सुबह अपनी स्विफ्ट गाड़ी में सवार होकर दिल्ली से वापस सिकंदराबाद लौट रहा था। उसके साथ गाड़ी में 21 वर्षीय मोहम्मद साद, 24 वर्षीय सारिम, 18 वर्षीय आसिफ और 18 वर्षीय जीशान भी गाड़ी में वापस सिकंदराबाद की ओर लौट रहे थे। सभी युवक सिकंदराबाद के ही निवासी हैं।

LANDMARK THE HOMES 81 Sector 81, Gurgaon

लैंडमार्क दि होम्ज 81
सैक्टर-81, गुरुग्राम (हरियाणा)

हरियाणा सरकार एफोर्डेबल हाऊसिंग पॉलिसी 2013 के अधीन स्वीकृत परियोजना

अधिसूचना नं. पीएफ-27/48921 तिथि 19.08.2013 तथा इसमें संशोधन (विभाग वैबसाइट अर्थात् www.tcpharyana.gov.in पर उपलब्ध विवरणों) के तहत टाऊन एण्ड कण्ट्री प्लानिंग विभाग, हरियाणा सरकार द्वारा निर्धारित नीति के नियमों और शर्तों के अनुसार, मै एसआरवी आटोमोटिव्स प्राई. लिमि. द्वारा विकसित की जाने वाली प्रस्तावित ''लैंडमार्क दि होम्ज 81'' के नाम पर अफोर्डेबल हाऊसिंग प्रोजेक्ट में 165 रिहायशी अपार्टमैंटों की बुकिंग तथा अलॉटमैंट के लिए आम जनता से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित हैं।

परियोजना विवरण :

| | |
|---|---|
| 1. प्रोजैक्ट आईडी : | 84 |
| 2. कालोनाईजर्स / डिवैल्पर्ज : | मै. एसआरवी आटोमोटिव्स प्राई. लिमि. |
| 3. प्रोजैक्ट अप्रूवल्स : | लाईसैंस नं. 4 ऑफ 2021 तिथि 02.03.2021<br>बिल्डिंग प्लान्स मंजूर तहत मीमो नं. ZP-1466/SD (DK)/2021/12887 तिथि 02.06.2021<br>रेरा रजिस्ट्रेशन नं. 36 ऑफ 2021, तिथि 16.07.2021 |
| 4. स्थान : | सैक्टर 81, गुरुग्राम, हरियाणा |
| 5. परियोजना क्षेत्र : | 5.0 एकड़ सम्मिलित कुल 694 अदद अपार्टमैंट्स जिसमें से शेष / परित्यागे 165 अदद अपार्टमैंट उपलब्ध हैं। 8 अदद अपार्टमैंट्स मैनेजमैंट कोटा के लिए आरक्षित हैं। कम्युनिटी सुविधाएं : एक कम्युनिटी हाल 2046.83 वर्ग फुट तथा एक आंगनबाड़ी एवं क्रैच 2023.63 वर्ग फुट। |
| 6. सुविधाएं : | गेटिड एण्ट्री, सिक्योरिटी पोस्ट, ड्रॉप ऑफ जोन, विशाल पार्किंग,किड्स प्ले एरिया, वाटर बॉडी, बैडमिंटन कोर्ट, लान टैनिस, कमर्शियल कम्पलैक्स। |

7. जनता के लिए अपार्टमैंट्स पेशकश के ब्यौरे :

| यूनिट किस्म | यूनिट कारपैट एरिया @4200 (वर्ग फुट) | यूनिट बॉलकोनी एरिया @1000 (वर्ग फुट) | यूनिट की कुल कीमत (रु.) | ऑनलाइन आवेदन के समय पर (रु.) | यूनिटों की संख्या |
|---|---|---|---|---|---|
| यूनिट-3 (2 बीएचके) - (एमक्यू के अधीन 4 यूनिट्स) | 559.82 | 179.33 | 2451264 | 117562.20 | 61 |
| यूनिट-4 (2 बीएचके) - (एमक्यू के अधीन 4 यूनिट्स) | 566.61 | 124.16 | 2479746 | 118988.10 | 57 |
| यूनिट-6 (1 बीएचके) | 348.04 | 85.34 | 1547121 | 73088.40 | 38 |
| यूनिट-7 (1 बीएचके) | 398.86 | 85.34 | 1760552 | 83760.60 | 9 |

8. लागू जीएसटी तथा सैसिज, लैविज और फीसें आदि यूनिट की उपरोक्त कथित कुल कीमत से अधिक वसूल की जाएगी।
9. अदायगी नियम :
I. ऑनलाइन आवेदन सहित : बुकिंग राशि अर्थात् यूनिट की कुल कीमत का 5%
II. अलॉटमैंट पर : 20% तथा यूनिट की देय किस्त का 12.5% (किस्त अन्य अलॉटी द्वारा देय योग्य राशि के समतुल्य होगी)
III. शेष : कुल देय योग्य राशि का 62.5% पांच छःमाही किस्तों में 2.5 वर्षों की अवधि पर। अदायगी में किसी विफलता पर एचआरईआरए के नियम 15, रूल्ज 2017 में व शर्तें कि पीनल इंट्रस्ट वहन करना होगा।
10. पार्किंग : प्रत्येक अपार्टमैंट के साथ दोपहिया वाहन पार्किंग।
11. अपार्टमैंट की ब्रॉड स्पैसीफिकेशन :
फ्लोरिंग : विट्रीफाइड/सैरेमिक टाइल्स, वाल फिनिश : ऑयल बॉंड डिस्टैम्पर, किचन विवरण : एसएस एकल बाऊल सिंक, ग्रेनाइट टॉप प्लेटफॉर्म, बालकनी, फ्लोरिंग : एंटी स्किड टाइल्स, रेलिंग : एम.एस. स्टील, विंडो / बाहरी दरवाजा : यूपीवीसी / एल्यमीनियम या समकक्ष, डोर : फ्लश डोर्स, बाथरूम, फिटिंग्स : चिनावड़े या समकक्ष, सी.पी. फिटिंग्स : मॉडर्न तथा एलिमैंट, इलैक्ट्रिकल : तारों, स्विचों तथा सर्किटों के लिए आईएसआई चिन्हित उत्पाद।
12. एप्लीकेशन टाइमलाइन्स : आवेदन 02 अप्रैल 2022 से शुरू https://edraw.tcpharyana.gov.in/tcp-dms/home पर रजिस्ट्रेशन द्वारा ऑनलाइन भरे जाएंगे और ऑनलाइन आवेदन फार्म की जमा की अन्तिम तिथि 11 मई 2022 है।
13. योग्यता :
1. कोई भी व्यक्ति आवेदन कर सकता है परन्तु एक निर्दिष्ट कालोनी में एक आवेदक केवल एक आवेदन देगा। 2. कोई भी व्यक्ति आवेदन कर सकता है, हालांकि पीएमएवाई लाभार्थी, जोकि ''प्रधानमंत्री आवास योजना - समूचे प्रोग्राम के लिए हाऊसिंग अलॉटमैंट में प्राथमिकता प्रदान की जाएगी के अधीन शहरी स्थानीय निकास विभाग, हरियाणा द्वारा पहचाने गए, उनके दम्पति सहित या निर्भर बच्चे। प्रथम प्राथमिकता हरियाणा राज्य के अन्य पीएमएवाई लाभार्थियों को कथित टाऊन का अनुसरण करने वाले पहचाने गए लाभार्थियों को दी जाएगी। इसके बाद, शेष फ्लैटों के लिए, व्यक्तियों जो उनके दम्पति सहित या निर्भर बच्चे जो हरियाणा, यू.टी. चंडीगढ़ में शहरी क्षेत्रों की किसी हुडा की डिवैल्पड कालोनी / सैक्टर या किसी लाइसैंसशुदा कालोनी में फ्लैट / प्लाट कोई खुद का नहीं है और एनसीटी दिल्ली को फ्लैटों की अलॉटमैंट में अगली प्राथमिकता दी जाएगी। इस नीति के अधीन कोई सफल आवेदक किसी दूसरी कालोनी में इस नीति के अधीन किसी अन्य फ्लैट की अलॉटमैंट के लिए योग्य नहीं होगा। यदि पुरुष/महिला एक कालोनी से अधिक में सफल रहता है, पुरुष/महिला को केवल एक फ्लैट रखने के लिए चयन करना पड़ेगा। ऐसे सभी आवेदक इस प्रभाव से एक हल्फिया बयान जमा कराएंगे। पैन कार्ड और आधार कार्ड अनिवार्य है।
14. अलॉटमैंट मापदण्ड :
1. अपार्टमैंटों की अलॉटमैंट कमेटी जिसमें डिप्टी कमिश्नर या उसके प्रतिनिधि (हरियाणा सिविल सर्विसिज के कैडर के कम से कम), सीनियर टाऊन प्लानर (सर्कल कार्यालय), जिला के सम्बन्धित डीपीटी और सम्बन्धित कालोनाइजर के प्रतिनिधि की उपस्थिति में ऑनलाइन ड्रा के जरिए की जाएगी। 2. ऑनलाइन ड्रा के लिए तिथि की फिक्सेशन के बाद, एक विज्ञापन तिथि / समय तथा उक्त समाचार-पत्र में ऑनलाइन ड्रा के स्थान सम्बन्धी विवरणों बारे डिवैल्पर सूचनाकार आवेदक द्वारा जारी किया जाएगा जिस में मूल विज्ञापन जारी किया गया था। जांच और अलॉटमैंट के लिए अपनाएं जाने वाले विस्तृत मापदण्ड तथा समय फ्रेम के लिए आवेदक नं. पीएफ-27/48921 तिथि 19.08.2013 (विभाग की वैबसाइट अर्थात्, www.tcpharyana.gov.in पर उपलब्ध) द्वारा नोटिफाइड अफोर्डेबल हाऊसिंग पॉलिसी 2013 में विवरणों का संदर्भ भी ले सकते हैं।
2. इवैंट में खरीदार (ों) किसी बैंक, वित्तीय संस्थान या पुरुष / महिला मालिक से फ्लैट की खरीद की सुविधा के लिए ऋण सुविधा प्राप्त करने के इच्छुक हो डिवैल्पर सुविधा प्राक्रिया देगा परन्तु खरीदार (ों) को ऋण प्रदान करने की इन्कारी या अदायगी में किसी विलम्ब के लिए उत्तरदायी नहीं होगा।

मैसर्ज एसआरवी ऑटोमोटिव्स प्राइवेट लिमिटेड, सीआईएन : U70100DL2005PTC134174
संयुक्त कार्यालय : लैंडमार्क हाऊस, प्लाट नं. 65, सैक्टर 44, गुरुग्राम, हरियाणा - 122003
कृपया सम्पर्क करें - 8929887878

सार्वजनिक सूचना

जन साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती मीना छाबड़ा पत्नी श्री गुलशन छाबड़ा एक आवासीय ऊपरी भूतल, छत के अधिकार के बिना, आवासीय संपत्ति संख्या 33-डी, जिसका क्षेत्रफल 50 वर्ग गज, खसरा नं. 338, ग्राम बिंदापुर के राजस्व एस्टेट के क्षेत्र में ब्लॉक-यू, सुभाष पार्क, उत्तम नगर, नई दिल्ली में स्थित है जो कि श्रीमती गीता और श्री सुभाषिनी को बेचने का इरादा रखते हैं, उपरोक्त संपत्ति हीरो हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड द्वारा बंधक प्रस्तावित है, आगे सूचित हो की (1) श्रीमती प्रोमिला, (2) श्रीमती मधु, (3) श्रीमती कमलेश, (4) श्री हरीश छाबड़ा और (5) श्री गुलशन छाबड़ा के अलावा स्वर्गीय श्री काली दास छाबड़ा जिनकी मृत्यु 07.12.1999 को हुई थी और श्रीमती ईश्वरी देवी पत्नी स्वर्गीय श्री काली दास छाबड़ा की भी मृत्यु 02.01.2008 हो गयी है और के अन्य कोई विधिक उत्तराधिकारी नहीं है व जीवित सदस्य प्रमाण पत्र भी उपलब्ध नहीं है।
यदि किसी व्यक्ति (ओं) को इस संपति में कोई आपत्ति या दावा है, तो हमें इस नोटिस की तारीख से 07 दिनों के भीतर निम्न पते पर संपर्क करें। अगर कोई दावा नहीं आया तो यह माना जाएगा कि किसी का कोई दावा या हक इस प्रॉपर्टी में नहीं है। राघव तिवारी (अधिवक्ता)
830, पटियाला हाउस कोर्ट, नई दिल्ली 110001
Mob.: +91-8076188328

PUBLIC NOTICE

My client **Vishan Kumar** S/o Late Sh. Amir Chand R/o **RZ- 69, extn-2, Gali No. 4, Subhash Park, Uttam Nagar, New Delhi-59,** has disowned / debarred his ounger son and its wife namely, **"Vimal Kumar & Chinky"**, from his movable & immovable properties due to disrespectful, out of control behaviours and he has severed his relation with them for all intents & purposes with immediate effect. Anybody deals with them will do so at his /her/their own risk and responsibility.
Anshul Kumar Aggarwal (Advocate), Shop No-2, S-44, Parampuri Uttam Nagar, New Delhi-59

NAME CHANGE

I, Birendra Singh S/o Dayal Singh have changed my name to Birendra Singh Negi S/o Dayal Singh R/o II RM-50, Sector 2, Rajendra Nagar, Sahibabad, Ghaziabad U.P.–201005. Permanent address: Chamolisain, Chamoli Gaon, Pauri Garhwal, Banghat, Uttarakhand- 246172 for all future purposes.

PUBLIC NOTICE

It is hereby, informed to the General Public that, We Chandralekha Constructions Pvt Ltd, have lost the Original Provisional Allotment Letter No. JGNPKP20S075 dated 24-05-2010 issued by Jaiprakash Associates Limited in respect of Unit bearing No. PKP002S075 plot no. S-75, Kensington park plots-2, Sector-131 Noida project, situated at Jaypee Wishtown, Noida on dated 19-04-2022. Any one finding the said documents is requested to kindly return the same to me or to the Company.
Name: Ramesh Parihar
Address:D-171 Sec.-63, Noida
Phone No.:9810166726
Email id:info@chandralekha.in

PUBLIC NOTICE

It is hereby, informed to the General Public that, We Chandralekha Constructions Pvt Ltd, have lost the Original Provisional Allotment Letter No. JGNPKP20S073 dated 24-05-2010 issued by Jaiprakash Associates Limited in respect of Unit bearing No. PKP002S073 plot no. S-73, Kensington park plots-2, Sector-131 Noida project, situated at Jaypee Wishtown, Noida on dated 19-04-2022. Any one finding the said documents is requested to kindly return the same to me or to the Company.
Name: Ramesh Parihar
Address:D-171 Sec.-63, Noida
Phone No.:9810166726
Email id:info@chandralekha.in

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# कोरोना: एलएनजेपी व जीटीबी में बेड बढ़ाए

● संक्रमण बढ़ने पर हरकत में आई सरकार, सतर्कता बरतने पर जोर



पायरियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

राजधानी दिल्ली में सोमवार को कोविड-19 के 1,076 नए मामले सामने आए, जो एक दिन पहले की तुलना में लगभग 27 प्रतिशत कम है। इस बीच संक्रमण दर बढ़कर 6.42 प्रतिशत हो गई।

अच्छी बात यह है कि पिछले चौबीस घंटे में संक्रमण से किसी भी मरीज की मौत नहीं हुई। इन नए मामलों के साथ, राष्ट्रीय राजधानी में संक्रमितों की कुल संख्या बढ़कर 18,85,636 हो गई है, जबकि मृतक संख्या 26,175 है। इस दौरान बढ़ते संक्रमण दर को देखते हुए दिल्ली सरकार भी हरकत में आ गई है। स्वास्थ्य विभाग ने लोक नायक जयप्रकाश नारायण और गुरु तेग बहादुर अस्पताल में 500 बेड्स बढ़ा दिए हैं। इन दोनों अस्पतालों में कोविड-19 मरीजों के इलाज के लिए अभी 850 बेड आरक्षित हैं, जिसमें से 228 आइसीयू बेड शामिल है। जिनमें से एलएनजेपी अस्पताल में 80 प्रतिशत की वृद्धि की गई है। एलएनजेपी अस्पताल कोविड-19 महामारी के खिलाफ सरकार की लड़ाई का मुख्य केंद्र है। वर्ष 2020 की शुरुआत में यहां महामारी फैलने के बाद यह पहला अस्पताल था जिसे कोविड-19 उपचार केंद्र घोषित किया गया। दिल्ली सरकार के स्वास्थ्य विभाग द्वारा 25 अप्रैल को जारी किए गए एक आदेश के अनुसार, एलएनजेपी अस्पताल में कोविड मरीजों के लिए बिस्तरों की संख्या पहले के 250 बिस्तरों से बढ़ाकर अब 450 कर दी गई है, जबकि गहन चिकित्सा इकाई (आईसीयू) कोविड रोगियों के लिए बिस्तरों की संख्या पहले के 100 से बढ़ाकर 178 कर दी गई है। वहीं, गुरु तेग बहादुर (जीटीबी) अस्पताल में बिस्तरों की संख्या में लगभग 300 प्रतिशत की वृद्धि की गई है। पहले इस अस्पताल में कोविड रोगियों के लिए बिस्तरों की संख्या 100 थी जो अब बढ़ाकर 400 कर दी गई है। अस्पताल में आईसीयू में बिस्तरों की संख्या पहले शून्य थी, लेकिन अब यह 50 कर दी गई है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा सोमवार को जारी आंकड़ों के अनुसार वर्तमान में कोविड-19 के 178 मरीज अस्पतालों में भर्ती हैं तथा 4,490 लोग अपने घरों में ही पृथक-वास में हैं।

# जहांगीरपुरी हिंसा मामले में और दो लोग गिरफ्तार

● अब तक पकड़े जा चुके लोगों की संख्या बढ़कर 32 हुई, जिनमें तीन नाबालिग

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

उत्तर-पश्चिमी दिल्ली के जहांगीरपुरी इलाके में 16 अप्रैल को हनुमान जयंती के अवसर पर निकाले गए एक जुलूस के दौरान हुई सांप्रदायिक हिंसा के मामले में दो और आरोपियों को रविवार रात गिरफ्तार किया है।

आरोपियों की पहचान सलीम चिकना के भाई यूनुस, शेख सलीम के रूप में हुई है। दोनों जहांगीरपुरी के ही रहने वाले हैं। इन दोनों की गिरफ्तारी के साथ जहांगीरपुरी हिंसा के सिलसिले में अब तक पकड़े जा चुके लोगों की संख्या बढ़कर 32 पर पहुंच गई है, जिनमें तीन नाबालिग भी शामिल हैं। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी के मुताबिक, जांच और सीसीटीवी कैमरा की जांच के दौरान पाया गया कि यूनुस भीड़ को तलवारें बांटता नजर आया था, जबकि सलीम उससे तलवारें लेता दिखाई दिया था।

सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस टीम ने दोनों आरोपियों की पहचान की। दोनों आरोपी हिंसा के तुरंत बाद फरार हो गए थे, लेकिन उन्हें रविवार रात जहांगीरपुरी से गिरफ्तार कर लिया गया। यूनुस के खिलाफ एक आपराधिक मामला पहले से भी दर्ज है। जिस दिन हिंसा हुई थी, उस दिन के डिजिटल सबूतों का विश्लेषण करते हुए पुलिस घटना में शामिल लोगों की पहचान कर रही है और निगरानी के तकनीकी स्रोतों का इस्तेमाल करके अपराधियों का पता लगा रही है।

जहांगीरपुरी इलाके में हनुमान जयंती के मौके पर निकाले गए जुलूस के दौरान दो समुदायों के बीच हिंसक झड़प हो गई थी।

हिंसा के कुछ दिनों बाद दिल्ली के पुलिस आयुक्त राकेश अस्थाना ने मामले के मुख्य आरोपी के खिलाफ धन शोधन के आरोपों की जांच के लिए प्रवर्तन निदेशालय को पत्र लिखा था। पांच आरोपियों के खिलाफ सख्त राष्ट्रीय सुरक्षा कानून लगाया है।



फोटो : रंजन डिमरी

चांद रात को जामा मस्जिद इलाके में ईद को लेकर खरीदारी करती महिला।

एन एफ एल NFL
नेशनल फर्टिलाइज़र्स लिमिटेड
(भारत सरकार का उपक्रम)
फोन: 0120-2412294, 2412445, फैक्स: 0120-2412218
ई-प्रापण सूचना
संदर्भ सं.: एनएफएल/सीएमओ/एबीडी/पीडीएम/2022-23/01 दिनांक: 03.05.2022
विभिन्न राज्यों में विपणन हेतु गन्ने के शीरे से निर्मित पोटाश (दानेदार) के प्रापण हेतु संबंधित बोलीदाताओं से निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। विस्तृत विवरण हेतु वेबसाइट: https://etenders.gov.in/eprocure/app (e-tendering) & www.nationalfertilizers.com (होम पेज) देखें। ई-निविदा सं. 2022_NFL_114138_1.
निविदा जमा करने की अंतिम तिथि/तकनीकी दस्तावेज खुलने की तिथि-दिनांक 16.05.2022 को 15.30 बजे/दिनांक 17.05.2022 को 15.30 बजे है। शुद्धिपत्र यदि कोई हो, तो उन्हें केवल हमारी वेबसाइट पर प्रकाशित किया जाएगा।
मुख्य महाप्रबंधक (विपणन)
@NFL_Kisan @nationalfertilizers National Fertilizers Limited

# दिल्ली के सरकारी स्कूलों के बच्चे पढ़ सकेंगे फ्रेंच भाषा

● डीबीएसई ने आईएफआई के साथ किया ज्ञापन समझौते पर हस्ताक्षर

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली स्कूल शिक्षा बोर्ड (डीबीएसई) ने दिल्ली के सरकारी स्कूलों में फ्रेंच भाषा की पढ़ाने के लिए इंस्टीटूट फ्रॉन्से इन एंदे (आईएफआई- भारत में फ्रांसीसी संस्थान) के साथ सोमवार को ज्ञापन समझौता पर हस्ताक्षर किया। इस समझौते पर दिल्ली के उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और भारत में फ्रांस के राजदूत इमैनुएल लेनिन की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए गए।

सिसोदिया ने कहा कि सरकारी स्कूलों में प्रमुख वैश्विक भाषाओं की पढ़ाई शुरू करने के कार्यक्रम के तहत विद्यार्थियों को अब फ्रेंच भाषा पढ़ने का भी विकल्प मिलेगा। फ्रेंच जैसी वैश्विक भाषाओं को शामिल करने से हमारे विद्यार्थियों के लिए विभिन्न क्षेत्रों में करियर के नए विकल्प खुलेंगे तथा वे पेशेवर तौर पर और योग्य बनेंगे। सिसोदिया ने कहा कि वैश्विक भाषा सीखने का अभिप्राय केवल कुशलता प्राप्त करना नहीं है बल्कि यह उस देश की संस्कृति से जुड़ाव भी है। फ्रांसीसी राजदूत लेनिन ने कहा, दिल्ली सरकार शिक्षा के दर्शन को प्रतिबिंबित करती है जो फ्रांस की सरकार करती है। वे सरकारी स्कूलों में पढ़ रहे 15 लाख विद्यार्थियों के लिए अपनी नीतियों और पसंद के मामले में स्पष्ट हैं। दोनों देशों में अन्य साझेदारी में से शिक्षा हमेशा हमारी प्राथमिकता रहेगी। दिल्ली के सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों के लिए फ्रेंच भाषा की पढ़ाई जीवन को बदलने वाला अनुभव होगा।

## दिल्ली में इस साल अब तक डेंगू के 81 मामले आए

**नई दिल्ली।** पिछले एक सप्ताह में डेंगू के पांच नए मामले आए हैं और शहर में इस साल अब तक इस मच्छर जनित रोग से पीड़ित लोगों की संख्या 81 पहुंच गई है। दिल्ली के एक नगर निगम की सोमवार को जारी एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई।

दिल्ली में इस साल 23 अप्रैल तक डेंगू के 76 मामले दर्ज किए गए थे। पांच नए मामले पिछले सप्ताह आए और इस साल अब तक डेंगू के कम से कम 81 मामले दर्ज किए गए हैं। इसमें कहा गया है कि अब तक इस बीमारी से किसी की मृत्यु नहीं हुई है। दिल्ली में जनवरी में डेंगू के 23 मामले दर्ज किए गए थे, वहीं फरवरी में 16 और मार्च में 22 मामले आए। एक जनवरी से 30 अप्रैल तक की अवधि में 2021 में डेंगू के 17 मामले, 2020 में 13 मामले, 2019 में आठ मामले, 2018 में 12 मामले आए।

## आभूषण की दुकान में लूट के आरोप में पांच गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली के नेब सराय में फरवरी के दौरान आभूषण की एक दुकान में लूटपाट करने के आरोप में पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है जो कि मध्य प्रदेश के एक आपराधिक गिरोह के सदस्य हैं।

पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार लोगों की पहचान धर्म पारदी (37), सब्बित (22), बादशाह पारदी (22), धर्म पारदी (30) और पिट्टू पारदी (35) के रूप में हुई है जोकि पारदी गिरोह से संबंध रखते हैं। पुलिस उपायुक्त बेनिता मैरी जयकर ने कहा कि पुलिस ने सीसीटीवी के फुटेज खंगाले, जिसके बाद लूट के मामले में पारदी गिरोह का हाथ होने का पता चला। गिरोह के सदस्यों द्वारा नेब सराय और संगम विहार इलाके में वारदात को अंजाम देने की सूचना मिलने के बाद इन्हें संगम विहार इलाके से धरदबोचा गया।

# वृक्ष प्रत्यारोपण नीति के प्रति सरकार सख्त

● सरकार ने सभी विभागों से उनके द्वारा उखाड़े गए पेड़ों को दूसरी जगह लगाए जाने पर 13 मई तक मांगी रिपोर्ट


पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

वृक्ष प्रत्यारोपण नीति को लेकर केजरीवाल सरकार सख्त हो गई है। राज्य सरकार ने सरकारी एजेंसियों और विभागों से राजधानी में विकास कार्यो के लिए उनके द्वारा उखाड़े गए पेड़ों को दूसरी जगह लगाए जाने पर 13 मई तक विस्तृत रिपोर्ट देने को कहा है। पर्यावरण मंत्रालय ने वन विभाग से भी शहर में पिछले कुछ साल में अनेक विभागों और एजेंसियों द्वारा किए गए वृक्ष प्रतिरोपण का स्वतंत्र ऑडिट करने को कहा गया है। वन विभाग की 25 टीमें, विभागों द्वारा प्रत्यारोपित पेड़ों का ऑडिट करेंगी।

वन एवं पर्यावरण मंत्री गोपाल राय की अध्यक्षता में सोमवार को वृक्ष प्रत्यारोपण नीति को लेकर सभी सम्बंधित विभागों एवं इनपैनल एजेंसियों के साथ उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। इस बैठक में वन एवं वन्यजीव, एमसीडी, दिल्ली जल बोर्ड, डीएमआरसी, पीडब्लूडी, डीएसआईआईडीसी के अधिकारी एवं इससे संबंधित इमपैनल एजेंसी के प्रतिनिधि शामिल रहें।

पर्यावरण मंत्री सभी विभागों को 13 मई तक वृक्ष प्रत्यारोपण को लेकर वीडियो रिकॉर्डिंग के साथ विस्तृत रिपोर्ट विभाग में जमा करने के निर्देश दिए है। वन विभाग इस संदर्भ में 25 टीमों का गठन करेगी जो विभागों द्वारा की गई वृक्षप्रत्यारोपण का अलग से ऑडिट करेगी।

गोपाल राय ने बताया कि पहले विकास कार्य के लिए पौधों की कटिंग होती थी और उसके जगह पर नए पौधे लगाए जाते थे।



पायनियर
नई दिल्ली, मंगलवार, 3 मई, 2022



# सुरुचि परिवार ने आयोजित की संवाद विचार गोष्ठी

## जीवन का उद्देश्य विषय पर वक्ताओं ने रखे विचार

**गुरुग्राम।** सुरुचि साहित्य कला परिवार के तत्वावधान में विचार गोष्ठी-संवाद का आयोजन किया गया, जिसका विषय था जीवन का उद्देश्य। इस गोष्ठी में इस विषय पर चिन्तन किया गया। पूर्व आयुक्त कुलबीर सिंह मलिक की अध्यक्षता में हुई गोष्ठी में 12 वक्ताओं ने अपने विचार रखे।

संयोजक मदन साहनी ने कहा कि जीवन जीने का एक उद्देश्य होता है, जिसकी प्राप्ति के लिए मनुष्य समय समय पर लक्ष्य निर्धारित करता है। प्राय: लोग मोक्ष प्राप्त करना, बेहतर इन्सान बनना, आनन्द प्राप्त करना, परहित जीना जैसे उद्देश्य निश्चित करते हैं। जीवन का उद्देश्य अपनी चाहत से जीना और चाहत को पाने की यात्रा है। इसके बाद शशांक शर्मा ने कहा कि उद्देश्य काल और परिस्थिति जन्य होते हैं और उनमें परिवर्तन होते रहते हैं। तत्पश्चात् नरेंद्र खामोश के विचार से जीवन का उद्देश्य आत्म सन्तोष की स्थिति प्राप्त करना होता है। नरोत्तम शर्मा का कहना था कि हमें यह नहीं सोचना चाहिए कि हमें क्या मिला, अपितु अधिक महत्वपूर्ण है कि हमने क्या किया और क्या दिया है।

सुरुचि परिवार के अध्यक्ष डॉ. धनीराम अग्रवाल ने कहा कि कि जीवन में सकारात्मक सोच और आत्मविश्वास का महत्व है, तो विनय माही ने कहा जीवन का अन्तिम लक्ष्य खुशी पाना ही होता है।

# एम्स में पांच साल की बच्ची के चार अंग किए दान

## ब्रेन डेड बच्ची के लीवर, किडनी व दोनों कॉर्निया किए दान

## एम्स में इतनी कम उम्र में पहली बार हुए हैं अंग दान

## परिजनों की अंगदान के लिए की गई काउंसिलिंग

**संजय कुमार मेहरा।** गुरुग्राम/नई दिल्ली

**अखिल** भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में मात्र पांच साल की बच्ची रोली के चार अंगों का दान हुआ है। बच्ची को एम्स के ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया था, जिसे चिकित्सकों ने ब्रेन डेड घोषित कर दिया। बच्ची के परिजन ने काउंसिलिंग के बाद अपनी दिवंगत बच्ची के अंगों को दान करने पर सहमति जताई।

पांच वर्षीय बच्ची रोली के सिर में बंदूक से गोली लगी थी। बीती 28 अप्रैल की सुबह बच्ची रोली को ट्रॉमा सेंटर के न्यूरो सर्जरी विभाग में भर्ती कराया गया। इसके बाद उसकी जरूर जांच की गई। सिटी स्कैन की रिपोर्ट में पता चला कि बच्ची के सिर में ही गोली लगी है। इससे उसका ब्रेन डेड हो गया है। बच्ची को आईसीयू में भी भर्ती किया गया। वहां 12 घंटे तक उस पर नजर रखी गई। रोली के शरीर से किसी भी तरह की हरकत नहीं होने की सूरत में उसे अगले दिन मृत घोषित कर दिया गया। बच्ची के बाकी अंग सुरक्षित थे। किसी तरह से प्रभावित



पांच वर्षीय बच्ची रोली। फाइल फोटो।

नहीं हुए थे, ऐसे में बच्ची रोली के पिता हरनारायण प्रजापति की चिकित्सकों ने पहले काउंसिलिंग की। उनके दुख में शरीक होकर उन्हें सांत्वना दी गई। अंगदान के बारे में उन्हें विस्तार से बताया गया। इससे पहले वे अंगदान से अनजान थे। उन्हें कहा गया कि अगर वे रोली के अंगदान करें तो दूसरे बच्चों को जीवन दान मिल सकता है। परिजनों ने इस पर सहमति जताई। उनकी सहमति मिलने के बाद बच्ची के अंग निकालने की प्रक्रिया शुरू की गई। इस मामले में चिकित्सकों का कहना है कि एम्स के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है कि मात्र 5 साल की बच्ची के ब्रेन डेड होने पर अंगदान हुए हैं। इन अंगों से उन बच्चों में जीने की उम्मीद जगी है, जिनके किसी न किसी बीमारी से अंग प्रभावित हो रहे हैं। ट्रॉमा सेंटर न्यूरो सर्जरी विभाग के प्रोफेसर डॉ. दीपक गुप्ता ने बताया कि बच्ची का लीवर ट्रांसप्लांट लखनऊ के 7 साल के एक बच्चे में किया जाएगा। वह इस समय दिल्ली के एक अस्पताल में भर्ती है। किडनी को एक अन्य बच्चे में ट्रांसप्लांट किया जाएगा। दोनों कॉर्निया दो अन्य बच्चों को लगाया जाएगा।

# संक्षिप्त समाचार

## नागरिक अस्पताल में एनीमिया मुक्त भारत सप्ताह अभियान



**सोहना।** सोहना के नागरिक अस्पताल में एनीमिया मुक्त भारत सप्ताह अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग की टीम घर-घर जाकर जांच कर रही है। स्वास्थ्य विभाग की टीम एक दिन में दो वार्ड में रहने वाले बच्चों से लेकर पुरुष और महिलाओं की जांच कर रही है। नागरिक अस्पताल में तैनात डॉक्टर सुनीता ने बताया कि देश में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर अनिमिया मुक्त भारत सप्ताह अभियान की शुरुआत रविवार से की गई। नागरिक अस्पताल ने अभियान की शुरुआत करते हुए दो टीमों का गंठन करके वार्डों में जांच के लिए भेज रहे हैं। एक दिन में शहरी क्षेत्र में नगर परिषद के दो वार्डों में रहने वाले नागरिकों की एनीमिया जांच होगी। इस अभियान में गर्भवती व बच्चा को दूध पिलाने वाली महिलाओं को जरुरत के अनुसार फ्री खून चढ़ाया जाएगा। यह अभियान शनिवार तक जारी रहेगा। जिसमें हजारों नागरिकों की घर-घर जाकर खून व खून की कमी से होने वाले रोगों की जांच की जाएगी। एनीमिया मुक्त भारत अभियान को सात अलग-अलग चरणों में चलाया जा रहा है। जिसमें 6 माह से लेकर 5 वर्ष की उम्र वाले बच्चे, 6 से 9 वर्ष, 10 से 19 वर्ष सामान्य वर्ग तथा 15 से 45 उम्र वाली महिलाएं, गर्भवती व बच्चों को दूध पिलाने वाली महिलाओं की जांच विशेष रूप से होगी। इसके अलावा वृद्ध नागरिकों को भी शामिल किया है।

## सात मई तक मनेगा एनीमिया उन्मूलन सप्ताह : उपायुक्त

**नूंह।** उपायुक्त अजय कुमार ने कहा कि आजादी अमृत महोत्सव की श्रृंखला में हरियाणा सरकार द्वारा आगामी 7 मई 2022 तक प्रदेशभर में एनीमिया उन्मूलन सप्ताह मनाया जा रहा है जिसके तहत इलाज के लिए अस्पतालों में आने वाले सभी मरीजों का हीमोग्लोबिन (एचबी) का परीक्षण किया जाएगा। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस अभियान के तहत जिला में समन्वित एनीमिया कम करने के लिए टी-थ्री रणनीति यानी टेस्ट, ट्रीट और टॉक अपनाएं। स्वास्थ्य विभाग की ओर से जारी शेडयूल के बारे में उपायुक्त ने बताया कि इस अभियान के तहत उन सभी रोगियों के एचबी का परीक्षण किया जा रहा है जो किसी भी तरह के इलाज के लिए अस्पताल में आते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे सभी रोगियों विशेष रूप से महिलाओं के एचबी की जांच शत-प्रतिशत की जाएगी। रोगी को उनके एचबी स्तर के अनुसार रोगनिरोधी और चिकित्सीय उपचार दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी सभी स्वास्थ्य सुविधाओं पर एचबी परीक्षण सामान, उपभोग्य सामग्रियों, आईएफए (आयरन फोलिक एसिड) टैबलेट स्टॉक की उपलब्धता सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने बताया कि सरकार की ओर से एनीमिया-ट्रैकिंग ऐप विकसित किया गया है जिसमें एचबी परीक्षण की जानकारी वास्तविक समय के आधार पर अपलोड की जानी है और इसमें रोगी की जानकारी एकत्रित की जाएगी। इस ऐप से जिला में हो रहे कार्य की मुख्यालय स्तर पर निगरानी की जा सकती है। उपायुक्त ने कहा कि एनीमिया उन्मूलन सप्ताह के दौरान व्यापक सेवा वितरण पैकेज सुनिश्चित किया जाएगा। जिसमें एचबी परीक्षण और उपचार, रोगनिरोधी आईएफए पूरकता और आहार विविधीकरण और आयरन वाले भोजन को बढ़ावा देना शामिल है। उन्होंने बताया कि इसके बाद एनीमिया उन्मूलन सप्ताह अगस्त, नवंबर और फरवरी 2023 के महीने की 1 से 7 तारीख तक त्रैमासिक रूप से मनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि लक्षित लाभार्थी 6 से 59 महीने के बच्चे, 5 से 9 साल के बच्चे, 10 से 19 साल के किशोर, प्रजनन आयु वर्ग की महिलाएं, गर्भवती महिलाएं और स्तनपान कराने वाली महिलाएं हैं। उन्होंने कहा कि इस अभियान के तहत मलेरिया, हीमोग्लोबिनोपैथी और फ्लोरोसिस पर विशेष ध्यान देने के साथ स्थानिक क्षेत्रों में एनीमिया के गैर-पोषक कारणों के बारे में जागरूकता, जांच और उपचार को तेज करना है।

## ग्राम दर्शन पोर्टल : विकास कार्यों में ग्रामीणों की होगी भागीदारी

**नूंह।** उपायुक्त अजय कुमार ने बताया कि हरियाणा में ग्रामीण क्षेत्र के विकास कार्यों में ग्रामीणों की सीधी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए सरकार की ओर से ग्राम दर्शन पोर्टल शुरू किया गया है। इस पोर्टल में विकास कार्यों संबंधी कोई भी प्रस्ताव सीधे सरकार को दिया जा सकता है। साथ ही लोग गांव के विकास कार्य संबंधित शिकायत भी इसमें दे सकते हैं। केवल वही आवेदक इस पोर्टल पर शिकायत दर्ज कर सकेगा, जिसका परिवार पहचान पत्र होगा। उपायुक्त ने बताया कि ग्रामीण विकास के संदर्भ में अगर विकास कार्यों से जुड़ी कोई शिकायत है या फिर कोई सुझाव देना है तो किसी कार्यालय के चक्कर काटने की और अन्य कहीं जाने की जरूरत नहीं। लैपटॉप या मोबाइल उठाइए और ग्राम दर्शन पोर्टल खोलिए। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ने ग्रामीणों के विकास कार्यों संबंधी सुझाव और शिकायतों के लिए ऑनलाइन पोर्टल ग्राम दर्शन लांच किया है। ग्रामीणों की विकास कार्यों में सीधी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए सरकार द्वारा यह पोर्टल लांच किया गया है। ग्रामीणों द्वारा दिए गए सुझावों के आधार पर भविष्य की विकास योजनाओं का खाका भी तैयार किया जा रहा है। उपायुक्त अजय कुमार ने बताया कि ग्रामीणों द्वारा ग्राम दर्शन पोर्टल पर की जाने वाली शिकायतों को सीएम विंडो के साथ लिंक किया गया है ताकि शिकायतों का दोहराव न हो। ग्राम दर्शन पोर्टल पर कोई भी व्यक्ति केवल अपने स्थाई निवास के गांव, जो परिवार पहचान पत्र में दर्ज हो, के संबंध में ही शिकायत या सुझाव दे सकता है। ग्रामीणों द्वारा दिए गए सुझाव सभी जनप्रतिनिधियों को उनके अधिकार क्षेत्र के ही सुझाव डैशबोर्ड पर दिखाई देंगे, जिन्हें संबंधित जनप्रतिनिधि संस्तुति के साथ आगे बढ़ा सकेंगे। उपायुक्त ने बताया कि पोर्टल पर सुझाव या शिकायत दर्ज करते ही एक आईडी जेनरेट होगी, जो आवेदक को एसएमएस के माध्यम से मिलेगी।

# सरपंच सुंदर लाल को केंद्रीय मंत्री ने किया सम्मानित

## कोरोना काल में किए गए कार्यों को लेकर की सराहना

## समाजसेवा में लगातार सक्रिय रहते हैं सुंदर लाल यादव

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम

**समाजसेवी** के रूप में अपनी पहचान बनाने वाले सुंदर लाल यादव को जनता ने सरपंच के रूप में अपना प्रतिनिधि बनाया। अक्सर लोग कुर्सी मिलने पर समाजसेवा को भूल जाते हैं, लेकिन सुंदर लाल यादव ने सरपंच बनाकर और भी जोश व जिम्मेदारी के साथ काम किया।

कोरोना महामारी के समय में उनके द्वारा किए गए कार्यों को भी नहीं भुलाया जा सकता। इन कार्यों की बदौलत ही केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने उन्हें यहां एक



सरपंच सुंदर लाल यादव को सम्मानित करते केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल।

कार्यक्रम में सम्मानित किया। सरपंच सुंदर लाल यादव के कार्यों का जब यहां मंच से बखान किया गया तो मुख्य अतिथि केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल काफी प्रभावित हुए। सुंदर लाल के रूप में युवा नेतृत्व को उन्होंने आशीर्वाद भी दिया और भविष्य में ऐसे ही कार्य करते रहने को प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि इस आपदा के समय में जिस किसी भी व्यक्ति ने खुद की परवाह ना करके दूसरों का जीवन बचाया है। दूसरों को सहायता दी है, वे सभी सदा सम्मानित रहेंगे।

अपने सम्मान पर सरपंच सुंदर लाल यादव ने कहा कि पार्टी के वरिष्ठ नेता और केंद्र में राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल के हाथों सम्मान पाकर वे गौरवान्वित हैं। उनके द्वारा दिए गए मार्गदर्शन को वे सदा मानते हुए जनहित के काम करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधि के रूप में हो या कार्यकर्ता के रूप में हो, वे जनता के हित के कार्यों के लिए सदैव तैयार रहते हैं।

उनका मानना है कि कोई भी व्यक्ति एक उम्मीद के साथ जिम्मेदारी व्यक्ति से मिलता है। जहां तक संभव हो उसकी उम्मीद नहीं टूटनी चाहिए। उनका भी यही प्रयास रहता है कि वे सभी की उम्मीदों पर खरे उतरें। सरपंच सुंदर लाल यादव के केंद्रीय मंत्री द्वारा किए गए सम्मान पर ग्रामीणों, कार्यकर्ताओं ने खुशी जाहिर की है। वहीं इस सम्मान का श्रेय सुंदर लाल ने विधायक सत्यप्रकाश जरावता को दिया है। उनके मार्गदर्शन में ही वे समाजसेवा के क्षेत्र में कार्य करते हैं।

# स्कूल बस और टैक्टर-ट्राली भिड़े बस चालक की मौत

**सोहना।** गुरुग्राम-सोहना मार्ग पर जीडी गोयनका वल्ड स्कूल बस और ट्रैक्टर-ट्राली की भिंड़त में बस चालक की मौत तथा कंडक्टर घायल। घायल कंडक्टर गुरुग्राम के अस्पताल में दाखिल कराया गया है। सोहना पुलिस मामले की जांच जुट गई है।

सोमवार की सुबह समय करीब 8 बजे जीडी गोयनका वल्ड स्कूल की बस विद्यार्थियों को गुरुग्राम की तरफ से सोहना की तरफ आ रही थी। एलीवेटेड मार्ग के साथ बना सर्विस रोड पर बस चल रही थी। सर्विस मार्ग पर स्कूल के सामने एलीवेटेड और सर्विस मार्ग के बीच बना डिवाइडर के साथ-साथ ट्रैक्टर-ट्राला आगे चल रहा था। बस चालक रामहरी ने अपनी साइड से ट्रैक्टर के पीछे लगी ट्राला में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे बस के चालक साइड में ट्राली का कोना अंदर घुस गया। इस हादसे में बस चालक रामहरी के दोनों पैर बुरी तरफ से क्षतिग्रस्त हो गए। बस का चालक साइड का हिस्सा पूरी तरफ से समाप्त हो गया। चालक की दूसरी तरफ बैठे कंडक्अर राहुल को भी चोटें लगीं। लेकिन बस में सवार स्कूली विद्यार्थी समेत एक शिक्षका भी सुरक्षित बच गए।

# सदर बाजार को अतिक्रमण मुक्त बनाने के लिए अभियान जारी

## पीपल फॉर स्ट्रीट चैलेंज के तहत गुरुग्राम के सबसे प्राचीनतम सदर बाजार को चुना

## बाजार को अतिक्रमण मुक्त बनाकर पैडेस्ट्रियन फ्री बनाया जाएगा

**गुरुग्राम।** केन्द्रीय आवासन एवं शहरी मामलों के मंत्रालय की पहल पीपल फॉर स्ट्रीट चैलेंज के तहत गुरुग्राम के सबसे प्राचीनतम सदर बाजार का चुनाव किया हुआ है। इसके तहत बाजार को अतिक्रमण मुक्त बनाकर इसे पैडेस्ट्रियन फ्री बनाने की दिशा में तेजी से कार्य किया जा रहा है। इसके तहत बाजार में पैडेस्ट्रियन फ्रेंडली ट्रायल भी किया जा चुका है।

बाजार को अतिक्रमण मुक्त बनाने के लिए नगर निगम द्वारा पिछले काफी दिनों से लगातार अभियान चलाया हुआ है। अभियान के तहत बाजार की सभी गलियों में



गुरुग्राम में अतिक्रमण हटाते निगमकर्मी।

दुकानों के बाहर रखे गए सामान, रेहड़ी-पटरी, टपरी आदि को हटाया जा रहा है। जोन-2 क्षेत्र की इनफोर्समेंट टीम पुलिस बल के साथ सप्ताह के सातों दिन अतिक्रमण के खिलाफकार्रवाई कर रही है। हालांकि कुछ अतिक्रमण करने वालों के विरोध को देखते हुए अब इनफोर्समेंट टीमों के साथ पुलिस बल को भी तैनात किया गया है।

नगर निगम आयुक्त मुकेश कुमार आहुजा के अनुसार बाजार में ग्राहकों की आवाजाही अधिक होती है तथा अतिक्रमण के कारण बाजार के सभी रास्ते तंग हो जाते हैं। इससे लोगों को आने-जाने में काफी परेशानी होती है। बाजार के दुकानदारों को पूर्व में कई बार मुनादी करवाकर अतिक्रमण नहीं करने के लिए आगाह किया गया है।

# क्या आपने साथी के खर्राटों से रात भर परेशान रहते हैं?

## क्या आप जानते हैं इन कारणों से ये हो सकता है खतरनाक

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

**आप** सदैव थके हुए जाग सकते हैं या आपकी निद्रा अपूर्ण रह सकती है या फिर आप गुणवत्तापूर्ण निद्रा नहीं ले पा रहे हैं। आपका साथी हर समय थका हुआ जाग सकता है क्योंकि वह पूर्ण विश्राम प्राप्त नहीं कर पा रहा है (शायद इसका का कारण उसे चुप कराने के लिए बार-बार कोहनी का आघात करना भी हो सकता है)।

डॉ प्रियदर्शी जितेन्द्र कुमार, कंसलटेंट रेस्पिरेटरी, क्रिटिकल केयर, स्लीप स्पेशलिस्ट, जेपी हॉस्पिटल, नोएडा ने बताया यदि आपका साथी इस मुद्दे को गंभीरता से नहीं लेता है या समाधान खोजने का प्रयास नहीं करता है तो ऐसे में दोनों पक्षों में आक्रोश उत्पन्न हो सकता है। आपको अपने साथी के प्रकरण में दीर्घावधि से जारी निद्रा प्रवृत्ति, स्थिति या क्रम के संदर्भ में गम्भीरता से विचार करना होगा। इस स्थिति में उसका एक विशेषज्ञ से परीक्षण कराएं। जिससे अपूर्ण निद्रा का समुचित अध्ययन हो तथा खर्राटों की गम्भीरता ज्ञात हो सके। इसके समस्या की वृद्धि का एक अन्य कारण ये भी है कि अधिकांश लोग निद्रा सबंधी विशेषज्ञों की तुलना में पहले समस्या में वैवाहिक परामर्शदाता अथवा फिजियन से संपर्क करना बेहतर समझते हैं। जबकि इसका निदान सर्वप्रथम घर से प्रारम्भ करना सर्वोत्तम है।



खर्राटों के पीछे का विज्ञान स्लीप एपनिया के तहत प्रमुख रूप से कैस्केड की समस्या है। स्लीप एपनिया तब होता है जब आपका गला बंद हो जाता है और सांस रुक जाती है और रात भर बार-बार शुरू होती है। यह संभावित रूप से गंभीर नींद और स्वास्थ्य की स्थिति है, हालांकि हल्के से लेकर यह खतरनाक सीमा तक होती है।

प्राथमिक खर्राटे बिना किसी एपनिया, या सांस की समाप्ति के क्लासिक लाउड अपर एयरवे ब्रीदिंग साउंड हैं। पहले स्लीप एपनिया के लक्षण देखें। इसका उन्मूलन करने या निदान प्राप्त करने का प्रयास करें, क्योंकि जब आप जानते हैं कि आप किसके साथ काम कर रहे हैं, तो आगे बढ़ना आसान होगा।

# अमेजन.इन पर 4 मई, 2022 से शुरू होगी समर सेल

## आज तक सभी ग्राहकों को मिलेंगी काउंटडाउन डील्स

**पायनियर समाचार सेवा।** दिल्ली

**भारत** में गर्मियों का मौसम शुरू हो चुका है। इसी के साथ, अमेज़न.इन 04 मई, 2022 से अपनी समर सेल लेकर आया है। इस समर सेल में, ग्राहक वनप्लस एलजी, इंटेल, टेक्नो, फुजित्सू, रेनी और शुगर जैसे ब्रांडों पर बड़ी बचत कर सकते हैं।

अमेजन पहली बार काउंटडाउन डील भी पेश कर रहा है जो सभी ग्राहकों के लिए खुली होगी। यहां उन्हें 3 मई तक विभिन्न श्रेणियों में उत्पादों की एक विस्तृत श्रृंखला के चुनिंदा ऑफर तक अर्ली एक्सेस मिलेगा। ये ऑफर रीयलमी, ऐप्पल, सैमसंग, ओप्पो, बोट, नॉइज, फॉसिल, फास्ट्रैक, टाइमेक्स, अमेरिकन टूरिस्टर, सफारी, स्काईबैग्स, यूरेका फोर्ब्स, फिलिप्स, हीरो साइकिल आदि जैसे ब्रांडों पर उपलब्ध होंगे। इस सेल में ग्राहक और भी अधिक




बचत कर सकते हैं और किफायती फाइनेंस विकल्पों की एक विस्तृत श्रृंखला के विकल्प जैसे कि आईसीआईसीआई बैंक, कोटक और आरबीएल क्रेडिट/डेबिट कार्ड, क्रेडिट/डेबिट ईएमआई लेनदेन पर 10 फीसदी इंस्टैंट बैंक डिस्काउंट; डेबिट और क्रेडिट कार्ड और बजाज फिनसर्व पर नो-कॉस्ट ईएमआई, एक्सचेंज ऑफर, चुनिंदा क्रेडिट/डेबिट कार्ड से रोमांचक ऑफर आदि चुन सकते हैं। अमेजन पे आईसीआईसीआई बैंक क्रेडिट कार्ड से ग्राहक खरीदारी पर 5 फीसदी तक की बचत कर सकते हैं। पात्र ग्राहक जिनके पास कार्ड नहीं है, वे आवेदन करने पर 2,000 तक के रिवॉर्ड प्राप्त कर सकते हैं। नए यूजर्स अमेजन पे यूपीआई पर साइन अप कर और खरीदारी कर 10 फीसदी या 100 रुपये तक की अतिरिक्त बचत का लाभ उठा सकते हैं। ग्राहक रिवॉर्ड फेस्टिवल के दौरान पैसे भेजने, बिलों के भुगतान जैसे दैनिक भुगतान कर खरीदारी पर 5,000 रुपये तक की बचत कर सकते हैं और रोमांचक शॉपिंग रिवाड्र्स भी प्राप्त कर सकते हैं, जिन्हें वे सेल के दौरान भुना भी सकते हैं। अमेजन पे लेटर के साथ, यूजर्स एक्टिवेशन पर 150 रुपये के फ्लैट कैशबैक और सभी शॉपिंग ऑर्डर पर 100 रुपये के कैश बैक के साथ ही साथ 60,000 रुपये का इंस्टैंट क्रेडिट प्राप्त कर सकते हैं। यहां कुछ उत्पाद दिए गए हैं जिन्हें ग्राहक अमेजन.इन की समर सेल के दौरान विक्रेताओं की ओर से दिए जा रहे शानदार ऑफर्स और डील्स के साथ चुन सकते हैं। यहां देखें सभी ऑफर्स।

- वनप्लस, शाओमी, सैमसंग, रेडमी, रियलमी, आईक्यू, एप्पल, टेक्नो, ओप्पो की ओर से 16 नए लॉन्च।
- इंटेल, सैमसंग, एप्पल, बोट, एचपी, सोनी जैसे टॉप ब्रांड के इलेक्ट्रॉनिक्स और एक्सेसरीज पर 70 फीसदी तक की छूट।

भारत में मासिक धर्म से जुड़ी सेहत में बदलाव लाने के लिए

# प्रमुख फेमटेक ब्रांड नुआ ने दीपिका पादुकोण के साथ साझेदारी की

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**हर महिला** के मासिक धर्म से जुड़े स्वास्थ्य का साथी बनने वाले, प्रमुख फेमटेक ब्रांड नुआ ने टाइम 100 सम्मानित, अभिनेत्री दीपिका पादुकोण को अपने ब्रांड का चेहरा बनाने की घोषणा की है। दीपिका कंपनी के सैनेटरी पैड्स, क्रैम्प कम्फर्ट, इंटीमेट वॉश और पैंटी लाइनर्स जैसे मेन्स्ट्रुअल वेलनेस उत्पादों का प्रचार करेंगी।

प्रमुख फेमटेक ब्रांड होने के नाते नुआ का लक्ष्य हर भारतीय महिला को अपनी मासिक धर्म से जुड़े स्वास्थ्य एवं सेहत को प्राथमिकता देने में मदद करना है। इस साझेदारी के बारे में, नुआ के सीईओ और फाउंडर, श्रीरवि रामचंद्रन कहते हैं, दीपिका पादुकोण के साथ



साझेदारी करते हुए बेहद खुशी का अनुभव हो रहा है। वह एक दमदार महिला हैं, देश की महिलाओं के लिये उनकी सोच हमारे ब्रांड के विचार से पूरी तरह मेल खाती है। रूढ़ियों को तोड़ने की उनकी बेखौफ कोशिशें और उनकी आशावादी सोच को देखते हुए, हमें ऐसा लगता है कि वो नुआ ब्रांड के लिये परफेक्ट पसंद हैं। चूंकि, हम लगातार विज्ञान समर्थित उत्पाद बनाते आ रहे हैं और भारतीय महिलाओं तक मासिक धर्म से जुड़े उत्पादों की आसान पहुंच बनाते हैं। हमें पूरा विश्वास है कि आगे आने वाले सालों में बेहतर और सेहतमंद जीवन का माहौल बना पाएंगे।

हमारी कोशिश है कि हम भारत में मासिक धर्म को सामान्य बना सकें और महिलाएं खुलकर अपनी सेहत के बारे में बात कर सकें, ताकि हम अपने समाधानों के साथ उनकी मदद कर पाएं। दीपिका को इस कारवां में शामिल करना हमारे लिये अगला कदम बढ़ाने जैसा है क्योंकि हमारा मानना है कि आज के दौर की हर उम्र की महिलाओं के लिये वे प्रेरणा का बहुत बड़ा स्रोत हैं। विज्ञान समर्थित उत्पादों के साथ मेन्सट्रुअल वेलनेस (मासिक धर्म से जुड़ी सेहत) में बदलाव लाने के बारे में वे कहते हैं, मासिक धर्म प्राकृतिक होने के साथ-साथ मनोवैज्ञानिक प्रक्रिया है।

# नगर परिषद की शहर को जाम मुक्त बनाने की योजना हुई असफल



**सोहना।** नगर परिषद प्रशासन की शहर की सड़कों को अवैध पार्किंग मुक्त बनाने योजना पूर्ण रूप से फेल हो गई है। आम रास्तों से लेकर सड़क और बाजारों में अवैध खड़े होने वाले वाहनों को जब्त करने के लिए टोइंगवैन खरीदने या ठेका छोड़ने के दावे कागजों में सिमटकर रह गए है।

बाजारों में आम नागरिकों को पैदल चलने के लिए दो कदम का रास्ता भी आसानी से नहीं मिल रहा है। सोहना नगर परिषद प्रशासन के लिए जिला उपायुक्त से लेकर प्रदेश मुख्यमंत्री के आदेश कोई मायने नहीं रखते। क्योंकि नगर परिषद प्रशासन कागजी कार्रवाई करने में अव्वल होता है। जबकि हकीकत में नगर परिषद की मेहरबानी है। जिसके चलते शहरों में फुटपाथ आम नागरिकों को सड़क हादसों से बचाने के लिए बनाएं जाते हैं। यहां पर फुटपाथों पर रेहड़ियां खड़ी होती हैं। आम नागरिकों वाहनों के बीच में छोड़ दिया है। शहर में किसी भी सड़क या बाजार में सामान खरीदने वाला ग्राहक अपने दो पहिया से लेकर चार पहिया वाले वाहन को भी उसी दुकान व गोदाम के आगे खड़ा कर देता हैं।

# स्मार्टफोन ब्रांड, रियलमी ने अपना लेटेस्ट रियलमी जीटी नियो-3 लॉन्च किया

**पायनियर समाचार सेवा।** मेरठ

**150 वॉट** फास्ट चार्जिंग टेक्नॉलॉजी वाला यह दुनिया का पहला और सबसे तेजी से चार्ज होने वाला स्मार्टफोन है। इस अत्याधुनिक स्मार्टफोन के साथ, रियलमी ने अपने विस्तृत एआईओटी पोर्टफोलियो में तीन नए उत्पाद- रियलमी पैड मिनी, रियलमी बड्स क्यू2एस और रियलमी स्मार्ट टीवी एक्स फुल एचडी प्रस्तुत किए हैं।

इस लॉन्च के बारे में माधव शेठ, सीईओ, रियलमी इंडिया, वीपी, रियलमी एवं प्रेसिडेंट, रियलमी इंटरनेशनल बिज़नेस ग्रुप ने कहा, ''रियलमी को सदैव अपने ग्राहकों को अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी प्रदान करने में खुशी मिली है। हमारा ब्रांड टेक उद्योग में इनोवेशन लेकर आता है, और हम रियलमी जीटी नियो 3 के साथ 150 वॉट की फास्ट चार्जिंग टेक्नॉलॉजी प्रस्तुत करके बहुत उत्साहित हैं। हमारी जीटी नियो



3 सीरीज हमारा स्पीड फ्लैगशिप है, और हमारी विशाल जीटी सीरीज का अंग है, जिसके द्वारा हम अपने प्रीमियम स्मार्टफोन पोर्टफोलियो का विस्तार कर रहे हैं। इस साल हम प्रीमियम स्मार्टफोन बाजार में अपनी पहचान स्थापित करने के लिए काम कर रहे हैं। हमें अभी तक अपने ग्राहकों से बहुत शानदार प्रतिक्रिया मिली है। हम जल्द ही चार साल पूरे करने वाले हैं और हमें अपने इस लंबे सफर पर गर्व है। हमारा उद्देश्य शुरुआत से ही अपने यूजर्स को सर्वश्रेष्ठ टेक्नॉलॉजी एवं डिजाइन प्रदान करना है, जो हम आने वाले सालों में भी करते रहेंगे।' 'हम आज केवल एक स्मार्टफोन ब्रांड ही नहीं, बल्कि एक टेक-लाइफ स्टाइल ब्रांड बन गए हैं। पिछले दो सालों में हमने टेकलाइफ ईकोसिस्टम बनाने के लिए अनेक उत्पाद प्रस्तुत किए, और हम बहुत तेजी से इसका विस्तार कर रहे हैं। रियलमी जीटी नियो-3 के साथ हम अपने एआईओटी पोर्टफोलियो में तीन नए उत्पाद प्रस्तुत कर रहे हैं-रियलमी की ओर से दूसरी टैबलेट, रियलमी पैड मिनी, रियलमी बड्स क्यू2 और एक नया स्मार्ट टीवी, दो अलग-अलग आकारों में रियलमी स्मार्ट टीवी एक्स फुल एचडी। मुझे विश्वास है कि इन उत्पादों को हमारे यूजर्स से वही प्रेम और सराहना मिलेंगे, जो हमारे पिछले उत्पादों को मिले हैं। हमारे एआईओटी उत्पादों के लिए हमारे पास एक आकर्षक पाइपलाइन है और इस साल हम नई श्रेणियां प्रस्तुत करेंगे।'

# बिजली निगम की लापरवाही से मारे जा रहे राष्ट्रीय पक्षी मोर

कविता। फरीदाबाद

**दयालपुर** गांव में स्थित पीएचसी के बाहर लगे ट्रांसफार्मर और वहां से गुजर रही 11 हजार वोल्टेज की लाइन के कारण हर महीने एक से दो मोर अपनी जान गवां रहे हैं। अब तक करीब 15 मोर मर चुके हैं। सोमवार को भी पीएचसी के बाहर एक मोर मृत पड़ा था। ग्रामीणों का कहना है कि वन्य प्राणी विभाग के अधिकारी नहीं आते। ऐसे में वह स्वयं ही मोर के शवों को दफना देते हैं। लेकिन कई बार आवारा कुत्ते मोर के शव को उठा ले जाते हैं।

## बिजली के करंट से सोमवार को भी हुई राष्ट्रीय पक्षी मोर की मौत

जानकारी के मुताबिक दयालपुर स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के बाहर एक मोर का शव सोमवार की सुबह पड़ा हुआ मिला। ग्रामीणों ने बताया कि यहां मौजूद प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में घने वृक्ष हैं। जिसके कारण यहां मोर अधिक संख्या में रहते है। घने वृक्ष के निकट ही बिजली का ट्रांसफार्मर लगा हुआ है। जिसके ऊपर से 11 हजार वोल्टेज की लाइन जा रही है। बाईपास रोड़ से पीएचसी तक मौजूद इस लाइन के कारण एक दर्जन से ज्यादा मोर अपनी जान गवां चुके हैं। सोमवार को मोर के शव को दो ग्रामीणों ने गड्ढा खोदकर दफना दिया।


पीएचसी के बाहर मोर का शव, दूसरे चित्र में बिजली की तारों और वृक्ष की टहनियों में फंसा शव और तीसरे चित्र में शव को दफनाते ग्रामीण।

**लाईन कवर्ड नहीं :** यहां रहने वाले गेंदाराम ने बताया कि यहां से गुजर रही बिजली की 11 हजार वोल्टेज की लाइन को कवर नहीं किया गया है। जिस कारण देश के राष्ट्रीय पक्षी मोर जान गवां रहे हैं।

अन्य पक्षी तो बच निकलते हैं लेकिन घने वृक्ष की शाखाओं और बिजली के तारों के बीच मोर खुद का बचाव नहीं कर पाते और अपनी जान गवां देते है। उन्होंने बताया कि अब तक करीब 15 मोर मर चुके है। लेकिन बिजली विभाग के अधिकारी इस ओर जरा भी ध्यान नहीं दे रहे हैं।

**दफनाया शव :** गुड्डू ने बताया कि मोर के शव को देखकर गेंदाराम और अन्य ग्रामीणों के संग गड्ढा खोदकर उसे दफनाया जाता है। दफनाते वक्त नमक भी डाला जाता है। लेकिन दफनाने के कुछ दिनों बाद ही उसके सड़ने पर दुर्गंध आने लगती है। जिस वजह से गांव के आवारा कुत्ते उसे खोदकर अपना शिकार बना लेते हैं। बिजली निगम के कर्मचारियों और अधिकारियों की लापरवाही के कारण राष्ट्रीय पक्षी की संख्या लगातार कम हो रही है। ऐसे में इनके बचाव का उपाय करना काफी जरूरी है।

# कोरोना : आखिरकार स्वास्थ्य विभाग ने दूसरे मृतक की कर ही दी पुष्टि

### कोरोना : एक मौत, 59 नए संक्रमित से एक्टिव केस 661

कविता। फरीदाबाद

**देशभर** में कोरोना की चौथी लहर को लेकर लोगों की चिंताएं बढ़ गई हैं। वहीं जिले में पहली, दूसरी और तीसरी लहर की तरह ही चौथी लहर के शुरू होते ही कोरोना पॉजिटिव मरीजों की मौतें होनी शुरू हो गई। लेकिन मौत के आंकड़ों में कम दर्शाया जा रहा था। गत 26 अप्रैल को दो कोरोना पॉजिटिव मरीजों की मौत हुई थी। जिसमें एक मरीज की पुष्टि जिला स्वास्थ्य विभाग ने 27 अप्रैल को कर दी थी, लेकिन दूसरे मरीज की पुष्टि नहीं की थी।

जिसे पायनियर ने गत 28 अप्रैल को 'जिले में हुई दो लोगों की मौत, विभाग ने आंकड़ों में दर्शाई एक' शीर्षक से प्रमुखता से प्रकाशित किया था। जिसमें बताया गया था कि दोनो मृतकों को शहर के दो नामचीन अस्पतालों से पॉजिटिव घोषित किया गया था। जिसमें एनआईटी निवासी 70 वर्षीय बुजुर्ग की मौत 26 अप्रैल को सुबह 11 बजकर 50 मिनट पर हुई थी। जोकि नीलम-बाटा रोड स्थित निजी अस्पताल में गत 24 अप्रैल की रात को साढ़े दस बजे दाखिल हुआ था। उन्हें टीपीए और कोरोना पॉजिटिव होने पर भर्ती किया गया था। हालांकि


कोरोना का प्रकोप : दो लोगों की मौत और 85 नए संक्रमित

28 अप्रैल को छपी खबर।

मृतक को पहली और दूसरी डोज लग चुकी थी। वहीं दूसरा मृतक 82 वर्षीय खेड़ीकला का निवासी था। उन्हें सेक्टर-16 स्थित एक निजी अस्पताल में 20 अप्रैल की सुबह 9 बजकर 44 मिनट पर भर्ती करवाया गया था। उन्हें सांस और अन्य बीमारियों के साथ कोविड-19 पॉजिटिव होने पर भर्ती किया था। उनका एलबीईएफ 30 प्रतिशत था। जिसकी मौत 26 अप्रैल की रात को साढ़े 10 बजे हुई। उनका अंतिम संस्कार कोविड-19 गाइडलाइन के अनुसार अगले दिन किया गया था।

पायनियर में छपी खबर के बाद जिला स्वास्थ्य विभाग सतर्क हुआ और एनआईटी निवासी 70 वर्षीय बुजुर्ग के बारे में पूछताछ की। जिसके बाद उनकी मौत की पुष्टि सोमवार को विभाग के अधिकारियों ने की है।



जिसमें बताया गया है कि बुजुर्ग को कोरोना के अलावा गुर्दे और शूगर, हाईपरटेंशन की बीमारी भी थी। सोमवार को जारी किए आंकड़ों में बताया कि जिले में एक मरीज की मौत होने से मृतकों की संख्या का आंकड़ा 741 पर पहुंच गया है। वहीं 59 संक्रमित मरीज नए आए है। वहीं राहत की बात यह रही जिले में 35 मरीजों ने कोरोना की जंग जीत ली। जिससे जिले का रिकवरी रेट 98.91 प्रतिशत पर पहुंच गया है। जिससे जिले में एक्टिव केसों की संख्या का आंकड़ा 661 पर है। जिसमें होम आईसोलेशन में 647 और अस्पताल में 14 भर्ती हैं।

# अपनी अमिट छाप छोड़ गए दीपेन्द्र सिंह हुड्डा



पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**जिले** में विपक्ष आपके समक्ष कार्यक्रम में सांसद दीपेन्द्र सिंह हुड्डा अपनी अमिट छाप छोड़ गए। भीषण गर्मी के बावजूद भारी भीड़ उमड़ी। विपक्ष आपके समक्ष कार्यक्रम में उमड़े जनसैलाब को देखकर ये कहना गलत नहीं होगा कि पूरा कार्यक्रम बड़ी रैली में तब्दील हो गया था। इस कार्यक्रम में कांग्रेस के अनेक दिग्गज इकट्ठे हुए।

एक ओर जहां मंच पर नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा और नव-नियुक्त अध्यक्ष चौ. उदयभान के अलावा कांग्रेस के दो दर्जन से ज्यादा विधायक, पूर्व विधायक, पूर्व मंत्री, पूर्व सांसद, पार्टी पदाधिकारी, वरिष्ठ नेता मौजूद रहे और पूरा मंच खचाखच भरा रहा, वहीं दूसरी ओर पंडाल में पैर रखने की भी जगह नहीं बची। पूरे कार्यक्रम में सांसद दीपेंद्र का जलवा अलग ही नजर आया। दिन चढ़ने के साथ पारा भी तेजी से चढ़ रहा था और उसी अनुपात में पंडाल में लोगों की तादाद और उनमें जोश भी हिलोरें मार रहा था। सभास्थल पर जैसे ही दीपेंद्र हुड्डा पहुंचे पूरा पंडाल तालियों की गड़गड़ाहट और नारेबाजी से गूंज उठा। लोगों ने गर्मजोशी के साथ उनका जोरदार स्वागत किया। दीपेंद्र हुड्डा ने इस बात का जिक्र अपने ट्वीट में भी किया कि "पारा 45? पार, लेकिन जोश 100? पार। 'विपक्ष आपके समक्ष' कार्यक्रम, एक विशाल 'बिजली संकट रैली' में बदल गया। इस विशाल प्रदर्शन से दिखता है कि बीजेपी-जेजेपी की गठबंधन सरकार से जनता कितनी त्रस्त है। इसमें कोई दो राय नहीं कि लोकप्रियता के पैमाने पर दीपेंद्र हुड्डा हरियाणा में किसी से पीछे नहीं हैं। बल्कि, अगर कहा जाए कि सबसे आगे हैं तो कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी।

# सांसद खेल महोत्सव 20 से होगा आयोजित : जितेंद्र यादव


सेक्टर 12 में अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते डीसी जितेन्द्र यादव।

**फरीदाबाद।** उपायुक्त जितेंद्र यादव ने बताया कि फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र के लिए सांसद खेल महोत्सव 20, 21 व 22 मई को आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इन प्रतियोगिताओं में बैडमिंटन, वालीबाल, बास्केटबाल, टेबल टैनिस, सर्किल कबड्डी, खो-खो, फुटबाल व रस्साकसी खेलों को शामिल किया गया है।

दिव्यांगों के लिए पैरा बैडमिंटन व पैरा एथलैटिक्स खेलों को भी रखा गया है। उपायुक्त जितेंद्र यादव सोमवार को सांसद खेल महोत्सव की तैयारियों को लेकर लघु सचिवालय में मीटिंग का आयोजन कर रहे थे। उपायुक्त ने कहा कि सांसद खेल महोत्सव में जो भी टीमें अथवा खिलाड़ी शामिल होना चाहते हैं उनके लिए हडल (Hudul) एप पर अपना रजिस्ट्रेशन करवाना आवश्यक होगा। उन्होंने बताया कि खिलाड़ियों को लिए यह एप चार मई से 15 मई तक खुला रहेगा। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में फरीदाबाद और पलवल दोनों जिलों के खिलाड़ी हिस्सा ले सकते हैं। इसके साथ ही प्रतियोगिता से आम जन को जोड़ने के लिए 14 मई को प्रात: 5:30 बजे सेक्टर-12 खेल परिसर से एक विशाल मैराथन का आयोजन भी किया जाएगा। इस मैराथन में शहर के हजारों बच्चे, बुजुर्ग, युवा व महिलाएं शामिल होंगी।

# प्रदर्शनी में दिख रही भारत की समृद्ध कला और संस्कृति

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**भारत** सदियों से कला एवं संस्कृति के क्षेत्र में अग्रणी रहा है। हमारी कला एवं संस्कृति ने विदेशियों को भी हमेशा अपनी तरफ आकर्षित किया है। यह समृद्धि इस बात का भी प्रतीक है कि हमारे यहां ऐसे राजा और संरक्षक हुए, जिन्होंने कलाकारों को प्रोत्साहित किया। पूर्वजों के इन्हीं प्रयासों का अनुकरण करते हुए आर्ट क्यूरेटर प्रियंका बनर्जी ने एक शानदार कला प्रदर्शनी का आयोजन किया है। द्वारका सेक्टर-21 स्थित कोलोरमा आर्ट गैलरी में पैनोरमा-20 के नाम से यह प्रदर्शनी आयोजित की जा रही है। 23 अप्रैल से शुरू हुई यह प्रदर्शनी 3 मई तक चलेगी। यहां कला के प्रशंसक सुबह 11 से शाम 7 बजे तक अद्भुत कलाकृतियों का आनंद ले सकेंगे।



पैनोरमा-20 में कई अलग-अलग कलाकार अपनी कलाकृतियों से रचनात्मकता एवं ताजगी का अनुभव दे रहे हैं। इनमें प्रकृति और आध्यात्म समेत हमारी वृहद संस्कृति की झलक दिख रही है। प्रदर्शनी में वाटर कलर के माध्यम से टाइगर को केंद्र में रखकर बनाए गए आर्टिस्ट अमित कुमार की कला एक अलग ही अनुभव देती है। वहीं प्रतिष्ठित आर्टिस्ट उमा बर्धन की पेंटिंग से जहां उनकी रचनात्मकता एवं उल्लास की झलक मिलती है। आर्टिस्ट गीता क्वात्रा, निकुन अग्रवाल, सीमा परवीन, रेबा मंडल, रुचि शर्मा, निलय सरकार, मृदुल चक्रवर्ती और लेफ्टिनेंट कर्नल कपिल दुली की अद्भुत कलाकृतियां भी इस प्रदर्शनी का आकर्षण बढ़ा रही हैं। लेफ्टिनेंट कर्नल कपिल दुली को उनके प्रयोगों के लिए जाना जाता है। कागज पर जिस खूबसूरती से उन्होंने साधुओं और राजस्थानी पुरुषों की छवि को उकेरा है, वह किसी को भी लुभाने में सक्षम है। निकुन अग्रवाल ने भी अपनी पेंटिंग में एक साधु की छवि उकेरी है, जो देश के समृद्ध आध्यात्मिक पक्ष को दर्शाती है। सीमा परवीन की कला जहां ताजगी से भर देती है, वहीं रेबा मंडल ने बनारस के घाटों के साक्षात दर्शन करा दिए हैं। रुचि शर्मा ने जीवन में योग की महत्ता एवं योग की शक्ति को कला के माध्यम से प्रस्तुत किया है। निलय सरकार ने एक राजस्थानी लड़की को कैनवस पर जीवंत कर दिया है। मृदुल चक्रवर्ती ने अपनी पेंटिंग के माध्यम से महिला सशक्तीकरण के पहलू को छुआ है। अलग-अलग माध्यमों और विचारों के साथ तैयार इन कलाकृतियों के माध्यम से सभी बंधनों को तोड़कर जीवंत हो उठी कला का अनूठा अनुभव होता है।

# 16 वर्षों से फरार हत्यारोपी इनामी बदमाश गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** डीसीपी क्राइम नरेंद्र कादयान के दिशा निर्देश के तहत कार्य करते हुए क्राइम ब्रांच सेक्टर 14 पीओ स्टाफ प्रभारी जगबीर सिंह की टीम ने 16 वर्षों से हत्या के मुकदमे में फरार चल रहे 5000 के ईनामी बदमाश को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम पप्पू उर्फ गुलाब है जो उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर जिले के कमालपुर गांव का रहने वाला है। आरोपी के खिलाफ वर्ष 2000 में हत्या की धाराओं के तहत पुलिस थाना सिटी बल्लभगढ़ में मुकदमा दर्ज किया गया था जिसमें आरोपी ने अपने पांच अन्य साथियों के साथ मिलकर एक व्यक्ति की हत्या कर दी थी। इस मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया गया था। इस मामले में न्यायालय ने आरोपी को 20 वर्ष की सजा सुनाई थी। 6 साल की सजा काटने के पश्चात वर्ष 2006 में हाईकोर्ट से आरोपी को जमानत मिल गई।

## संक्षिप्त समाचार

### जिला बार एसोसिएशन अध्यक्ष ने दी रोजा इफ्तार पार्टी



**फरीदाबाद।** जिला बार एसोसिएशन, फरीदाबाद के प्रधान केपी तेवतिया द्वारा एक होटल में रोजा इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। प्रधान केपी तेवतिया ने बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं व फरीदाबाद के सामाजिक, राजनैतिक व प्रशासनिक अधिकारियों व विभिन्न संगठनों के लोगों को इफ्तार की दावत दी। दावत में आए सभी मौजूद लोगों को केपी तेवतिया ने सम्बोधित करते हुए कहा कि यह दावत हिन्दू-मुस्लिम भाईचारे को कायम रखने के लिए आयोजित की गई है। उन्होंने कहा कि हम सभी को कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा फैलाई जा रही अफवाहों पर ध्यान ने देते हुए अमन व शांति बनाने में सहयोग करना है। बार के प्रधान केपी तेवतिया ने अपने सुपुत्र व क्रिकेटर राहुल तेवतिया की ओर से भी सभी को ईद की मुबारकबाद दी। इफ्तार दावत में विभिन्न प्रकार के शीतल पेय, फल, ड्राई फ्रूट्स के साथ-साथ खजूर खीर सहित विभिन्न व्यंजनों की व्यवस्था की गई। इफ्तार दावत में मुस्लिम वैल्फेयर सोसायटी के अध्यक्ष हाजी यूनुस अहमद, पूर्व मंत्री व नूंह के विधायक आफताब अहमद, एसडीओ अब्दुल रजाक, अनवर खान, सहित अजय चौधरी मैम्बर बार काउंसिल पंजाब एण्ड हरियाणा, बार एसोसिएशन के महासचिव सन्दीप पाराशर, बार के पूर्व प्रधान एडवोकेट जेपी अधाना, उपाध्यक्ष दीपू सिंह रावत, उपाध्यक्ष अनिल कुमारी, संयुक्त सचिव आशीश अरोड़ा, एडवोकेट संजीव अत्री, एडवोकेट अजीत डागर, एडवोकेट संजय तेवतिया, एडवोकेट सतीश तेवतिया, एडवोकेट प्रमोद गोयल, एडवोकेट हिमांशु तेवतिया, एडवोकेट दलपल सिंह, एडवोकेट राजेश बैसला, एडवोकेट महेन्द्र गर्ग सहित अनेक गणयमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

### शराब के ठेके में लगी आग

**फरीदाबाद।** नेशनल हाईवे पर स्थित सेक्टर-56 में मौजूद एक शराब के ठेके में अचानक आग लग गई। आग इतनी भयंकर थी, ठेका पूरी तरह से जलकर खाक हो गया। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की गाड़ियों ने किसी तरह से आग पर काबू पाया। जानकारी के मुताबिक सेक्टर-56 के निकट मौजूद एक शराब के ठेके में सोमवार को दोपहर बाद अचानक आग लग गई। वहां से गुजर रहे एक व्यक्ति ने इसकी विडियो बनाकर वायरल कर दी। मुख्य राजमार्ग पर सड़क के दूसरी ओर से बनाई गई वीडियो में दर्शाया गया है कि पूरी दुकान जल रही है और फायर ब्रिगेड की गाड़ी आग पा काबू पाने का प्रयास कर रही है। वहीं ठेके में रखी शराब की बोतलों समेत ठेका पूरी तरह से जल गया।

### जेसी बोस में दो सप्ताह के योग शिविर का हुआ समापन

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद द्वारा आयोजित दो सप्ताह का योग शिविर यहां संपन्न हो गया। शिविर का आयोजन विश्वविद्यालय के गर्ल्स हॉस्टल द्वारा डीन स्टूडेंट वेलफेयर के कार्यालय और कम्युनिटी कॉलेज ऑफ स्किल डेवलपमेंट (सीसीएसडी) के सहयोग से किया गया था। शिविर का उद्घाटन कुलपति प्रो. एस.के. तोमर द्वारा 18 अप्रैल, 2022 को किया गया था। शिविर के दौरान, छात्राओं ने विभिन्न योग आसनों और व्यायामों को सीखा और अभ्यास किया, जिसमें सूर्य नमस्कार, पर्वतासन, भुजंगासन और जल नेति शामिल हैं। चीफ हॉस्टल वार्डन डॉ संध्या दीक्षित ने शिविर के प्रबंधन के लिए सीसीएसडी से योग प्रशिक्षकों द्वारा प्रदान सहयोग के लिए धन्यवाद किया। उन्होंने शिविर की सफलता में सहायता देने के लिए डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो लखविंदर सिंह, डिप्टी डीन डॉ अनुराधा पिल्लई और उनकी टीम को धन्यवाद दिया। एडिशनल चीफ हॉस्टल वार्डन डॉ मानवी के साथ अन्य वार्डन मंजू और लविता ने शिविर का समन्वय किया। छात्रों के योग क्लब निरामयम ने भी योग शिविर में योगदान दिया।

### मजदूर दिवस पर विशाल सभा का किया आयोजन

**फरीदाबाद।** ज्वाइंट ट्रेड यूनियन काउंसिल जिला कमेटी फरीदाबाद ने एक मई दिवस को मजदूर दिवस के अवसर पर शाम को 5 बजे केनरा बैंक के सामने नीलम बाटा रोड पर विशाल सभा का आयोजन किया। इसकी अध्यक्षता एटक के कोषाध्यक्ष कॉमरेड विशंभर सिंह, सीटू के जिला प्रधान निरंतर पाराशर, एचएमएस के प्रधान आर डी यादव, आइसीटी यू के कामरेड जवाहरलाल, सर्व कर्मचारी संघ के जिला प्रधान अशोक कुमार ने संयुक्त रूप से की। जबकि संचालन कन्वीनर वीरेंद्र सिंह डंगवाल ने किया। सभा के आरंभ में 1 मई 1886 को शिकागो में मारे गए मजदूरों की याद में 2 मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इसके बाद एटक के महासचिव बेचू गिरी ने बताया कि दुनिया के मजदूरों को शोषण से मुक्ति दिलाने के लिए 8 घंटे के काम की मांग को लेकर अमेरिका के शिकागो शहर में हड़ताल कर रहे मजदूरों की सभा पर अचानक गोलीबारी कर दी गई। जिसके परिणाम स्वरूप सैकड़ों मजदूरों की मौके पर जान चली गई। उन्हीं मजदूरों की कुर्बानी की बदौलत तभी से पूरी दुनिया में 8 घंटे की ड्यूटी का प्रचलन शुरू हुआ था। इससे पहले मालिक मजदूरों से 15 से 20 घंटों तक काम लेते थे।

### निगम का मेगा सफाई अभियान

**फरीदाबाद।** नगर निगम के आयुक्त यशपाल यादव ने बताया कि नगर निगम फरीदाबाद द्वारा दिसम्बर, 2021, जनवरी व फरवरी 2022 को जो मेगा सफाई अभियान चलाया गया था। उस दौरान जो निगम द्वारा कार्य किये गये थे उसके निरीक्षण करने के लिए आज निगमायुक्त ने 10 अधिकारियों की अलग-अलग वार्डों में टीमें बनाई हैं। जो 4 मई से 7 मई तक 40 वार्डों के सभी कार्यकारी/ सहायक /कनिष्ठ अभियंताओं के साथ मिलकर इन वार्डों में हुए कार्यों का निरीक्षण करेंगे।

# बीके अस्पताल में मरीजों को नहीं मिल रहा पीने का पानी

### बीके हास्पीटल के द्वितीय तल का वाटर कूलर पूरी तरह से बंद

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**जिले** का सबसे बड़ा सिविल अस्पताल होने के कारण बीके में रोजाना हजारों की संख्या में मरीज अपना इलाज करवाने के लिए आते है। यहां फरीदाबाद ही नहीं, पलवल, हथीन, होडल, बल्लभगढ़, नहरपार, दिल्ली बॉर्डर के निकट के निवासी आते है। लेकिन यहां आने वाले मरीजों को जहां एक तरफ दवाईयां पूरी नहीं मिल पाती है। वहीं दूसरी तरफ पीने के पानी तक को तरसना पड़ रहा है।

गर्मी के इस मौसम में लोगों को पीने का पानी खरीदकर पीना पड़ रहा है। ऐसा ही अस्पताल में रोज देखने को मिल रहा है। यहां मौजूद आधे से ज्यादा वाटर कूलर खराब पड़े है या फिर जो चालू नहीं है, उनमें गर्म पानी आ रहा है। वहीं यहां लगी वाटर एटीएम मशीन में कभी पानी होता है, तो कभी नहीं, ऐसे में मरीजों को पीने का पानी खरीदना पड़ रहा है।


बीके अस्पताल के द्वितीय तल बंद पड़ा वाटर कूलर।

**खराब है वाटर कूलर :** बीके अस्पताल के सभी तलों पर एक-एक वाटर कूलर रैम्प की तरफ लगा हुआ है। जिसमें से द्वितीय तल का वाटर कूलर पूरी तरह से बंद है। इस तल पर बर्न, सर्जीकल, ओर्थो और डायलिसिस सेंटर के अलावा ऑपरेशन थियेटर मौजूद है। वहीं आईसीयू और आईसोलेशन वार्ड भी बना हुआ है।

ऐसे में यहां रोजाना करीब 50 से 60 मरीज भर्ती रहते है। मरीज और उनके तीमारदारों को वाटर कूलर बंद होने के कारण भूतल पर पीने के पानी के लिए, जाने को मजबूर होना पड़ता है। लिफ्ट बंद होने के कारण यहां भर्ती ओर्थो और सर्जीकल मरीजों को खासी परेशानियां होती है। हालांकि इसके लिए कुछ मरीजों के द्वारा अस्पताल प्रबंधन को कहा गया है, लेकिन इतनी भयंकर गर्मी में भी अस्पताल में लगा यह वाटर कूलर बंद है। सूत्रों की माने तो इसका आरओ खराब है और फ्रिज के अंदर का वाटर स्टॉपर भी टूटा हुआ है।

# 200 करोड़ के घोटाले के विरोध में आप का धरना


गांव भांखरी में सड़क में भरे पानी में बैठ कर प्रदर्शन करते आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता।

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**आम** आदमी पार्टी ने नगर निगम में हुए 200 करोड़ रुपये से अधिक घोटाले, शहर में खुदी पड़ी सड़कों, अधूरे पड़े विकास कार्यों, सीवर के खुले मैनहॉलों से हो रही मौतों एवं राजस्व विभाग में खुलेआम पब्लिक से हो रही लूट को लेकर जिला अध्यक्ष धर्मबीर भड़ाना के नेतृत्व में सोमवार को एक दिन का सांकेतिक धरना दिया। जिसमें मुख्य रूप से हरियाणा के सह प्रभारी महेन्द्र चौधरी एवं दक्षिण हरियाणा अध्यक्ष बीर सिंह सरपंच ने शिरकत की।

कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए महेन्द्र चौधरी ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में भ्रष्टाचार पल-बढ़ रहे हैं और संरक्षण पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज शहर के लोग आम आदमी पार्टी की विचारधारा से एकत्रित हो गए हैं। लोग बेहद परेशान हैं, पीने के लिए पानी नहीं है, सीवर के ढक्कन नहीं, प्रत्येक व्यक्ति पूरी तरह त्रस्त है। उन्होंने कहा कि निगम में हुए 200 करोड़ से अधिक घोटाले के आरोपियों को जेल की सलाखों के पीछे भेजा जाए। सत्ताधारी भाजपा सरकार के प्रतिनिधि अपनी जान बचाने के लिए ऐसे अधिकारियों को बचाने का प्रयास कर रहे हैं।

# सफाई मजदूरों का पोस्टमार्टम न करवाए जाने पर जताई नाराजगी

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**विगत** कल देर रात बादशाहपुर सीवर ट्रीटमेंट प्लांट में सीवर सफाई करते हुए सफाई मजदूर सचिन यादव व मोहम्मद की हुई दर्दनाक मौत पर नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा संबंधित सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा ने रोष प्रकट करते हुए नगर निगम प्रशासन व ठेकेदार को दोषी बताते हुए जिला उपायुक्त व जिला पुलिस आयुक्त से सख्त कार्रवाई करने की मांग की है। 24 घंटे के बाद भी मृतक सफाई मजदूरों का पोस्टमार्टम न करवाए जाने पर भी नाराजगी प्रकट की है संघ ने जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन से पोस्टमार्टम में देरी की जाने के कारणों की भी जांच करवाने की मांग की है।

नगरपालिका कर्मचारी संघ, हरियाणा के राज्य प्रधान नरेश कुमार शास्त्री ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश अनुसार सीवर में मैनुअल कार्य नहीं करवाने के आदेश हैं, लेकिन उसके बाद भी नगर निगम प्रशासन ने


टैंक से साथी को बाहर निकालते हुए।

निगम क्षेत्र में प्रशिक्षित नियमित सीवर मैन व मशीनों से कार्य करवाने की बजाय नियमो को तक पर रख कर दर्जनों ठेकेदारों को सीवर का काम ठेके पर दे रखा है। ठेकेदारों की लापरवाही बिना सुरक्षा उपकरण काम करवाना कम वेतन देना मजदूरों का रजिस्ट्रेशन ना करना श्रम कानूनों की उलंघना करना आदि नियमों को तोड़कर सुप्रीम कोर्ट के आदेशों के बाद भी रोजाना नगर निगम क्षेत्र में मैनुअल कार्य करवाया जा रहा है, और मौतों का सिलसिला जारी है। शास्त्री ने कहा कि सरकार इस पर संज्ञान ले और दोषी ठेकेदारों एवं निगम अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए सीवर के काम को पूर्ण रूप से प्रतिबंधित कर केवल मशीनों द्वारा ही करवाया जाए तथा प्रशिक्षण देकर सीवर मेनो की नियमित भर्ती की जाए। ताकि आए दिन सीवर में हो रही मौतों को रोका जा सके।

संघ के राज्य प्रधान नरेश कुमार शास्त्री, जिला प्रधान दलीप बोहत, जिला सचिव नानक चंद, सीवर मेन यूनियन के प्रधान अनूप चंडालिया ने निगम अधिकारियों को संवेदना हीन करार देते हुए कहा कि निगम का एक भी अधिकारी मृतक जनों के परिवारों को सांत्वना देने तक नहीं पहुंचे हैं संघ नेताओं ने चेतावनी दी है कि यदि मृतक सफाई मजदूरों को सुप्रीम कोर्ट की हिदायतों के अनुसार आर्थिक लाभ व परिवार के एक सदस्य को नौकरी और दोषियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार नहीं किया गया तो संघ 4 मई को नगर निगम मुख्यालय पर प्रदर्शन करेगा।

पायनियर
नई दिल्ली, मंगलवार, 3 मई, 2022



# न्याय की भाषा

## बहस जारी

**लंबे** समय से संपर्क भाषा तथा आम भाषा के बीच टकराव जारी है। भारत में भाषा एक भावनात्मक मुद्दा है। यह भारतीय राज्यों के पुनर्गठन का आधार था। तर्क यह था कि समान भाषा बोलने वालों के लिए एक ही राज्य में रहना अच्छा होगा। लेकिन ऐसे स्थान हैं जहां लोग अपनी भाषा नहीं बोल सकते हैं। सर्वोच्च न्यायालय व उच्च न्यायालय इसके उदाहरण हैं जहां भाषा के मामले में कट्टर लोगों को भी अदालत की भाषा अंग्रेजी में काम करना पड़ता है। पीठ को गुजराती में संबोधित करने वाले एक पत्रकार को अवमानना कार्यवाही का सामना करना पड़ रहा है। अदालत ने उससे केवल अंग्रेजी बोलने को कहा था। लेकिन संबंधित व्यक्ति ने यह तर्क देते हुए स्थानीय भाषा बोलने पर जोर दिया कि गुजरात में सभी गुजराती बोलते हैं। पीठ ने उसे एक दुभाषिये की सेवाओं का प्रस्ताव किया तथा अंग्रेजी न बोलने पर उसकी बात सुनने से इनकार कर दिया। अपने आदेश में अदालत ने कहा, 'हम संबंधित व्यक्ति को ऐसी भाषा में अदालत को संबोधित करने की अनुमति नहीं दे सकते हैं जिसे अदालत नहीं समझती है।' अनुच्छेद 348-1-ए के अनुसार सर्वोच्च न्यायालय व उच्च न्यायालयों में कार्यवाही अंग्रेजी में होगी, जब तक कानून में इसके इतर कोई प्राविधान न हो। उत्तर प्रदेश, बिहार, राजस्थान व मध्य प्रदेश ने अपने उच्च न्यायालयों में हिंदी प्रयोग को अधिकृत किया है। तमिलनाडु, गुजरात, छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल व कर्नाटक ने अपनी संबंधित स्थानीय भाषाओं के प्रयोग की अनुमति मांगी है। 2012 व 2016 में भारत के प्रधान न्यायाधीश ने इस बारे में व्यापक विचार-विमर्श के बाद इन प्रस्तावों को अस्वीकार कर दिया था। न्याय



विभाग की आधिकारिक वेबसाइट पर कहा गया है कि 'सरकार ने सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय का पालन किया है।'

शनिवार को प्रधानमंत्री ने मुख्यमंत्रियों व उच्च न्यायालयों के मुख्य न्यायाधीशों के संयुक्त सम्मेलन में कहा कि अदालतों में स्थानीय भाषाओं का प्रयोग किया जाए क्योंकि 'जब तक आम आदमी न्याय का आधार नहीं समझेगा, तब तक न्याय और सरकारी आदेश के बीच कोई अंतर नहीं होगा।' भारत के प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि इसमें कुछ समय लगेगा। कार्यपालिका व न्यायपालिका दो तथ्य अच्छी तरह समझती हैं। पहला, अनुच्छेद 348-2 के अंतर्गत किसी राज्य का राज्यपाल उच्च न्यायालय की कार्यवाही में 'किसी अन्य भाषा' का प्रयोग 'अधिकृत' कर सकता है। दूसरा, भारत के प्रधान न्यायाधीश-सीजेआई किसी उच्च न्यायालय में स्थानीय भाषा प्रयोग की अनुमति दे सकते हैं। समस्या यह है कि अदालतों की भाषा स्थानीय होने के बजाय अंग्रेजी होने के कारण विभिन्न राज्यों के उच्च न्यायालयों में न्यायाधीशों का सहज स्थानान्तरण होता रहता है क्योंकि वे अंग्रेजी समझते हैं। दूसरा, स्पष्टता तथा निर्णय लिखने के लिए प्रयोग की आने वाली अदालत की भाषा सटीक, निश्चित तथा अदालतों के अधिकारियों द्वारा समझने योग्य होनी चाहिए। तीसरा, उच्च न्यायपालिका की वर्तमान व्यवस्था एक संपर्क भाषा से एकजुट है और स्थानीय भाषाओं के प्रयोग से इसमें बाधा आ सकती है। इसके बावजूद यह तथ्य महत्वपूर्ण है कि वादकारी या सामान्य नागरिक को अदालत की कार्यवाही 'समझने', उसमें भाग लेने तथा निर्णय समझने का मूल अधिकार है। ऐसे में सवाल यह है कि बिना भावनाओं व राजनीति का मुद्दा बनाए इन मुद्दों का समाधान कैसे किया जा सकता है।

# उच्च शिक्षा की उत्कृष्टता में बाधा

सभी लोग समझते हैं कि कुछ राज्यों में विश्वविद्यालयों के कुलपतियों को असाधारण राजनीतिक दबाव में क्यों काम करना पड़ता है।



**जेएस राजपूत**
(लेखक शिक्षा, सामाजिक एकजुटता एवं सामाजिक सद्भाव हेतु कार्यरत हैं)



दुनिया भर के महान संस्थानों को अपनी विश्वसनीयता व स्वीकार्यता उन नेतृत्वकारी विद्वानों से प्राप्त होती है जिनको अनेक पीढ़ियों से सम्मान व प्रशंसा मिलती रही है। पंडित मदन मोहन मालवीय द्वारा बनारस हिंदू विश्वविद्यालय-बीएचयू की स्थापना को याद करें। उन्होंने इसका उप-कुलपति पद स्वीकार करने के लिए डा. एस. राधाकृष्णन को मनाने में सफलता पाई थी। लेकिन वर्तमान समय में यह असंभव होता। उप-कुलपति-वीसी के चयन के लिए अनेक नियम, विनियम तथा प्रक्रियायें निर्धारित हैं। वीसी के पास काफी फंड होते हैं और वह काफी संख्या में अकादमिक तथा गैर-अकादमिक नियुक्तियां करता है। हालांकि, उसे भी स्पष्ट रूप से निर्धारित अनेक नियमों, विनियमनों व प्रक्रियाओं का पालन करना होता है। यह तो हम सभी जानते हैं कि कुछ राज्यों में वीसी को असाधारण राजनीतिक दबाव के अंतर्गत क्यों काम करना पड़ता है।

बहुसंख्य राज्यों में राज्यपाल राज्य-वित्तपोषित विश्वविद्यालयों के चांसलर या कुलपति होते हैं। उनके पास वीसी नियुक्त करने की प्रक्रियाओं की निगरानी करने का अधिकार होता है और वे चयन समिति द्वारा पेश तीन या पांच लोगों की समिति में से अपने विचार से सर्वोत्तम व्यक्ति चुनने के लिए स्वतंत्र होते हैं। ज्ञान की खोज की प्राचीन भारतीय परंपरा ने महान वैश्विक केन्द्रों का निर्माण किया था जिनमें तक्षशिला, नालन्दा, विक्रमशिला व अन्य शामिल हैं। वर्तमान वीसी व तत्कालीन कुलपति को ज्ञान, विद्वता, मूल्यों, सद्भावना व संवेदना का केन्द्र होने के साथ ही उसके प्रख्यात विद्वान होने की आशा की जाती थी। वे सर्वोच्च आचार्य होते थे और उनका आचार-व्यवहार आदर्श माना जाता था।

इसी कारण स्वतंत्र भारत ने ऐसी नियुक्तियां राज्यपाल के अधिकार क्षेत्र में रखीं क्योंकि उनको निष्पक्ष माना जाता था। कुछ अपवादों को छोड़ दें तो इस बात के काफी उदाहरण हैं जब राज्यपालों या चांसलरों ने विश्वविद्यालय नेताओं की नियुक्ति में मूल्यों व सिद्धान्तों पर दृढ़ता से अमल किया। निश्चित रूप से विश्वविद्यालयों पर पूर्ण नियंत्रण रखने की इच्छा वाले कुछ मुख्यमंत्री वीसी के चयन में ऐसे स्वतंत्र अधिकारों को पसंद नहीं करते हैं। दिसंबर, 2021 के प्रारंभ में केरल के राज्यपाल आरिफ मुहम्मद खान ने राज्य सरकार के बेशर्म हस्तक्षेप पर गहरी पीड़ा व्यक्त करते हुए चांसलर की शक्तियां मुख्यमंत्री को सौंपने का सुझाव दिया था। मुख्यमंत्री ने चांसलर की सहमति के बिना अपने मनपसंद वीसी को एक और कार्यकाल देने का आदेश दिया, जबकि विधिक रूप से उनको नियुक्ति अधिकारी के आदेशानुसार काम करना चाहिए था। यह काम उनकी इच्छा के विरुद्ध किया गया था।

पश्चिम बंगाल के राज्यपाल जगदीप धनखड़ ने 30 दिसंबर, 2021 को ट्वीट के माध्यम से जानकारी दी कि राज्य सरकार के अधिकारियों ने बिना उनसे विचार-विमर्श किए 24 विश्वविद्यालयों के नए वीसी नियुक्त करने के आदेश जारी कर दिए। वे राज्य वित्त-प्रायोजित विश्वविद्यालयों के चांसलर होने के साथ ही निजी विश्वविद्यालयों के भी शुभचिन्तक हैं तथा इन सभी मामलों में नियुक्ति अधिकारी हैं। संभवतः केरल और पश्चिम बंगाल के रास्ते पर चलते हुए चांसलर के रूप में राज्यपाल के अधिकार में इसी प्रकार हस्तक्षेप के प्रयास किए गए। तमिलनाडु सरकार ने दो विधायन पास कर औपचारिक रूप से चांसलर की शक्तियां मुख्यमंत्री को हस्तांतरित कर दीं। इसका कारण बताया गया कि राज्यपाल राज्य सरकार की बात नहीं मान रहे थे।

नियुक्ति अधिकारी के रूप में मुख्यमंत्री के पास वीसी को हटाने की शक्ति भी प्राप्त हो गई। इस प्रकार नियुक्त किए विद्वान को हमेशा सतर्क रहना पड़ेगा क्योंकि उनके सिर पर लगातार पद से अचानक हटाए जाने की तलवार लटकती रहेगी। राष्ट्रीय हितों या नौजवानों की महत्वाकांक्षाओं के बजाय वैचारिक जुड़ाव को वरीयता देने वाले कुछ राजनेताओं का विश्वास है कि विश्वविद्यालयों की स्वायत्तता तथा उनका नेतृत्व करने के लिए उल्लेखनीय व्यक्ति की नियुक्ति की बातें केवल 'अकादमिक चर्चा' का विषय हैं तथा इनका कोई खास महत्व नहीं है।

उनको राष्ट्रीय शिक्षा नीति, यानी एनईपी-2020 की संस्तुतियों से चिन्ता पैदा हो गई है। इस नीति के अनुसार, एक शक्तिसंपन्न बोर्ड आफ गवर्नर्स-बीओजी का गठन होना चाहिए जो वीसी तथा उच्च शिक्षा संस्थानों-एचईआई के सभी प्रमुखों की नियुक्ति का अधिकारी होगा। एनईपी-2020 के अनुसार, 'उम्मीद है कि सभी एचईआई इस प्रक्रिया के दौरान अभिप्रेरित व समर्थित अनुभव करेंगे तथा उनकी निगरानी होगी। इससे उनको स्वायत्तता प्राप्त होगी जिसमें 2035 तक शक्तिशाली बीओजी की भूमिका होगी।' कुछ सत्तारूढ़ राजनेता इस प्रस्ताव से व्यथित हैं। केरल और तमिलनाडु की सरकारें एनईपी-2020 को अस्वीकार कर अपनी शिक्षा नीतियों पर चलना चाहती हैं। यदि ऐसा होता है तो इससे इन राज्यों के नौजवानों का राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी स्थाई नुकसान होगा।


अच्छे इरादों से एनईपी-2020 का क्रियान्वयन करने के बजाय उसके सामने अनेक बाधायें खड़ी की जा रही हैं। देश को इस नीतिगत आदेश के साथ आगे बढ़ना चाहिए जिसमें कहा गया है, 'उच्च शिक्षा संस्थानों में खोज तथा उत्कृष्टता की संस्कृति विकसित करने के लिए प्रभावी प्रशासन तथा नेतृत्व की आवश्यकता है। भारत समेत सभी विश्व-स्तरीय संस्थानों का दुनिया भर में सामान्य चरित्र यह है कि उनमें मजबूत स्वशासन का अस्तित्व है तथा संस्थानों का नेतृत्व करने के लिए उल्लेखनीय योग्यता-आधारित नियुक्तियां की जाती हैं।' इक्कीसवीं शताब्दी के तीसरे दशक में अनेक विद्वानों ने साम्राज्यवाद का युग बिखरने के समय पूर्वानुमान लगाया था कि 'भावी साम्राज्य ज्ञान के साम्राज्य होंगे।' यह बात अभी सही सिद्ध हो रही है। जो देश इसका महत्व समझने में विफल हो रहे हैं वे पीछे छूट रहे हैं तथा भविष्य में निश्चित रूप से दूसरों से पीछे रह जाएंगे। लेकिन खुशी की बात है कि भारतीय अकादमिक लोगों तथा विद्वानों ने नया दृष्टिकोण स्वीकार कर लिया है। इसकी अभिव्यक्ति राष्ट्रीय स्तर पर व्यक्त प्रतिबद्धता से स्पष्ट होती है। इसके अनुसार, 'सभी नेतृत्वकारी स्थितियां तथा संस्थान प्रमुखों के पद उन लोगों को दिए जाने चाहिए जिनकी उच्च अकादमिक योग्यता हो तथा उन्होंने प्रशासनिक व नेतृत्वकारी क्षमताओं का प्रदर्शन किया हो। इसके साथ ही उनमें जटिल स्थितियों के प्रबंधन की क्षमता भी होनी चाहिए। किसी एचईआई के नेताओं को संवैधानिक मूल्यों तथा संस्थान के समग्र दृष्टिकोण से मजबूत जुड़ाव प्रदर्शित करना चाहिए। इसके साथ ही उनमें मजबूत सामाजिक प्रतिबद्धता, सामूहिक कार्य में विश्वास, बहुलतावाद, विविध लोगों के साथ काम करने की क्षमता तथा सकारात्मक दृष्टिकोण जैसे गुण भी होने चाहिए। उनका चयन बीओजी द्वारा एक कठोर, निष्पक्ष, योग्यता-आधारित व क्षमता-आधारित प्रक्रिया के माध्यम से होना चाहिए। इसके लिए बीओजी को एक विशिष्ट विशेषज्ञ समिति गठित करनी चाहिए।'

कुछ राजनेताओं का इस बात के लिए पुनः उन्मुखीकरण होना चाहिए कि बेहतर भारत के लिए क्या जरूरी है तथा इसकी भावी पीढ़ियों के लिए क्या अच्छा होगा। महत्वपूर्ण लक्ष्य शिक्षा को राजनीतिक हस्तक्षेप से दूर व उससे अलग रखना है। इस संबंध में अनजान लोगों को महात्मा गांधी के इन शब्दों के संदर्भ में विचार करना चाहिए कि 'मेरे लिए राजनीतिक सत्ता अपने आप में कोई लक्ष्य न होकर लोगों को सक्षम बनाने का माध्यम है ताकि वे जीवन के हर क्षेत्र में अपनी स्थिति सुधार सकें।'

# तनावग्रस्त नागरिकों का मौन

> "विज्ञान ने गहन विश्वासों के परित्याग को बढ़ावा दिया है क्योंकि यह हमें दिखाता है कि हमारी योजनाबद्ध समझ एक सदी में शायद 2-3 बार बदलती है।"

**बालाकृष्णन सत्यम**
(लेखक ज्ञानमीमांसाविद हैं)



कल से एक दिन पहले, मैंने रसोई की खिड़की पर एक मैना को सुना - उसका स्वर स्पष्ट था। चहकने में दृढ़ विश्वास, ऊर्जा और एक गहरी घोषणा थी। इसने मुझे चौंका दिया कि कम लोग इस तरह बोलते हैं, और एक विवेकपूर्ण चुप्पी अधिक प्रचलित है। क्या उन प्रश्नों या विश्वासों की संख्या में गिरावट आई है जिन पर हमें स्वयं को व्यक्त करना चाहिए? एक मित्र ने हाल ही में टिप्पणी की कि पहले की तुलना में अधिक - वाद हैं लेकिन बहुत कम विश्वासी हैं।

यदि हम एक-इस्म को दृढ़ता से धारित विश्वासों का एक समूह मानते हैं, तो कुछ तुरंत दिमाग में आते हैं। प्रगतिवाद और रूढ़िवाद। सक्रियता और भाग्यवाद। संशयवाद और यूटोपियनवाद। विज्ञान ने गहन विश्वासों के परित्याग को बढ़ावा दिया है क्योंकि यह हमें दिखाता है कि हमारी योजनाबद्ध समझ एक सदी में शायद 2-3 बार बदलती है। हमें प्रतिमान में बदलाव के लिए खुला रहना होगा। यह हमें व्यावहारिकता और अवसरवाद के साथ छोड़ देता है! विचारों के खुले आदान-प्रदान या संभावित पदों की खोज के लिए बाधाएं हो सकती हैं। कुछ लोगों के लिए, यह पहुंच और अवसर की कमी हो सकती है, लेकिन ऐसे कई लोग हैं जो अपनी बात नहीं रखने या अलग होने का विकल्प चुनते हैं। एक लोकप्रिय मुहावरा जो अमेरिकी राजनीति में आया वह है 'मूक बहुमत।'

लेकिन इसका क्या मतलब हो सकता है? क्या इसे एक मौन सहमति, उदासीनता या मौन विरोध के रूप में समझा जाए। कई लोग हमें बताते हैं कि हमारा वोट हमारा मुख्य अवसर है लेकिन वे भूल जाते हैं कि यह आवाज ही है जो वास्तव में भागीदारी है। एक वोट कुछ



वर्षों में एक बार होता है। हमारी कई स्वतंत्रताओं का प्रयोग करने के लिए, आवाज के अभ्यास की आवश्यकता हो सकती है। एक राज्य का नागरिक राजशाही में एक विषय की तरह नहीं है - उसकी एक सहभागी भूमिका है। क्या राज्य मुख्य रूप से अपने शक्तिशाली, समृद्ध और विशेषाधिकार प्राप्त को प्रतिबिंबित करेगा जबकि यह वंचितों के कल्याण को बढ़ावा देता है? आधुनिक रूढ़िवादी इसे सही मानते हैं - आर्थिक समृद्धि के लिए उचित, कमजोर वर्गों को ध्यान में रखते हुए इनाम और अवसर प्रदान करना, जैसा कि उन्हें कभी-कभी भारत में कहा जाता है। सुधारवाद के विभिन्न रंगों के सदस्य आबादी में बड़े समुदायों की अधिक दृश्यता, भूमिका और यहां तक ??कि प्रभुत्व चाहते हैं, जो पिछली शताब्दियों में केवल मेहनतकश और सैनिक रहे हैं। रूढ़िवादी और सुधारवादी इस बात पर भिन्न हैं कि विकास को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहन और रियायतों का उपयोग कैसे किया जाए। उनकी प्राथमिकताएं मेल नहीं खातीं। सुधारवादी या प्रगतिवादी समृद्धि के ट्रिकल-डाउन मॉडल की प्रभावकारिता के बारे में संदिग्ध हैं और उन आवश्यक चीजों की गारंटी देना चाहते हैं जो नीचे के पायदान अपने दम पर बर्दाश्त नहीं कर सकते।

मानवता के सामने सरल चुनौती यह देखना है कि क्या डॉक्टरों, शिक्षकों और शोधकर्ताओं को पर्याप्त रूप से पुरस्कृत करना संभव है। बड़े पैमाने पर तैयार वित्त पोषण प्रदान करते हुए स्वास्थ्य देखभाल और शिक्षा प्रदान करने का एक बाजार-निर्भर, व्यावसायिक तरीका भी उन्हें दीवार के तामचीनी या आम की किस्मों के स्तर तक नीचे लाता है। रक्षा कर्मी नागरिकों से अलग एक विशेष कोड और समर्पण के साथ सेवा करते हैं। इसी तरह, चिकित्सा, शिक्षा और प्रयोगशाला अनुसंधान भी बुनियादी हैं। इन विशेषज्ञों को बाजार से दूर रखने के लिए पर्याप्त प्रतिष्ठा और सामान्य सुविधाएं होनी चाहिए। यही वह हड़बड़ी है जहां मैमोन मनुष्य पर पूर्वता लेता है।

अस्पृश्यता उतनी ही अधिक या एक कठोर बाधा है, और इस प्रकार एक आधुनिक जातिवाद का परिणाम हुआ है- कुछ लोग इसे %पूंजीवाद% कहते हैं। पिछले 300 वर्षों में, जब से अर्थशास्त्र में कई औपचारिक ट्रैक्ट प्रकाशित होने लगे हैं, उपयोग मूल्य और विनिमय मूल्य जैसी अवधारणाओं को सभी प्रकार की सेवाओं में अप्रतिबंधित रूप से लागू किया गया है।

इस युग से पहले, ऐसा नहीं था कि चिकित्सा, वैज्ञानिक अनुसंधान और शिक्षा में दक्षता, सेवा का मानक और क्षमता में निरंतर उन्नयन नहीं था। बाजार के सिद्धांत हो सकते हैं, लेकिन इन बुनियादी बातों के लिए संघर्ष संभावित मैनाओं को चुप करा देता है।

## आप की बात

### तालिबान और महिलाएं

**अमेरिकी** विदेश मंत्री एंटनी ब्लिकंन ने इस बात को लेकर काफी नाराजगी जाहिर की है जिसमें तालिबान आज अफगानिस्तान में लड़कियों के स्कूल खोलने के अपने वायदे से बिल्कुल मुकर गया है। कारण तालिबान महिला आजादी कायम रखने एवं कक्षा 6 से ऊपर के स्कूलों को खोलने की बात कहकर भी अपने वादे से मुकर गया है एवं आज बच्चीयों को शिक्षा देने के वादे को पूरा करने में आज वह असफल रहा है गत वर्ष अमेरिकी सेना की वापसी के बाद से ही अफगानिस्तान पर तालिबान का कब्जा हो गया था एवं उसने शरीयत के अनुसार महिलाओं पर काफी प्रतिबंध लगा दिए थे जबसे तालिबान ने अफगानिस्तान पर कब्जा किया है उसने हमेशा वहां महिलाओं की आजादी के नाम पर चुप्पी साध रखी है एक तरह से तालिबानी शासन ने महिलाओं को वहां काल कोठरी में बंद कर दिया है वरना जब अफगानिस्तान में नजीब की सरकार थी तब वहां महिलाओं को काफी आजादी थी उन्हें नौकरी करने की भी सुविधा थी टीवी में भी वह एंकर थी पर जब से यह तालिबानी शासन आया है तब से महिलाएं वहां केवल भोगने की वस्तु बनकर रह गई है।

– **मनमोहन राजावत**, शाजापुर

### न्यायिक सुधार आवश्यक

**मुख्यमंत्रियों** और हाईकोर्ट के जजों के संयुक्त सम्मेलन में चीफ जस्टिस ने जजों की संख्या पर चिंता जताते हुए कहा कि देश में प्रति दस लाख आबादी में मात्र 20 जज ही हैं, जो बहुत ही कम है। सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस रमण ने कहा कि देश में न तो जज और न ही उनके फैसले विरोधात्मक हैं बल्कि न्यायिक प्रक्रिया ही विरोधात्मक है। जिला अदालतों में केसों के लंबित होने के मामले दो करोड़ 65 लाख से बढ़कर चार करोड़ 11 लाख हो गये हैं। लंबित मामलों में 54.64 प्रतिशत की तेजी आयी है।चीफ जस्टिस ने कहा कि कार्यपालिका कई बार अपनी मर्जी से निर्णय का बोझ न्यायपालिका पर डाल देती है। नीतिनिर्माण न्यायपालिका के अधिकार क्षेत्र में नहीं है लेकिन जब नागरिक अपनी शिकायत लेकर अदालत में पहुंचे तो अदालतें उसे मना नहीं कर सकती हैं। हर साल विलंबित न्याय को लेकर गोष्ठियां की जाती हैं। मगर नतीजे में पेंडिंग मुकदमों की संख्या निरंतर बढ़ रही है। लोग अब छोटी-मोटी परेशानियों को सह कर भी न्यायालय का दरवाजा नहीं खटखटाते हैं। ऐसे में सत्तारूढ़ दल की बन आती है। और लोग कोर्ट के बजाय नेताओं या गुंडों की शरण में जाने लगे हैं। जो कि देश की न्याय व्यवस्था पर कलंक है!

– **सुभाष बुड़ावनवाला**, रतलाम

### अधिकारों का हनन

**1870**, ब्रिटिश साम्राज्यवाद का दौर था जब हम गुलाम थे। उस दौर में ब्रिटिश साम्राज्यवादियों ने अपनी पकड़ भारत पर मजबूत करने के लिए भारतीय दंड संहिता विधान की धारा 124(ए) या राजद्रोह कानून लागु किया था। इसका सबसे मुख्य उद्देश्य था कि उनके खिलाफ कोई भी हिन्दोस्तानी बगावत करने की हिम्मत ना करे। ब्रिटिश सिंहासन पर कोई टिप्पणी करना तक 'देशद्रोह' माना जाता था। बाल गंगाधर तिलक सहित असंख्य स्वतंत्रता सेनानियों को इसी कानून के तहत जेलों में ठूंसा गया। आज भारत 75 साल से स्वतंत्र देश हैं, लेकिन आज की गणतांत्रिक सरकारें भी वही कर रही हैं जो गोरो ने किया! विचारों, शब्दों, कॉर्टून आदि की अभिव्यक्ति पर 'देशद्रोही' करार कर रही हैं, अपने विरोधियों को निशाना बना रही हैं। 124-ए में संशोधन जरूरी है ताकि सरकार और पुलिस की मानसिकता 'मानवीय' हो सके। राजनीतिक प्रतिशोध के लिए यह धारा सबसे कारगर हथियार साबित होती रही है। इसक दुरुपयोग किया जा रहा है। आलोचना और देशद्रोह मे फर्क होता है!

– **विभुक्ति बुपक्या**, आष्टा, मप्र

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



**हम** अदालतों में स्थानीय भाषाओं का प्रयोग प्रोत्साहित करते हैं। इससे आम आदमी का न्यायपालिका में विश्वास सुनिश्चित होगा।

– **नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री

**इसमें** कुछ समय लगेगा, अनेक बाधायें हैं। उच्च न्यायालयों में क्षेत्रीय भाषाओं के प्रयोग में समस्यायें हैं।

– **जस्टिस एन.वी. रमण**
भारत के प्रधान न्यायाधीश





**मेरी** सर्वोच्च प्राथमिकता वर्तमान, समकालीन व भावी परिस्थितियों में उच्च स्तरीय आपरेशनल तैयारी सुनिश्चित करना है।

– **जनरल मनोज पांडे**
नवनियुक्त थल सेना अध्यक्ष

# अगले साल से अटल आवासीय विद्यालयों का संचालन शुरू कराएं

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

## प्रस्तुतिकरण के दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को दिए निर्देश



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने सभी 18 मण्डलों में अटल आवासीय विद्यालयों का निर्माण तेजी से पूर्ण किये जाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि निर्माण चरणबद्ध ढंग से पूरा करते हुए विद्यालय को क्रियाशील किया जाए। उन्होंने विद्यालयों का संचालन वर्ष 2023 से प्रत्येक दशा में सुनिश्चित किये जाने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री सोमवार को अपने सरकारी आवास पर अटल आवासीय विद्यालयों की मानक संचालन प्रक्रिया के सम्बन्ध में प्रस्तुतीकरण पर अधिकारियों को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि विभागीय मंत्री और वरिष्ठ अधिकारी फील्ड में जाकर विद्यालय निर्माण और उसके संचालन की प्रगति की मॉनीटरिंग करें। समयबद्धता और गुणवत्ता के सम्बन्ध में लापरवाही पाए जाने पर सम्बन्धित के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि अवस्थापना सुविधाओं के तहत खेल के मैदान और कौशल विकास की भी व्यवस्थाएं सुनिश्चित हों। यह विद्यालय ऐसे मॉडल बनें, जिससे अन्य लोगों को भी प्रेरणा मिले। उन्होंने कहा कि विद्यालय के संचालन के अनुश्रवण हेतु राज्य, मण्डल तथा जनपद स्तर पर समितियों का गठन किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि विद्यालयों के प्रधानाचार्यों, शैक्षणिक तथा गैर शैक्षणिक कार्मिकों की तैनाती और पाठ्यक्रम निर्धारण के सम्बन्ध में शीघ्रता से कार्यवाही हो। योग्य व्यक्तियों का चयन पूरी पारदर्शिता के साथ सुनिश्चित किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि अटल आवासीय विद्यालयों और छात्रावास के भवनों का आर्कीटेक्चर भारतीय दर्शन व संस्कृति के अनुरूप हो। इसकी शैली उत्कृष्ट व जीवन्त हो। इसके निर्माण में आधुनिक तकनीक, डिजाइन और सुविधाओं का समावेश किया जाए। विद्यालय भवन में श्रमिकों के बच्चों एवं अनाथ बच्चों की आवश्यकताओं के अनुरूप व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। अपर मुख्य सचिव श्रम एवं सेवायोजन सुरेश चन्द्रा ने मुख्यमंत्री को अटल आवासीय विद्यालयों के निर्माण तथा संचालन के सम्बन्ध में प्रगति से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि विद्यालयों के निर्माण प्रक्रिया में तेजी लायी गयी है।

# अस्पतालों में आग से सुरक्षा के प्रभावी इंतजाम किए जाएं

**लखनऊ।** राज्य के सभी अस्पतालों और मेडिकल कॉलेजों में मरीजों, डॉक्टरों और कर्मचारियों के लिए एक सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित करते हुए सभी स्थानों पर अग्नि सुरक्षा और विद्युत सुरक्षा तंत्र को प्रभावी ढंग से लागू किया जाए। मुख्यमंत्री ने सोमवार को वरिष्ठ अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक करते हुए ये निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी अस्पतालों और मेडिकल कॉलेजों में अग्नि सुरक्षा और विद्युत सुरक्षा तंत्र की विस्तृत भौतिक समीक्षा की जाए। जहां भी आवश्यक हो, किसी भी प्रकार की गड़बड़ी से बचने के लिए सिस्टम को अपडेट किया जाना चाहिए। सरकार ने गर्मियों के बीच आग की घटनाओं को रोकने के लिए कई उपाय किए हैं, जिसमें ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए एकीकृत कमांड एंड कंट्रोल सेंटर का उपयोग करने से लेकर सभी तहसीलों में फायर टेंडर सुविधा का प्रावधान सुनिश्चित करना शामिल है। उन्होंने कहा कि एकीकृत कमान नियंत्रण केंद्र ने कोविड प्रबंधन में महत्वपूर्ण योगदान दिया था। अब इन केन्द्रों का उपयोग अग्नि सुरक्षा प्रबंधन पर चौबीसों घंटे निगरानी रखने के लिए किया जा रहा है ताकि किसी भी कमी या गड़बड़ी की स्थिति में सिस्टम को तत्काल प्रभाव से ठीक किया जा सके। प्रत्येक जिले में कार्यरत ये केंद्र प्राकृतिक आपदाओं जैसे गर्मी की लहरों, बाढ़ आदि के मामलों में भी लोगों को राहत दे रहे हैं।

# टीकाकरण और बूस्टर डोज के काम में तेजी लाएंः योगी

● कोविड से बचाव व उपचार की व्यवस्थाओं को पूरी तरह प्रभावी बनाए रखा जाएः सीएम

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**कोरोना** संक्रमण के लगातार बढ़ते मामलों के बीच मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बच्चों के टीकाकरण तथा वयस्कों को बूस्टर डोज लगाये जाने के कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि कोविड से बचाव व उपचार की व्यवस्थाओं को पूरी तरह प्रभावी बनाए रखा जाये।

मुख्यमंत्री सोमवार को लोक भवन में कोरोना संक्रमण की स्थिति की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में ट्रैक, टेस्ट, ट्रीट और टीकाकरण की नीति के सफल क्रियान्वयन से कोविड महामारी पर प्रभावी नियंत्रण बना हुआ है। जिन जनपदों में अधिक केस मिल रहे हैं, वहां सार्वजनिक स्थानों पर फेस मास्क लगाया जाना अनिवार्य किया जाये और कोविड टेस्ट की संख्या बढ़ाई जाए। कोविड पॉजिटिव पाए जा रहे लोगों के सैम्पल की जीनोम सिक्वेंसिंग का कार्य सतत जारी रखा जाए।

मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया कि पिछले 24 घण्टों में राज्य में कोरोना संक्रमण के 193 नए मामले सामने आए हैं। इस अवधि में 159 व्यक्तियों को सफल उपचार के उपरान्त डिस्चार्ज किया गया है। प्रदेश में कोरोना के सक्रिय मामलों की संख्या 1621 है। पिछले 24 घण्टे में प्रदेश में 96 हजार 242 कोरोना टेस्ट किए गए। अब तक राज्य में 11 करोड़ 15 लाख 11 हजार 795 कोविड टेस्ट सम्पन्न हो चुके हैं।

# राज्यपाल ने अक्षय तृतीया, परशुराम जयंती और ईद पर दी बधाई

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**राज्यपाल** आनंदीबेन पटेल ने अक्षय तृतीया, परशुराम जयंती तथा ईद उल फितर के अवसर पर प्रदेशवासियों को अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। राज्यपाल ने अक्षय तृतीया और परशुराम जयंती के अवसर पर प्रदेशवासियों को बधाई व शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भगवान परशुराम हमें बहादुरी और ईमानदारी का संदेश देते हैं। शुभ कार्यों की सिद्धि से जुड़ा यह पावन पर्व हमारे सभी संकल्पों को साकार करने की शक्ति प्रदान करता है। राज्यपाल ने ईद उल फितर पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह दिन समाज के भले के लिए सामूहिक सद्भाव, लगाव और सबको साथ लेकर चलने की भावना को बढ़ाएगा।

# समाज में धर्म व न्याय की स्थापना में महर्षि परशुराम का अतुलनीय योगदानः मुख्यमंत्री

● अक्षय तृतीया व परशुराम जयन्ती पर सीएम ने दीं शुभकामनाएं

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने अक्षय तृतीया तथा परशुराम जयन्ती पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा है कि सनातन संस्कृति में अक्षय तृतीया को अत्यन्त पुण्यदायी तिथि माना गया है। अक्षय तृतीया युगादि तिथि है अर्थात इस तिथि को अनेक युगों से मनाया जा रहा है। भगवान विष्णु सारी सृष्टि के संरक्षक हैं। अक्षय तृतीया की तिथि को भगवान विष्णु का आशीर्वाद प्राप्त है। श्रद्धालुओं द्वारा इस तिथि को भगवान विष्णु के लक्ष्मीनारायण रूप का विशेष रूप से पूजन किया जाता है। अक्षय तृतीया की तिथि सभी शुभ एवं मांगलिक कार्यों के लिए उत्तम मानी जाती है। इसी तिथि को भगवान परशुराम की जयन्ती भी मनायी जाती है। समाज में धर्म एवं न्याय की स्थापना में महर्षि परशुराम का अतुलनीय योगदान है। उन्होंने कहा कि धर्म और न्याय के मार्ग का अनुसरण करके ही लोक कल्याण एवं लोक मंगल का संकल्प पूरा किया जा सकता है। मुख्यमंत्री ने लोगों से कोरोना संक्रमण के दृष्टिगत सभी सावधानियां बरतते हुए अक्षय तृतीया तथा परशुराम जयन्ती के अनुष्ठान सम्पन्न करने की अपील की है।

**मुख्यमंत्री ने ईद पर दी बधाई**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ईद पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि ईद का त्यौहार खुशी और मेल-मिलाप का सन्देश लेकर आता है। खुशियों का यह त्यौहार सामाजिक एकता को मजबूत करने के साथ ही आपसी भाईचारे की भावना को बढ़ाता है। यह पर्व अमन-चैन और सौहार्द का संदेश देता है।

# जन समस्याओं का त्वरित गति से किया जाए निदानः केशव



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**उपमुख्यमंत्री** केशव प्रसाद मौर्य ने सोमवार को 7 कालीदास मार्ग स्थित कैम्प कार्यालय पर विभिन्न जनपदों से आये लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं के त्वरित निस्तारण का आश्वासन दिया। उन्होंने जनसुनवाई के दौरान एक-एक व्यक्ति की समस्या को पूरी गम्भीरता से सुना तथा समस्याओं के निराकरण हेतु सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए हैं कि समस्याओं का निराकरण इस प्रकार किया जाय कि समस्याग्रस्त व्यक्ति पूरी तरह से संतुष्ट रहें और उन्हें दुबारा कहीं भटकना न पड़े और बार .बार चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने महिलाओं, दिव्यांगों, बुजुर्गों की समस्याओं व शिकायतों को सुना और उन्हें प्राथमिकता के आधार पर संबंधित अधिकारियों को त्वरित गति से निदान करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जनता दर्शन में भूमि विवाद, दुर्घटनाओं से संबंधित एअवैध कब्जे, शिक्षा, स्वास्थ्य आदि से संबंधित विभिन्न समस्याएं प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए लोगों ने रखी। कई प्रकरणों में उन्होंने सम्बंधित विभागों के उच्चाधिकारियों से वार्ता भी की।

# योगी सरकार का एक और रिकॉर्ड, आरोग्य मेलों में एक करोड़ लोगों का उपचार

**लखनऊ।** राष्ट्रीय स्तर पर योगी सरकार ने स्वास्थ्य के क्षेत्र में एक और रिकॉर्ड कायम किया है। कोरोना के बावजूद पिछले दो साल में 42 मुख्यमंत्री जनआरोग्य मेलों में एक करोड़ लोगों का उपचार किया गया है। इतना ही नहीं, उपचार के लिए अब तक 1.53 लाख लोगों को हायर सेंटर रेफर किया गया है। सीएम योगी ने सोमवार को एक उच्च स्तरीय बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर आयोजित होने वाले इन मेलों से अधिक से अधिक लोगों को लाभान्वित करने का प्रयास किया जाए। सीएम योगी ने कोरोना काल से पहले दो फरवरी 2020 को मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला का शुभारंभ किया था। बीच में कोरोना की वजह से मेलों का आयोजन बाधित भी हुआ, लेकिन मेलों की सफलता को देखते हुए इसे फिर से संचालित करने का निर्णय लिया। मेलों में अब तक 8.73 लाख गोल्डन कार्ड बांटे जा चुके हैं।

# यूपी में भी राष्ट्रीय रक्षा विवि के कैम्पस की स्थापना पर सरकार कर रही विचार

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश में राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय के कैम्पस की स्थापना पर योगी सरकार विचार कर रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से बीते रविववार को उनके लखनऊ स्थित सरकारी आवास पर राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय के कुलपति बिमल एन.पटेल से हुई मुलाकात और चर्चा के बाद इस बारे में मंथन शुरू हुआ है। राज्य सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि मुख्यमंत्री ने कुलपति से भेंट के दौरान उत्तर प्रदेश में इसके क्षेत्रीय परिसर की स्थापना, अवस्थापना संबंधी सुविधाओं, शैक्षणिक एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारम्भ करने आदि के बारे में विस्तार से जानकारी प्राप्त की। उन्होंने प्रस्ताव पर प्रदेश सरकार द्वारा पूर्ण सहयोग दिए जाने का आश्वासन दिया है। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी भी मौजूद रहे। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय सुरक्षा एजेंसियों एवं पुलिस सेवा के क्षेत्र में कार्य करने के लिए दक्ष कर्मियों की उपलब्धता, शोध, प्रशिक्षण एवं आंतरिक-वाह्य सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषयों के दृष्टिगत भारतीय संसद द्वारा वर्ष 2020 में राष्ट्रीय सुरक्षा विश्वविद्यालय की स्थापना की गयी है। कुलपति बिमल एन. पटेल ने बताया कि प्रधानमंत्री व गृह मंत्री के निर्देशों के अनुसार इस विश्वविद्यालय का उद्देश्य प्रशिक्षित युवाओं को सुरक्षा बल के लिए तैयार करना है। संस्थान पुलिस विज्ञान में डिप्लोमा, औद्योगिक व निजी सुरक्षा में डिप्लोमा, शारीरिक शिक्षा व साइबर सुरक्षा में सर्टिफि कट कोर्स आदि का आयोजन करता। आगामी शैक्षणिक सत्र में चरणबद्ध तरीके से पुलिस प्रशासन, क्रिमिनोलोजी अपराध शास्त्र, मनोविज्ञान, साइबर सुरक्षा आदि विषयों में स्नातक, परास्नातक, पीएचडी आदि पाठ्यक्रम प्रस्तावित हैं।

# उत्पादन अगर बढ़ा है तो कोयले का संकट कैसे हो गयाः संजय सिंह

**लखनऊ।** आम आदमी पार्टी के यूपी प्रभारी व राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने भीषण गर्मी में गहराए बिजली संकट पर कोयले को लेकर हो रही राजनीति पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने आरोप लगाया है कि यूपी की आदित्यनाथ सरकार कोयले की कमी दिखाकर एक और भ्रष्टाचार करने जा रही है। संजय सिंह ने सोमवार को ट्वीट कर कहा कि अगर कोयले का उत्पादन 27 प्रतिशत बढ़ा है तो कोयले का संकट कैसे हो गया, मतलब साफ है कि मामला भ्रष्टाचार का है। पहले कोयले का संकट पैदा करो फिर अडानी से महंगी बिजली और कोयला ख़रीदो। जनता को महंगी बिजली दो। अपने दूसरे ट्वीट में उन्होंने कहा कि कोल इंडिया ने तो उत्पादन में सारे रिकार्ड तोड़ दिए तो क्या ये कृत्रिम कोयला संकट अडानी के लिए खड़ा किया गया है। चंद पूंजीपति मित्रों को फायदा पहुंचाने के लिए पीएम मोदी ने तो पूरे देश को संकट में डाल दिया। क्या यही सच्ची देशभक्ति है। आप सांसद ने कहा कि एक तरफ समाचार पत्रों में छपी खबरें बता रही हैं कि यूपी में कोयले की कमी नहीं है। दूसरी तरफ आदित्यनाथ सरकार कोयले संकट बताकर यूपी की भोली-भाली जनता को बेवकूफ बना रही है। उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी में बिजली का संकट यूपी की जनता के लिए सबसे बड़ी आफत बन गया है।

# स्ट्रीट वेंडरों को कर्ज देने में यूपी पहले नम्बर पर

● शहरी स्वरोजगार देने में लखनऊ, कानपुर अव्वल

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**शहरों** में स्व.रोजगार को बढ़ावा देने में प्रदेश ने अभूतपूर्व सफलता हासिल की है। पिछले पाँच वर्षों में नगरीय रोजगार के लिए चलाई जा रही प्रधान मंत्री स्वनिधि योजना में स्ट्रीट वेंडर को ऋण वितरित करने में देश में प्रथम स्थान पर है। उप्र में देश में सर्वाधिक 8 लाख वेंडर्स को ऋण वितरित किये गए और 12442 लाभार्थियों को द्वितीय चरण का ऋण भी वितरित किया जा चुका है। ऋण वितरण में लखनऊ व कानपुर देश में अग्रणी शहर हैं।

विभाग द्वारा प्रस्तुत की गई कार्ययोजना के अनुसार आगामी 100 दिनों में 55000 स्ट्रीट वेंडर्स को स्वनिधि योजना के अंतर्गत ऋण वितरित किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि पिछले 5 वर्षों में कुल 2 करोड़ डिजिटल ट्रांजेक्शन रेहड़ी पटरी वालों द्वारा सम्पन्न किये गए है। प्रदेश की जनसंख्या का 24 प्रतिशत शहरों में बसता है और इस वर्ग का प्रदेश के जीडीपी में 65 प्रतिशत योगदान है। प्रदेश में कुल नगर निकायों की संख्या 734 है जिनमें 17 नगर निगम 200 नगर पालिका परिषद और 517 नगर पंचायत हैं। नगरों के आधुनिकीकरण के लिए चलाई जा रही योजनाओं में स्मार्ट सिटी मिशन के अंतर्गत 2160 करोड़ का बजट प्रावधान है। पिछले पाँच वर्षों में इस मिशन को लागू करने में देश में प्रथम स्थान पर है। स्मार्ट सिटी मिशन के अंतर्गत किये जाने वाले कार्यों में उप्र के 5 शहर देश के शीर्ष 20 शहरों में शामिल हैं। मिशन के अंतर्गत चिन्हित 10 स्मार्ट शहरों में 230 कार्य पूर्ण कर लिए गए हैं।

# सत्ताधारी पार्टी के अन्याय का डटकर मुकाबला करेंगे

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि प्रदेश की जनता में घोर निराशा है। सरकार में आने के बाद भी भाजपाइयों के चेहरे बुझे हुए हैं। क्योंकि वे समझ रहे हैं कि सत्ता में वे कैसे आए हैं, जनता ने सपा पर भरोसा जताया है। उन्होंने कहा सत्ताधारी पार्टी के अन्याय का डटकर मुकाबला करेंगे। सपा मुखिया अखिलेश ने यह बात मोहनलालगंज के समेसी बाजार क्षेत्र के भवानी खेड़ा गांव में वरिष्ठ समाजवादी नेता स्वर्गीय राम स्वरूप सिंह यादव की प्रतिमा के अनावरण के मौके पर कही।



अखिलेश यादव ने कहा केजीएमयू, लोहिया इंस्टीट्यूट, बलरामपुर जैसे अस्पतालों को बजट नहीं मिल रहा है। जनता को इलाज नहीं मिल रहा। चंदौली में पुलिस की पिटाई से आरोपी की बहन की मौत के मामले पर उन्होंने कहा कि घटना घोर निंदनीय है। मुसलमान भाइयों के साथ घोर अत्याचार हो रहा है। पुलिस के खिलाफ धारा 302 के तहत मुकदमा दर्ज होना चाहिए। उन्होंने कहा कि भाजपा जातिवादी पार्टी है। भाजपा की सरकार में केंद्र से राज्य तक जातिवाद की भरमार है। भाजपा की सरकार भ्रष्टतम है। श्री यादव ने बढ़ती गर्मी की चर्चा करते हुए कहा कि 50 डिग्री तक तापमान पहुंच सकता है। प्रदेश में बिजली संकट है क्योंकि पिछले पांच सालों में भाजपा ने एक यूनिट बिजली नहीं बनाई।

# प्रयागराज की तत्कालीन जिला उद्यान अधिकारी व क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी बस्ती मंडल निलंबित

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**सरकार** ने सोमवार को दो अधिकारियों को निलंबित कर दिया। जहां उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार तथा कृषि निर्यात राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार दिनेश प्रताप सिंह ने प्रतिभा पाण्डेय तत्कालीन जिला उद्यान अधिकारी प्रयागराज को वित्तीय अनियमितताओं के आरोप में तत्कालिक प्रभाव से निलंबित कर दिया है और उनके विरूद्ध अनुशासनिक कार्यवाही करने के निर्देश दिये है। इसके अलावा विनीत कुमार तत्कालीन उप निदेशक उद्यान प्रयागराज के विरूद्ध भी उत्तर प्रदेश सरकारी सेवक नियमावली के अधीन अनुशासनिक कार्रवाई किये जाने का निर्देश दिये हैं। वहीं पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी, बस्ती मंडल अरविन्द कुमार राय को उत्तर प्रदेश कर्मचारी आचरण नियमावली का उल्लंघन किये जाने के आरोपों में तत्कालिक प्रभाव से निलंबित कर दिया है। इस प्रकरण की जांच हेतु आयुक्त बस्ती मंडल को जांच अधिकारी नामित किया गया है। यह जानकारी पर्यटन मंत्री ने सोमवार को मुख्य विधान भवन स्थित अपने कार्यालय कक्ष में दी। वहीं उद्यान मंत्री ने बताया कि तत्कालीन जिला उद्यान अधिकारी, प्रयागराज प्रतिभा पाण्डेय द्वारा जनपद प्रयागराज में तैनाती के समय एकीकृत बागवानी विकास मिशन में केला की खेती, राष्ट्रीय कृषि विकास के योजनान्तर्गत पान बरेजा का निर्माण तथा प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के अंतर्गत 'पर ड्रॉप मोर क्रॉप' माईक्रोइरीगेशन योजनाओं में श्रीमती पाण्डेय द्वारा 133.78 लाख रूपये का अनियमित भुगतान करके सरकारी खजाने का दुरूपयोग करने का मामला प्रकाश में आया है।

# बीएसए बुलंदशहर को नोटिस

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**जन** सूचना अधिकार अधिनियम के तहत सूचना न देने के आरोप में शासन स्तर पर बीएसए बुलंदशहर अखण्ड प्रताप सिंह को नोटिस जारी कर जवाब न देने के एवज में स्पष्टीकरण मांगा गया है। सोमवार को बेसिक शिक्षा विभाग के विशेष सचिव आरवी सिंह ने निर्देश जारी किया है कि आरटीआई के तहत जैनेन्द्र सिंह ने वर्ष 2019 जून में सूचना मांगी थी। सूचना न मिलने पर सूचना आयोग में अपील की गई। सितम्बर 2021 में आयोग ने व्यक्तिगत उपस्थित के लिए निर्देश जारी किया लेकिन वहीं शासन ने भी व्यक्तिगत उपस्थिति के साथ रिपोर्ट मांगी लेकिन इसके जवाब में पत्र से स्पष्टीकरण प्राप्त हुआ जो संतोषजनक नहीं था।

# स्वास्थ्य सुविधाओं के दावे का उप मुख्यमंत्री की जांच में हो रहा खुलासाः रालोद

**लखनऊ।** राष्ट्रीय लोकदल उप्र के वरिष्ठ नेता सुरेन्द्रनाथ त्रिवेदी ने कहा कि उप्र के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक की प्रशंसनीय कार्य शैली ने राष्ट्रीय लोकदल तथा अन्य विपक्ष के उन आरोपो पर मुहर लगा दी है जोकि विगत योगी सरकार की लचर स्वास्थ्य व्यवस्थाओं पर लगते रहे थे। योगी सरकार पार्ट.1 के प्रारम्भ से ही स्ट्रेचर से लेकर औषधि वितरण तथा मेडिकल स्टाफ की गैर मौजूदगी ने आम जनता में भयावह स्थिति पैदा कर दी थी। आज भी स्थिति ज्यों की त्यों है, जिसका उपमुख्यमंत्री और प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री के ताबड़तोड़ निरीक्षण में खुलासा हो रहा है। त्रिवेदी ने कहा कि कोरोना काल में लाखों लोग ऑक्सीजन के अभाव में असमय काल के गाल में समा गये।

# स्कूल चलो अभियानः वाराणसी अव्वल, दूसरे पर जौनपुर

## लखनऊ की हालत खराब, रिपोर्ट में 37वें पायदान पर, महोबा सबसे नीचे

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

| शहर | निर्धारित लक्ष्य | प्राप्त लक्ष्य | कुल प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| ■ वाराणसी | 43087 | 76129 | 176.69 |
| ■ जौनपुर | 94813 | 107871 | 113.77 |
| ■ भदोही | 35990 | 38944 | 108.21 |
| ■ झांसी | 29768 | 30447 | 102.28 |
| ■ हमीरपुर | 23325 | 23629 | 101.30 |
| ■ गाजीपुर | 62389 | 62671 | 101.45 |
| ■ लखनऊ | 43747 | 31953 | 73.04 |

**बेसिक** शिक्षा परिषद की ओर से संचालित स्कूल चलो अभियान के तहत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का संसदीय क्षेत्र वाराणसी इस बार पहले स्थान पर है। जबकि जौनपुर दूसरे स्थान पर रहा है। शैक्षिक सत्र 2022-23 में स्कूल चलो अभियान में 75 जिलों की जारी रिपोर्ट में राजधानी लखनऊ 37वें स्थान पर है। रिपोर्ट में लक्ष्य को पूरा करने से लखनऊ को थोड़ी दूर पाया गया है। जबकि महोबा में सबसे कम लक्ष्य के सापेक्ष महज 32.50 फीसद ही नामांकन हुए हैं।

बेसिक शिक्षा परिषद की ओर से संचालित प्राथमिक और जूनियर विद्यालयों में दो करोड़ बच्चों का नामांकन कराने का लक्ष्य है। नई सरकार के गठन के बाद इस बार स्कूल चलो अभियान में ज्यादा से ज्यादा बच्चों के नामांकन का लक्ष्य सरकार की ओर से रखा गया था। सरकार ने पिछली बार के लक्ष्य से 20 लाख ज्यादा बच्चों का नामांकन कराने का लक्ष्य सभी जिलों के बीएसए को दिया था। 30 अप्रैल तक चले स्कूल चलो अभियान में विभाग की ओर से जारी रिपोर्ट में 75 जिलों में राजधानी लखनऊ 37वें नंबर है। वहीं पहले नंबर पर पीएम मोदी का संसदीय क्षेत्र वाराणसी रहा। जारी रिपोर्ट में केवल छह जिले ऐसे है जिन्होंने निर्धारित लक्ष्य को पूरा करने में कामयाब रहे हैं। एक माह चले स्कूल चलो अभियान में प्रदेश के सभी 75 जिलों की बात करें तो वाराणसी ने अपने निर्धारित लक्ष्य से काफी ज्यादा स्टूडेंट्स का बेसिक स्कूलों में नामांकन कराने में कामयाब रहा है। वाराणसी को सत्र 2022-23 में इस बार 43087 नए स्टूडेंट्स के नामांकन कराने का लक्ष्य दिया गया था। लेकिन वहां इससे अधिक 76129 नए स्टूडेंट्स का नामांकन कराया गया। वाराणसी में कुल 176.69 प्रतिशत नए स्टूडेंट्स का नामांकन हुआ है। वहीं दूसरे नंबर पर जौनपुर रहा जबकि तीसरे पर भदोही रहा।

जिसने 108.21 प्रतिशत तक नामांकन का लक्ष्य प्राप्त किया है। जबकि लखनऊ को 43747 नए स्टूडेंट्स के नामांकन का लक्ष्य दिया गया था। जिसमें राजधानी में कुल 31953 स्टूडेंट्स का नामांकन कराने में सफल रहे हैं। लखनऊ अपने निर्धारित लक्ष्य 73.04 प्रतिशत तक ही पहुंच पाया है।

# नीतियों का कमाल घटी बेरोजगारी दर

**लखनऊ।** प्रदेश बेरोजगारी दर घटती नजर आ रही है। देश में बेरोजगारी और कारोबारी गतिविधियों की निगरानी करने वाले संगठन सेंटर फॉर मॉनीटरिंग इंडियन इकोनॉमी के मासिक आंकड़ों के अनुसार देश में समग्र तौर पर उत्तर प्रदेश में बेरोजगारी दर अप्रैल 2022 में घटकर 2.9 फीसदी रह गई है, जो मार्च में 4.4 फीसदी पर थी। कोरोना पर नियंत्रण के साथ योगी सरकार ने बेरोजगारी पर काबू पाने का रिकॉर्ड बना दिया है। सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकोनॉमी के ताजा सर्वे के आंकड़े इस बात की तस्दीक कर रहे हैं कि उत्तर प्रदेश में बेरोजगारी दर 2.9 फीसदी दर्ज की गई है। जो मार्च के मुकाबले काफी कम है। रिपोर्ट के मुताबिक रोजगार उपलब्ध कराने के मामले में दिल्ली, पंजाब, राजस्थान, पश्चिम बंगाल, केरल और तमिलनाडु जैसे राज्यों के मुकाबले यूपी काफी आगे है। रिपोर्ट के मुताबिक राजस्थान में बेरोजगारी दर का आंकड़ा 28.8 फीसदी है जबकि देश की राजधानी दिल्ली की स्थिति रोजगार के लिहाज से बेहद खराब है।

# ईद पर प्रदेश में सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**ईद**-उल-फितर त्योहार को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रदेश में सुरक्षा के व्यापक बंदोबस्त किए गए हैं। इस वर्ष कुल 7436 ईदगाह तथा 19949 मस्जिदों सहित कुल 32151 स्थानों पर नमाज अता की जाएगी। एडीजी कानून व्यवस्था प्रशांत कुमार ने बताया कि संवेदनशीलता के आधार पर 2846 स्थानों को चिन्हित करते हुए वहां पर विशेष पुलिस प्रबंध किए गए हैं। मुख्यालय स्तर से 46 कंपनी पीएसी, सात कंपनी सीएपीएफ की तैनाती की गई है। मुख्यालय व जिलों के सोशल मीडिया सेल को विशेष रूप से एक्टिव करते हुए सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म पर 24 घंटे सतर्क दृष्टि रखने के निर्देश दिए गए हैं ताकि किसी भी अफवाह का खंडन तथा आपत्तिजनक तथ्यों का प्रसार रोका जा सके।

एडीजी ने बताया कि उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा अब तक ईद के सम्बन्ध में धर्मगुरुओं के साथ वार्ता के लिए 29808 बैठकें की गयी हैं तथा सहमति के आधार पर 60150 लाउडस्पीकर हटाए गए हैं। ,तथा 60178 लाउडस्पीकरों की आवाज कम की गयी हैं। डीजीपी मुख्यालय की ओर से जनपदों को निर्देशित किया गया है कि इस अवसर पर विद्युत विभाग, जलकल विभाग, नगर निगम के अधिकारियों के साथ बैठक कर पानी, साफ-सफाई व बिजली की सुचारू व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। आवारा पशुओं के विचरण को नमाज के दौरान निषेध किया जाए तथा लगातार समन्वय स्थापित किया जाए। सभी जनपदों को त्योहार रजिस्टर के अनुसार परम्परागत तरीके से ही ईद का त्योहार मनाने के निर्देश देते हुए कोई भी नई परम्परा का आरम्भ न करने का ध्यान रखने को बताया गया है। ईद की पूर्व रात्रि से ही सभी मस्जिदों व ईदगाहों के आसपास सघन पुलिस पैट्रोलिंग कराने के निर्देश दिये गए हैं जिससे अवांछनीय तत्वों द्वारा कोई आपत्तिजनक हरकत न की जा सके। इसके अतिरिक्त धार्मिक स्थलों पर लगे ध्वनि विस्तारक यन्त्रों की आवाज भी नियमानुसार ही रखने के सम्बन्ध में निर्देश दिए गए हैं।

# योजनाओं का लाभ धरातल पर दिखना चाहिएः भूपेन्द्र चौधरी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** के वित्त आयोग के द्वारा पंचायत भवनों के निर्माण हेतु निर्धारित लक्ष्य 24617 के सापेक्ष 21629 पंचायत भवनों का निर्माण कराया गया है। सोमवार को यह जानकारी पंचायतीराज मंत्री भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने दी है। पंचायतीराज मंत्री ने बताया कि बलिया, सहारनपुर, आजमगढ़, बुलंदशहर, हापुण, कुशीनगर, बिजनौर, सिद्धार्थनगर एवं एटा द्वारा लक्ष्य के सापेक्ष 75 प्रतिशत से अधिक भवनों का निर्माण कार्य कराया गया है। उन्होंने कहा कि समस्त विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिये गये हैं कि पंचायत भवनों के निर्माण में पूरी पारदर्शिता, गुणवत्ता एवं समयबद्धता का विशेष ध्यान रखा जाय। किसी स्तर पर अधोमानक निर्माण कार्य पाये जाने पर सम्बंधित अधिकारी की जवाबदेही तय करते हुए कठोर कार्यवाही की जायेगी। पंचायतीराज मंत्री ने कहा कि 100 दिन के एजेन्डे के तहत शामिल किये गये कार्यों एवं लक्ष्यों को निर्धारित समय में प्राप्त किया जाय एवं 6 माह, 1 वर्ष, 2 वर्ष एवं 5 वर्ष के लिए भी कार्ययोजना तैयार कर तेजी से कार्यवाही शुरू की जाय। उन्होंने कहा कि योजनाओं का लाभ धरातल पर दिखना चाहिए, इसमें किसी प्रकार की उदासीनता के लिए कोई जगह नहीं है।

पायनियर
नई दिल्ली, मंगलवार, 3 मई, 2022



120 गांवों की 2 लाख की आबादी चार दिनों से अंधेरे में, गर्मी में बुरा हाल

# मंत्री/सांसद के इलाके की बत्ती गुल!




- एक्स एलपी केबिल पंचर होने से अंधेरे में हैं हरगांव और लहरपुर के गांव
- केसरीगंज में अंडरग्राउंड केबिल सड़क निर्माण के चलते हुई पंक्चर
- मानकविहीन होने के चलते दग गई केबिल गर्मी में बिन बिजली लोगों का हाल-बेहाल

संवाददाता। सीतापुर

**यूं तो बिजली** को लेकर समूचे उत्तर प्रदेश में हाय तौबा मची हुई है, लेकिन राजधानी से सटे सीतापुर जनपद का एक इलाका ऐसा है जहां का प्रतिनिधित्व भाजपा के सांसद और उत्तर प्रदेश के कारागार राज्यमंत्री करते है, इस इलाके में पिछले 4 दिनों से बिजली गुल है, ऐसे एक दो गांव नहीं है बल्कि 120 से भी ज्यादा गांव है जहां की 2 लाख से भी ज्यादा आबादी को पिछले चार दिनों से बिजली के दर्शन नहीं हुए है। इस भीषण गर्मी में इन गांव वालों का बहुत ही बुरा हाल है, बिन बिजली वाला यह इलाका लहरपुर और हरगांव में पड़ता है, 4 दिनों से बिजली न आने के पीछे की मुख्य वजह केसरीगंज में अंडर ग्राउंड पड़ी एक्स एलपी केबिल का पंचर होना बताया जा रहा है। 350 मीटर पड़ी अंडर ग्रांउड केबिल मानकविहीन होने के चलते ध्वस्त हो गई, जिसको ठीक कराने में विद्युत कर्मियों को पसीने छूट रहे है। विद्युत अधिकारियों का कहना है कि जब तक केबिल ठीक नहीं होगी तब तक बिजली की सप्लाई हो पाना मुश्किल है। इस इलाके के 13 हजार उपभोक्ता प्रभावित हुए है, हरगांव की 82 ग्राम पंचायतों और लहरपुर तहसील के 40 गांवों जिसमें 30 झाले भी शामिल है में हाहाकार मचा हुआ है। अब आइये आपको इलाके के लोगों का कहना है कि बिजली कब आती है चली जाती है किसी को पता नहीं है। चुनाव के पहले अच्छी बिजली आती थी लेकिन अब तो बिलकुल बिजली नहीं आ रही है। विगत 5 दिनों से विद्युत आपूर्ति की हालत दयनीय करार देते हुए उपभोक्ता केशव वर्मा, यशपाल यादव, सुधाकर मिश्रा व पंकज सिंह ने बिजली आने पर सरकार को जिम्मेदार ठहराया है। एक माह से रोस्टिंग के नाम पर हो रही भारी कटौती के बाद विगत चार दिनों में तो मुश्किल से डेढ़ घंटे ही बिजली मिली है। भठपुरवा के उपभोक्ता प्रताप नारायण तिवार ने पायनियर को एसडीओ और जेई संतोषजनक जवाब देना भी मुनासिब नहीं समझते है।

# सुरक्षा और सफाई व्यवस्था के बीच आज धूम से मनेगी ईद

- ईदगाह पर सफ़ाई को लेकर ईओ ने कर्मचारियों को दिए कड़े निर्देश
- ईओ ने कहा कि ईद पर सफ़ाई व्यवस्था पर रहेगा विशेष जोर
- सुरक्षा-व्यवस्था के बीच आज ईद की अदा करेंगे नमाज

संवाददाता। सीतापुर



**कोरोना के** चलते पिछले दो सालों से ईदगाह पर ईद की नमाज नहीं अदा की गई थी, जिसको लेकर सभी अकीदतमंद घर पर ही नमाज अदा करके ईद मनाते थे। लेकिन इस बार लोग खरीददारी भी खूब कर रहे है और अच्छे से त्यौहार मनाएंगे। कोरोना प्रकोप कम होने के बाद इस बार पुलिस व प्रशासन की तरफ से भी तैयारियों को लेकर सुरक्षा व्यवस्था व सफ़ाई व्यवस्था पर खासा ध्यान दिया गया है। ईद से पूर्व नगर पालिका के ईओ वैभव त्रिपाठी ने खुद ईदगाह पहुंचकर वहां पर सफ़ाई व्यवस्था का हाल जाना व सफ़ाई कर्मियों को बुलाकर ईदगाह को साफ करवाया व ईदगाह के किनारे-किनारे चूना भी डलवाया जिससे गंदगी न रह जाए। ईओ वैभव त्रिपाठी ने कहा कि जिलाधिकारी के निर्देश पर ईदगाह को चमकाया जा रहा है और ईद त्यौहार को स्वच्छता के साथ मनाया जाए, इसी को लेकर शहर को चमकाया जा रहा है। ईदगाह कमेटी के सदस्यों से भी चर्चा की जा चुकी है कोई समस्या हो तो उन्हें बताने के लिए बताया जा चुका है।

## भाकी मात्रा में अफीम बरामद तस्कर गिरफ्तार

**बरेली** । पुलिस ने एक अफीम तस्कर को गिरफ्तार करते हुए उसके पास से बड़ी मात्रा में अफीम बरामद की गिरफ्तार तस्कर को पुलिस ने जेल भेजा। सिरौली थाना क्षेत्र के गांव लभारी निवासी नेंबर पुत्र खेतल को पुलिस ने आज मुखबिर की सूचना के बाद गिरफ्तार कर लिया गिरफ्तारी के बाद तलाशी के दौरान उसके पास से पुलिस ने 3 किलो 100 ग्राम अफीम बरामद की पुलिस को पूछताछ के दौरान गिरफ्तार किए गए तस्कर ने बताया कि वो झारखंड से थोक भाव में अफीम खरीदने के बाद उसे पंजाब के चंडीगढ़ और अंबाला इलाके में फुटकर में बेचता था जिससे उसे बहुत फायदा होता है गिरफ्तार किए गए तस्कर को जेल भेजकर पुलिस ने उसके द्वारा अर्जित की गई संपत्ति की जांच शुरू कर दी।

## आकाशवाणी पर शायरी सुनाएंगे इलियास चिश्ती



**लखीमपुर खीरी।** शायरी और उर्दू पत्रकारिता क्षेत्र में अपनी पहचान बनाने वाले खीरी टाउन के निवासी इलियास चिश्ती को आकाशवाणी लखनऊ से अपनी कवितायें सुनाने का एक मौका मिला है। वे इससे पूर्व नेशनल चैनल पर भी प्रतिभाग कर चुके हैं।इस के अलावा समाचार टीवी चैनलों पर भी श्रोताओं से उन्हें वाहवाही हासिल हुई है। मुशायरों एकवि सम्मेलनए काव्य गोष्ठी के जरिये इलियास चिश्ती साहित्यिक क्षेत्र में जनपद का नाम रौशन करते रहे हैं। बताते चलें कि उनकी शायरी की किताब उर्दू एकेडमी में मंजूरी के लिए जमा है। उनके लेख और शायरी हिंदी उर्दू अखबारों में बराबर प्रकाशित हो रही हैं।उल्लखनीय है कि इलियास चिश्ती जनपद के बेहतरीन शायरों में शुमार होता है और वो इंटरनेशनल शायरों के साथ पंच भी साझा करते रहते हैं आकाशवाणी लखनऊ से 6 मई 2022 को प्रात: 9 बजकर 30 मिनट पर प्रसारित होने वाले उर्दू कार्यक्रम के तहत आयोजित शेरी नशिस्त में इलियास चिश्ती एक जनपद का प्रतिनिधित्व करेंगे जिसकी रिकार्डिंग 4मई को होगी।इस बात की जानकारी उन के गुरु डॉक्टर अखलाक हरगामी ने बताया कि 4मई को इलियास चिश्ती की रिकार्डिंग होगी जिसका निमंत्रण उनको मिल चुका है।

## मेडिकल स्टोर मालिक से मारपीट

**बरेली** । बिना पर्ची के दवा देने से इनकार करने पर पिता-पुत्र ने मेडिकल स्टोर मालिक और उसके बेटे के साथ मारपीट की।सुभाष नगर थाना क्षेत्र के शांति विहार बदायूं रोड निवासी देशराज सिंह और उसके और उसके पिता चंद्रपाल सिंह को बीती रात लगभग 10 बजे सुभाष नगर की जोगेंद्र कॉलोनी निवासी जीवन कंचन और उसके बेटे बासु कंचन ने पिटाई करने के बाद मेडिकल स्टोर का शीशा तोड़ दिया देशराज सिंह ने बताया बीती रात लगभग 10 बजे जीवन कंचन अपने बेटे बासु कंचन के साथ 84 घंटा मंदिर के पास स्थित उसके भगवती मेडिकल स्टोर पर दवा लेने आया था लेकिन उसके पास पर्चा नहीं था तब देशराज सिंह ने उसे बिना परिचय के दवा देने से इंकार कर दिया इससे नाराज जीवन कंचन और उसके बेटे बासु कंचन ने उसके साथ गाली-गलौज शुरू कर दी और विरोध करने पर मेडिकल स्टोर का शीशा तोड़ने के बाद उसके साथ मारपीट की घटना की शिकायत पुलिस से कर दी गई मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों के बीच समझौते की कोशिश शुरू कर दी।

## आज के छात्र ही राष्ट्ररूपी नौका के कर्णधार बनेंगे

संवाददाता। महमूदाबाद सीतापुर

**आज के छात्र** ही कल राष्ट्र रूपी नौका के कर्णधार बनेंगे इसलिए इनके चौमुखी विकास पर ध्यान देना अत्यंत आवश्यक है उक्त विचार छात्र अलंकरण समारोह में महमूदाबाद की विधायक आशा मौर्या ने व्यक्त किए पं0 संतोषी लाल शुक्ल मेमोरियल इंटर कॉलेज चांदपुर बाजार महमूदाबाद सीतापुर में बहुत ही शानदार तरीके से प्राइमरी व जूनियर वर्ग के विद्यार्थियों का वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह संपन्न हुआ जिसमें मुख्य अतिथि विधायक महमूदाबाद श्रीमती आशा मौर्या कॉलेज के प्रबंधक श्चंद्र भूषण शुक्ल एवं प्रधानाचार्य राजेश कुमार शुक्ल द्वारा मेधावी विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल,प्रशस्तिदृपत्र एवं आकर्षक पुरस्कारों से पुरस्कृत किया गया लगभग एक सैकड़ा के आसपास विद्यार्थियों का हुआ सम्मान एवं आए हुए अभिभावकों को विद्यालय परिवार एवं मुख्य अतिथि विधायक महमूदाबाद के द्वारा सम्मानित कर कॉलेज को गर्व की अनुभूति हुई कार्यक्रम में आकाश मौर्या जी,जिला पंचायत सदस्य दिग्विजय सिंहजी, मंडल अध्यक्ष,मुकेश अवस्थी, राजाराम दीक्षित विनोद मिश्रा छोटे प्रधान अमर सिंह अरविंद वर्मा अंशुल अवस्थी कविता मौर्या ममता वर्मा सहित दर्जनों सम्मानित अभिभावक बंधु व छात्र छात्राएं उपस्थित रहे विद्यार्थियों द्वारा आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए जिसकी सभी ने सराहना की संचालन इंटर की छात्रा चांदनी मौर्या के द्वारा हुआ आए हुए अतिथियों का सम्मान प्रबंधक चन्द्र भूषण शुक्ल एवम प्रधानाचार्य राजेश कुमार शुक्ल के द्वारा किया गया।

## रसोइया ने अध्यापक पर प्रताड़ना का आरोप लगाया

- थाना रेउसा के प्रा.वि. रेवान का मामला

संवाददाता। सीतापुर



**थाना रेउसा** के प्राथमिक विद्यालय रेवान का एक मामला सामने आया है जिसमें रसोइया गीता देवी पत्नी रामनरेश मौर्या ने प्रार्थनापत्र देकर प्रधानाध्यापक नसीर अहमद पर प्रताड़ना का आरोप लगाया है। गीता देवी ने कहा है कि नसीर उसको मानसिक व शरीरिक रूप से परेशान कर रहा है और पीड़िता से अश्लील बाते भी करता है। इससे क्षुब्ध होकर गीता ने थाने में भी तहरीर दे चुकी है लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई है। सोमवार को वह भाजपा जिलाध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा के कार्यालय पर पहुंची जहां पर उसने पूरी बात जिलाध्यक्ष से बताई व कार्रवाई कराने की उनसे मांग की है। प्रार्थनी गीता वहां रसोइयां का काम करती है जो समय से वेतन भी नहीं पाती है। उसका आरोप है कि प्रधानाध्यापक नसीर उसे मानसिक रूप से परेशान करता है। प्रार्थना पत्र देकर उसने न्याय की गुहार लगाई है।

# अब अपराधियों की आ गई शामत

संवाददाता। लखीमपुर खीरी




**अपर पुलिस** महानिदेशक लखनऊ जोन द्वारा पुलिस लाइन खीरी सभागार में पुलिस अधिकारीगण की गोष्ठी कर अपराध समीक्षा की गई। अपर पुलिस महानिदेशक लखनऊ जोन ब्रज भूषण द्वारा पुलिस लाइन सभागार जनपद खीरी में पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन के साथ जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारीगण एप्रभारी निरीक्षक एवं थानाध्यक्षों की गोष्ठी की गई। उक्त गोष्ठी के दौरान पुलिस महानिदेशक द्वारा जनपद में घटित अपराधों की गहन समीक्षा की गई। अपराध गोष्ठी के दौरान थानों पर पंजीकृत अभियोगों की समीक्षा की गई एवं हत्याए डकैतीए लूट जैसे जघन्य अपराधों के लंबित अभियोगों के गुण.दोष के आधार पर शीघ्र निस्तारण करने तथा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया। महिला संबंधी अपराधों को नियंत्रित करने हेतु प्रभावी कार्यवाही करनेए शातिर अभ्यस्त अपराधियों को चिन्हित कर उनकी हिस्ट्रीशीट खोलनेए शराब माफ्यिाओं पर गैंगस्टर की कार्यवाही करनेए गुंडा एक्टए गैंगस्टर एक्ट 14;1द्ध गैंगस्टर एक्टए एनएसए के तहत कार्यवाही करनेए जनशिकायतों की त्वरित व निष्पक्ष जांच कर विधिक निस्तारण सुनिश्चित करनेए अवैध शराबध्अवैध शस्त्रध्जुआध्मादक पदार्थ आदि अवैध कार्यों के विरूद्ध निरंतर अभियान चलाकर क?ी कार्यवाही सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया। जमानत पर बाहर आये अपराधियों की जमानत निरस्त कराने हेतु भी निर्देश दिए गए। धार्मिक विवाद के संबंध में त्वरित कार्यवाही करते हुए तत्काल इसकी सूचना उच्चाधिकारियों को भी देने हेतु निर्देशित किया गया। शासन तथा उच्चाधिकारियों द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न अभियानों में प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करनेए धार्मिक स्थानों पर लाउडस्पीकर की आवाज को न्यायालय के आदेश के क्रम में निर्धारित डेसीबल तक रखना सुनिश्चित कराने हेतु निर्देशित किया गया। जनपद में कहीं भी अवैध टैक्सी स्टैण्ड नही होने चाहिए तथा थाना परिसर एवं थाना कार्यालय की साफसफाई पर विशेष ध्यान देकर पब्लिक के बैठने व गर्मी में पानी पीने की व्यवास्था करनेए थाने में खडे वाहनों का डिस्पोजल करानेए साइबर अपराधियों के विरुद्ध कार्यवाही करनेए महिला हेल्प डेस्क को सक्रिय एवं प्रभावी रखनेए जिले के टॉप.10 अपराधियों की निरंतर समीक्षा करनेए गैंगस्टर के अभियुक्तों के विरुद्ध 14;1द्ध की कार्यवाही करने आदि के संबंध में निर्देश दिये गये।इसके अतिरिक्त थाना कोतवाली सदर का निरीक्षण भी किया गया। निरीक्षण के दौरान सम्पूर्ण थाना परिसर का भ्रमण कर थाना कार्यालयए मालखानाए हवालातए मेसए बैरकए कम्प्यूटर कक्ष आदि का निरीक्षण कर रजिस्टर्सध्अभिलेखों के व्यवस्थित रख.रखाव तथा उन्हें अद्यावधिक रखने हेतु निर्देशित किया गया। कुछ रजिस्टरों के अध्यावधिक न होने के संबंध में क्षेत्राधिकारी सदर व प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली सदर को कडे निर्देश दिए गए। मालखाने में माल मुकदमाती के व्यवस्थित रख.रखाव तथा नियमानुसार माल का विधिक निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु निर्देश दिए गए। जनसुनवाई से सम्बन्धित शिकायती प्रार्थना पत्र के निस्तारण की समीक्षा की गई व महिला हेल्प डेस्क की समीक्षा करते हुए महिला पुलिस कर्मियों को फरियादियों से अच्छे व्यवहार करने व उनकी समस्याओं को सुनकर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु दिशा.निर्देश दिए गए एवं प्रत्येक जनशिकायत का फीडबैक स्वयं प्रभारी निरीक्षक को करने के लिए निर्देशित किया गया। पुलिसकर्मियों को ड्यूटी के दौरान साफसुथरी एवं निर्धारित वर्दी धारण करने हेतु भी निर्देशित किया गया।

## संविलियन विद्यालय सदर के सवरेंगे दिन, शुरू हुए प्रयास

- गोद लिए विद्यालय को देखने पत्नी संग पहुंचे डीएम

संवाददाता। लखीमपुर खीरी



**सालों से** बदहाली का शिकार नगर क्षेत्र लखीमपुर के संविलियन विद्यालय सदर के अब अच्छे दिन आने वाले है। क्योंकि स्वच्छ एवं सुंदर लखीमपुर खीरी अभियान व आदर्श विद्यालय योजना के तहत डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने इस विद्यालय की सूरत संवारने का जिम्मा स्वयं अपने कंधों पर उठाया है।

इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि सोमवार को डीएम महेंद्र बहादुर सिंह अपनी धर्मपत्नी एवं जिला आकांक्षा समिति की अध्यक्ष अल्पना सिंह के संग दोपहर 12 बजे प्राथमिक विद्यालय सदर पहुंचे।इस दौरान उन्होंने पूरे विद्यालय परिसर का भ्रमण करके उसे आदर्श विद्यालय बनाने के लिए किए जाने वाले कामों पर गहन मंथन किया। करीब 45 मिनट के अपने भ्रमण में डीएम ने बीएसए व नगर शिक्षा अधिकारी से विद्यालय नई पहचान दिलाने के साथ ही स्वच्छ एवं सुंदर बनाने के लिए रणनीति बनाई।

बताते चलें कि जल्द ही इसको संभालने का काम शुरू होगा। समय.समय पर डीएम स्थलीय निरीक्षण कर तय कामो का अनुश्रवण एवं पर्यवेक्षण भी करेंगे। बाउंड्री वॉल गेट का ऊंचीकरण वॉल पेंटिंग इंटरलॉकिंग कक्षा कक्षों की मरम्मत शौचालयों को क्रियाशील व टाइल्सयुक्त बनानेए झूले पौधरोपण व पौधों की कटाई.छटाई जलभराव की समस्या का निदान बच्चों को सामान्य ज्ञान की जानकारी बालिकाओं हेतु मीना मंचए प्रेरक शिक्षण वायरिंग एवं उपकरणए रंगाई.पुताई फर्नीचर रसोई घर की मरम्मत एवं सुंदरीकरण जर्जर भवन का धस्तिकरण होने की कार्यवाही चरणबद्ध रूप से होगी।

संविलियन विद्यालय सदर में मौजूद बच्चों को डीएम महेंद्र बहादुर सिंह व उनकी पत्नीए जिला आकांक्षा समिति के अध्यक्ष अल्पना सिंह ने दुलाराए काफी देर तक बातचीत की। मौजूद शिक्षकों से पूरे मनोयोग से ने पढ़ाने के लिए निर्देशित किया।

## पेज एक का शेष

### आपसी संबंध और मजबूत...

अपनी यात्रा के दौरान मोदी डेनमार्क और फ्रांस भी जाएंगे। प्रधानमंत्री मोदी की यूरोप यात्रा यूक्रेन संकट के बीच हो रही है जिसको लेकर रूस के खिलाफ लगभग पूरा यूरोप एकजुट है। बर्लिन पहुंचने पर प्रधानमंत्री मोदी ने चांसलर कार्यालय (चांसलरी) के प्रांगण में पारंपरिक सलामी गारद का निरीक्षण किया। चांसलर ओलाफ शॉल्ज ने यहां प्रधानमंत्री मोदी की आगवानी की। शिष्टमंडल स्तर की वार्ता से पहले दोनों नेताओं ने चाय पर चर्चा की।

### रूस-यूक्रेन युद्ध में कोई...

उन्होंने कहा, हमारा मानना है कि इस युद्ध में कोई विजई नहीं होगा, सभी को नुकसान होगा इसलिए हम शांति के पक्ष में हैं। मोदी ने कहा कि यूक्रेन संघर्ष से उथल-पुथल के कारण तेल की कीमतें आसमान छू रही हैं, विश्व में खाद्यान्न और उर्वरकों की भी कमी हो रही है। उन्होंने कहा कि इससे विश्व के हर परिवार पर बोझ पड़ा है किंतु विकासशील और गरीब देशों पर इसका ज्यादा गंभीर असर हो रहा है। जर्मनी के साथ संबंधों का उल्लेख करते हुए मोदी ने कहा कि लोकतांत्रिक देशों के तौर पर भारत और जर्मनी कई मूल्यों को साझा करते हैं तथा इन साझा मूल्यों और साझा हितों के आधार पर पिछले कुछ वर्षों में हमारे द्विपक्षीय संबंधों में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। प्रधानमंत्री ने कहा कि कोविड बाद के काल में भारत अन्य बड़ी अर्थव्यवस्था के मुकाबले सबसे तेज वृद्धि देख रहा है। हमें विश्वास है कि भारत वैश्विक रिकवरी का महत्वपूर्ण स्तंभ बनेगा। उन्होंने कहा हाल ही में हमने बहुत कम सयम में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) तथा ऑस्ट्रेलिया के साथ व्यापार समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं। उन्होंने कहा कि भारत यूरोपीय संघ के साथ मुक्त व्यापार समझौता वार्ता में त्वरित प्रगति के लिए प्रतिबद्ध है।

### किसी को भी कोरोना टीका...

और कहा था कि याचिका, अभूतपूर्व वैश्विक महामारी के बीच सार्वजनिक हित में होने का दावा करते हुए, एक निजी मकसद की जासूसी करने और वैक्सीन हिचकिचाहट और सार्वजनिक उन्माद पैदा करने का प्रयास करने के लिए अनुकरणीय लागत के साथ खारिज करने के योग्य है। भारत बायोटेक लिमिटेड के वकील ने कहा था कि उसने सार्वजनिक रूप से उपलब्ध प्रतिष्ठित विशेषज्ञ-समीक्षित पत्रिकाओं में नैदानिक परीक्षणों के निष्कर्षों को व्यापक रूप से प्रकाशित किया है और ए उसकी वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया के वकील ने भी खुलासा करने की याचिकाकर्ता की मांग का विरोध किया था। केंद्र ने पहले शीर्ष अदालत को बताया था कि कोविड-19 टीकों और उनकी रचनाओं से संबंधित सभी दस्तावेज सार्वजनिक तौर पर उपलब्ध थे, और टीके बहुत प्रभावी और सुरक्षित साबित हुए हैं। उसने कहा कि इस साल 13 मार्च को, देश में कोविड-19 टीकों की कुल 180 करोड़ से अधिक खुराक दी जा चुकी थीं और 77,314 प्रतिकूल प्रभाव के मामले सामने आए थे जो 0.004 प्रतिशत तक आती हैं। सरकार ने कहा था कि 12 मार्च को 15-18 वर्ष के आयु वर्ग में कोवैक्सिन टीके की 8.91 करोड़ से अधिक खुराक दी गई थी, और।,739 मामलों में हल्का, 81 में गंभीर और छह मामलों में बेहद गंभीर टीकाकरण के बाद प्रतिकूल प्रभाव (एईएफआई) देखे गए।

### शाह ने कोयला, बिजली और...

देश में बिजली की खपत अप्रैल में सालाना आधार पर 13.6 प्रतिशत बढ़कर 132.98 अरब यूनिट (बीयू) हो गई। गर्मी की शुरुआत और आर्थिक गतिविधियों में तेजी के चलते यह बढ़ोतरी हुई। पिछले साल अप्रैल में बिजली की खपत 117.08 बीयू थी, जबकि 2020 के इसी महीने में यह आंकड़ा 84.55 बीयू था। दूसरी ओर इस साल अप्रैल में बिजली की पूरी की गई अधिकतम मांग गत शुक्रवार को 207.11 गीगावॉट के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गई। पिछले साल सात जुलाई, 2021 को अधिकतम मांग 200.53 गीगावॉट रही थी। बृहस्पतिवार को अधिकतम मांग 204.65 गीगावॉट और बुधवार को 200.65 गीगावॉट रही थी।

### प्रशांत किशोर ने बिहार की...

भाजपा ने किशोर की ताजा घोषणा को लेकर उनका मजाक उड़ाते हुए उन्हें सत्ता का दलाल बताया, जो चुनावी राजनीति में खेल बिगाड़ने वाले से ज्यादा कुछ नहीं हैं। भाजपा की बिहार इकाई के प्रवक्ता निखिल आनंद ने कहा कि प्रशांत किशोर न तो सामाजिक वैज्ञानिक हैं और न ही राजनीतिक वैज्ञानिक। वह सत्ता के दलाल और बिचौलिया हैं। वह बिहार की राजनीति में वोट कटवा (खेल बिगाड़ने वाला) से ज्यादा कुछ नहीं हो सकते हैं। जद(यू) प्रवक्ता केसी त्यागी ने कहा कि हर कोई एक राजनीतिक संगठन बनाने के लिए स्वतंत्र है लेकिन नीतीश कुमार के नेतृत्व वाले राजग (राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन) के सुशासन का एजेंडा राष्ट्रीय जनता दल के कुशासन के बाद राज्य को विकास के पथ पर ले गया। उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति राजनीतिक पार्टी बनाने को स्वतंत्र है और हम उन्हें अपनी शुभकामनाएं देते हैं। लेकिन फिलहाल कुमार का कोई विकल्प नहीं है। हालांकि, किशोर ने कहा है कि वह अब राजनीतिक सलाहकार के तौर पर काम नहीं करेंगे, लेकिन उनका संगठन आई-पैक यह कार्य करना जारी रखेगा। कुमार के साथ उनके संबंधों में जमी बर्फ भी पिघलती हुई प्रतीत होती है क्योंकि उन्होंने राष्ट्रीय राजधानी की उनकी हालिया यात्रा के दौरान उनसे मुलाकात की थी।

### देश में दो महीने के बाद...

स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि सक्रिय मामलों में कुल संक्रमणों का 0.05 फीसदी है, जबकि देश की कोविड -19 की रिकवरी दर 98.74 फीसदी दर्ज की गई है। बीमारी से स्वस्थ होने वालों की संख्या बढ़कर 4,25,38,976 हो गई, जबकि मृत्यु दर 1.22 फीसदी दर्ज की गई। राष्ट्रव्यापी कोविड-19 टीकाकरण अभियान के तहत अब तक देश में प्रशासित संचयी खुराक 189.23 करोड़ से अधिक हो गई है। डॉ. भार्गव ने एक समाचार पत्र से बात करते हुए कहा कि आईसीएमआर द्वारा किए तीसरे और चौथे सीरो सर्वेक्षण में हमने पाया कि बच्चों में उच्च स्तर की एंटीबॉडी और संक्रमण का पता चला। आईसीएमआर प्रमुख ने कहा कि इसका मतलब बच्चों में भी एंटीबॉडीज है और वे दोनों वेब कोविड संक्रमण से प्रभावित थे और शायद उनमें इसके लक्षण नहीं दिखे। भारत का कोविड-19 के आंकड़े 7 अगस्त, 2020 को 20 लाख, 23 अगस्त को 30 लाख, 5 सितंबर को 40 लाख और 16 सितंबर को 50 लाख को पार कर गया था। भारत ने 19 दिसंबर को एक करोड़, 4 मई को दो करोड़ और 23 जून को तीन करोड़ का आंकड़ा पार कर गया था।

### विस चुनाव से पहले कर्नाटक...

उन्होंने कुछ दिनों पहले यह बयान दिया था। संतोष के बयान पर बोम्मई ने कोई प्रतिक्रिया नहीं व्यक्त की लेकिन पूर्व मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा ने ऐसी किसी अटकल को खारिज करते हुए कहा कि बोम्मई 'अच्छा काम' कर रहे हैं। चुनाव की तैयारी के आकलन के लिए होने वाली बैठक में गृहमंत्री के साथ पार्टी नेताओं के अलावा बोम्मई और येदियुरप्पा भी शामिल होंगे। अमित शाह यहां कई कार्यक्रमों में भाग लेंगे। अपने पूर्ववर्ती के विपरीत बोम्मई पद पाने की उम्मीद लगाए बैठे लोगों के कारण काफी दबाव में हैं, जो चाहते हैं चुनाव से पहले कैबिनेट में फेरबदल हो और नए चेहरों को स्थान दिया जाए।

### राहत वाली बारिश से...

आईएमडी के मुताबिक, जम्मू और कश्मीर, गिलगित-बाल्टिस्तान और मुजफ्फराबाद, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में अगले दो दिन बिजली कड़कने के साथ अच्छी-खासी बारिश होगी। 3 मई से 5 मई के बीच इन इलाकों में 40-50 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से हवाएं चलने का भी अंदेशा है। जम्मू और कश्मीर में 3 मई को और हिमाचल प्रदेश व उत्तराखंड में 3 व 4 मई को ओले गिरने की संभावना है। अगले 4 दिन पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, उत्तर प्रदेश और राजस्थान में भी तेज हवाएं चलेंगी। मौसम विभाग का अनुमान है कि उत्तर-पश्चिम, पश्चिम और मध्य भारत में भीषण गर्मी जारी रहेगी और अधिकांश हिस्सों में सामान्य से अधिक बारिश होगी। इससे पहले आईएमडी ने मई माह के पूर्वानुमान में कहा था कि पश्चिम-मध्य और उत्तर-पश्चिम भारत के ज्यादातर हिस्सों और उत्तर-पूर्व भारत के उत्तरी हिस्सों में सामान्य से अधिक तापमान रहने की संभावना है। देश के बाकी हिस्सों में भी सामान्य से लेकर अधिकतम तापमान रहने की संभावना है।

# कांग्रेस पंजाब प्रभारी ने की सिद्धू पर कार्रवाई की मांग

## ● कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी को लिखा खत

**भाषा।** चंडीगढ़

**कांग्रेस** के पंजाब मामलों के प्रभारी हरीश चौधरी ने पार्टी अध्यक्ष सोनिया गांधी को पत्र लिखकर प्रदेश इकाई के पूर्व प्रमुख नवजोत सिंह सिद्धू के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने यह मांग सिद्धू के खुद को पार्टी से ऊपर दिखाने की कोशिश करने को लेकर की है। तेईस अप्रैल की तिथि वाला पत्र सोमवार को सामने आया। इस पत्र के साथ चौधरी ने सिद्धू की वर्तमान गतिविधियों के बारे में पार्टी की पंजाब इकाई के अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वडिंग का एक विस्तृत नोट भी भेजा है।

चौधरी ने पत्र में लिखा है कि सिद्धू ने पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार की लगातार आलोचना की, जबकि उन्हें ऐसा करने से मना किया गया था। उन्होंने कहा, अध्यक्ष महोदया, सिद्धू को स्वयं को पार्टी से ऊपर दिखाने और पार्टी अनुशासन भंग करने के संबंध में दूसरों के लिए उदाहरण बनने की अनुमति नहीं दी जा सकती। चौधरी ने लिखा, इसलिए, यह सिफारिश की जाती है कि श्री सिद्धू से इसको लेकर स्पष्टीकरण मांगा जाना चाहिए कि उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई क्यों न शुरू की जाए।

चौधरी ने कहा कि नवंबर से अब तक पंजाब में पार्टी मामलों का प्रभारी होने के नाते, उन्होंने देखा है कि सिद्धू ने कांग्रेस सरकार के कामकाज की लगातार आलोचना करते हुए इसे भ्रष्ट बताया और शिरोमणि अकाली दल के साथ उसकी मिलीभगत होने का आरोप लगाया। चौधरी ने लिखा, चूंकि पार्टी चुनाव लड़ रही थी, सिद्धू के लिए ऐसी मिसाल कायम करना अनुचित था। श्री सिद्धू को इस तरह की गतिविधियों से बचने की मेरी बार-बार की सलाह के बावजूद, उन्होंने सरकार के खिलाफ लगातार बोलना जारी रखा। चौधरी ने वडिंग के राज्य इकाई के प्रमुख का पदभार ग्रहण करने की घटना का भी उल्लेख किया, जिसमें सिद्धू पार्टी कार्यालय आए लेकिन पार्टी के अन्य नेताओं के साथ मंच साझा नहीं किया। चौधरी ने कहा, मैं इस पत्र के साथ सिद्धू की वर्तमान गतिविधियों के संबंध में राजा वडिंग का विस्तृत नोट भी भेज रहा हूं। श्री राजा वडिंग के पदभार ग्रहण करने के दौरान का उनका कृत्य भी अक्षम्य है। चौधरी ने कहा, श्री सिद्धू बस मिले और मौजूदा पीसीसी अध्यक्ष को शुभकामनाएं दीं और कार्यक्रम स्थल से जल्द ही चले गए, जबकि पूरे प्रदेश नेतृत्व ने समारोह में भाग लिया और कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं के सामने एकजुट चेहरा पेश किया। इस बीच, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वडिंग ने सोमवार को पत्र पर कोई टिप्पणी करने से इनकार कर दिया, लेकिन कहा कि सभी को अनुशासन में रहना होगा। उन्होंने कहा कि अगर किसी को लगता है, चाहे वह राजा वडिंग हों, कि वह कांग्रेस पार्टी से ऊपर हैं, तो उनके खिलाफ कार्वाई की जानी चाहिए।

सिद्धू ने पूर्व में कहा था कि राज्य में माफिया राज के कारण कांग्रेस पंजाब चुनाव हार गई और अब उसे खुद को फिर से स्थापित करने की जरूरत है। राज्य विधानसभा चुनावों में हार के बाद कांग्रेस ने सिद्धू के स्थान पर वडिंग को पार्टी का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया था।चुनाव से कुछ महीने पहले तक सिद्धू तत्कालीन मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह के नेतृत्व पर सवाल उठाते रहे थे। उन्होंने चरणजीत सिंह चन्नी पर भी निशाना साधा, जिन्होंने चुनाव से पहले मुख्यमंत्री का पद संभाला था।आप पंजाब विधानसभा की 117 में से 92 सीट जीतकर सत्ता में आई है, जबकि कांग्रेस को सिर्फ 18 सीट मिली है।

## महाराष्ट्र में एमबीवीवी पुलिस ने ध्वनि प्रदूषण के स्तर की जांच के लिए बनाई समिति

**ठाणे।** महाराष्ट्र में धार्मिक स्थलों पर लाउडस्पीकर के इस्तेमाल को लेकर राजनीतिक विवाद के बीच मीरा भायंदर-वसई विरार पुलिस ने ध्वनि प्रदूषण के स्तर की जांच के लिए एक निगरानी समिति का गठन किया है। पुलिस ने एक विज्ञप्ति में कहा कि एमबीवीवी पुलिस आयुक्तालय सीमा में ध्वनि प्रदूषण पर उच्च न्यायालय के निर्देशों के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए समिति का गठन किया गया है। समिति की अध्यक्षता अतिरिक्त पुलिस आयुक्त श्रीकांत फाटक करेंगे और इसमें क्षेत्रीश पुलिस उपायुक्त अमित काले, संजय पाटिल, प्रशांत वागुंडे और एमपीसीबी के क्षेत्रीय अधिकारी सतीश पडवाल भी सदस्य के रूप में शामिल होंगे। विज्ञप्ति में कहा गया है कि एमबीवीवी सीमा के सभी 15 पुलिस थानों के वरिष्ठ अधिकारियों को अधिसूचितानामित किया गया है। गौरतलब है कि पिछले महीने ठाणे में हुई एक रैली के दौरान मनसे प्रमुख राज ठाकरे ने महाराष्ट्र सरकार को अल्टीमेटम देते हुए कहा था कि अगर तीन मई तक मस्जिदों से लाउडस्पीकर नहीं हटाए गए तो उनके बाहर तेज आवाज में हनुमान चालीसा का पाठ किया जाएगा।


नई दिल्ली में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात करते हुए चीफ आफ आर्मी स्टॉफ जनरल मनोज पांडेय

## सीआरपीएफ ने अमरनाथ यात्रा के दौरान सुरक्षित माहौल का भरोसा दिया

**भद्रवाह, जम्मू।** केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) ने दक्षिण कश्मीर हिमालय में अमरनाथ के 3,880 मीटर ऊंचे पवित्र गुफा मंदिर की वार्षिक यात्रा के दौरान तीर्थयात्रियों को सुरक्षित माहौल उपलब्ध कराने का सोमवार को आश्वासन दिया। सीआरपीएफ, जम्मू के उप महानिरीक्षक राजेश धाकरवाल ने कहा कि 30 जून से शुरू होने वाली 43 दिवसीय यात्रा को सफल बनाने के लिए सुरक्षा के ठोस इंतजाम किए जा रहे हैं। धाकरवाल ने जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले के भदरवाह की यात्रा के दौरान सरना में संवाददाताओं से कहा, "जहां तक सुरक्षा की बात है, हम तीर्थयात्रियों को सुरक्षित माहौल मुहैया कराएंगे क्योंकि (यात्रा मार्ग में विशेष सुरक्षा व्यवस्था की जा रही है।

# असम में आयोजित किया गया योग उत्सव

**भाषा।** शिवसागर (असम)

**अंतरराष्ट्रीय** योग दिवस की 50 दिनों की उलटी गिनती को लेकर सोमवार को असम के शिवसागर शहर में एक योग उत्सव मनाया गया जो अहोम शासकों का केंद्र था। इस योग उत्सव में विभिन्न पूर्वोत्तर राज्यों के 10,000 से अधिक लोगों ने भाग लिया। यह जानकारी एक अधिकारी ने दी। केंद्रीय आयुष मंत्री सर्बानंद सोनोवाल, असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा, केंद्रीय आयुष राज्य मंत्री आयुष मुंजपारा महेंद्रभाई कालूभाई, केंद्रीय पेट्रोलियम एवं गैस राज्य मंत्री रामेश्वर तेली, असम, सिक्किम, अरुणाचल प्रदेश और नागालैंड के स्वास्थ्य मंत्रियों, क्षेत्र के कई सांसद और वरिष्ठ अधिकारी कार्यक्रम में शामिल हुए। आयुष मंत्रालय के तहत आने वाले मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान (एमडीएनआईवाई) द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम एक साथ सात स्थानों पर आयोजित किया गया, जिसमें थोरा डोल, रुद्रसागर डोल, रोंघर, तोलातोल घर, करेंग घर और जॉयडोल शामिल हैं। ए सभी स्थान शिवसागर शहर के आसपास ऐतिहासिक महत्व के हैं। अधिकारी ने कहा कि सामान्य योग प्रोटोकॉल का प्रदर्शन एमडीएनआईवाई की एक टीम ने इसके निदेशक डॉ ईश्वर वी बसवरदी के नेतृत्व में शहर के बीचों-बीच स्थित शिवडोल (शिव मंदिर) परिसर में किया। इस अवसर पर सोनोवाल ने कहा, जैसा कि सभी पूर्वोत्तर राज्यों के हजारों लोग शिवसागर में योग करने के लिए एकसाथ आए हैं, यह आज इस आयोजन के माध्यम से असम के प्रतिष्ठित विरासत स्थलों को दुनिया के पर्यटन मानचित्र में रखने के हमारे निरंतर प्रयास को पुष्ट करता है। उन्होंने कहा, उत्सव के पीछे का विचार लोगों को योग को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करना है, जो हमारी हजारों वर्षों की सभ्यता का एक अद्भुत उपहार है, ताकि वे अपने जीवन की गुणवत्ता को समृद्ध कर सकें। आयुष मंत्रालय द्वारा योग के संदेश को व्यापक दर्शकों तक पहुंचाने के लिए आयुष मंत्रालय द्वारा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के आठवें संस्करण को बढ़ावा दिया जा रहा है, जिसमें 100 दिन, 75 दिन और 25 दिनों की उलटी गिनती के कार्यक्रम शामिल हैं।


असम के शिवसागर में योग उत्सव के दौरान केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनेवाल और असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा

# अवनीश त्यागी फिर बने भारत तिब्बत सहयोग मंच मेरठ के अध्यक्ष

## ● कमलजीत भड़ाना महामंत्री और अभिषेक प्रधान युवा विभाग के प्रांत अध्यक्ष मनोनीत

**संवाददाता।** मेरठ



**भारत** तिब्बत सहयोग मंच की मेरठ जिला इकाई का गठन किया गया । अध्यक्ष के रूप में अवनीश त्यागी को एक बार फ्रि से मौका दिया गया है जबकि महामंत्री कमलजीत भड़ाना और युवा विभाग का प्रांत अध्यक्ष अभिषेक प्रधान को बनाया गया है। सोमवार को यहां भारत तिब्बत सहयोग मंच की मेरठ प्रांत की इकाई की घोषणा मंच के राष्ट्रीय महामंत्री पंकज गोयल के निर्देशानुसार की गई। मेरठ प्रांत के अध्यक्ष डॉ सन्दीप चौधरी से विचार विमर्श के पश्चात मेरठ प्रांत के नवीन दायित्वों की घोषणा क्षेत्रीय संयोजक दीपक कुलश्रेष्ठ के द्वारा की गई। प्रांत महामंत्री कपिल त्यागी ने बताया कि अभिषेक प्रधान को युवा विभाग का प्रांत अध्यक्ष बनाया गया और अवनीश त्यागी को पुन: मेरठ जिले का अध्यक्ष एवं कमलजीत सिंह भड़ाना को महामंत्री बनाया गया । गोपाल सूदन को मेरठ प्रांत के प्रचार प्रमुख बनाया गया। सभी नये पदाधिकारियों की घोषणा होने पर प्रांत अध्यक्ष डॉ सन्दीप चौधरी एवं महामंत्री कपिल त्यागी ने सभी को शुभकामनाएं दी एवं संगठन हित में कार्य करने की अपेक्षा की। साथ ही सभी से जल्दी ही संगठन को बढ़ाने एवं संगठन के विचार को लोगो तक पहुंचाने का आह्वान किया।

## राणा दंपति की जमानत याचिका पर फैसला चार मई को

**भाषा।** मुंबई

**हनुमान** चालीसा विवाद में गिरफ्तार सांसद नवनीत राणा और उनके विधायक पति रवि राणा की जमानत याचिका पर यहां की एक विशेष अदालत ने सोमवार को कहा कि वह अपना फैसला चार मई को सुनाएगी। इससे पहले विशेष न्यायाधीश आरएन रोकडे ने सोमवार के लिए आदेश सुरक्षित रख लिया था, लेकिन आज आदेश इसलिए नहीं दिया जा सका क्योंकि अदालत अन्य मामलों में व्यस्त थी और (राणा दंपति के जमानत आदेश से) संबंधित श्रुतलेख पूरा नहीं हो पाया। न्यायाधीश ने कहा कि वह अब चार मई को आदेश पारित करेंगे। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के बांद्रा स्थित निजी आवास मातोश्री के बाहर हनुमान चालीसा का पाठ करने की सार्वजनिक घोषणा से उत्पन्न विवाद में निर्दलीय लोकसभा सदस्य नवनीत राणा और उनके विधायक पति रवि राणा को 23 अप्रैल को गिरफ्तार कर लिया गया था। उन्होंने अपने खिलाफ राजद्रोह और दुश्मनी को बढ़ावा देने के आरोप में मुंबई पुलिस द्वारा दर्ज प्राथमिकी के मामले में जमानत के लिए अदालत का रुख किया था। शनिवार को अभियोजन और बचाव पक्ष दोनों ने जमानत अर्जी पर अपनी दलीलें पूरी कीं। उनकी जमानत याचिका में कहा गया है कि मातोश्री के बाहर हनुमान चालीसा का पाठ करने के आह्वान को विभिन्न समूहों के बीच दुश्मनी या घृणा की भावना को बढ़ावा देने के उद्देश्य वाला नहीं कहा जा सकता तथा भादंसं की धारा 153 (ए) के तहत इस आरोप को कायम नहीं रखा जा सकता है। याचिका में कहा गया है कि मुख्यमंत्री के निजी आवास के पास हनुमान चालीसा का पाठ करके लोगों को भड़काने या नफरत फैलाने का राणा दंपति का कोई इरादा नहीं था। पूर्वी महाराष्ट्र के अमरावती से लोकसभा सदस्य नवनीत राणा और बडनेरा से विधायक रवि राणा ने अंतत: प्रधानमंत्री नरेंद्र की मुंबई यात्रा का हवाला देते हुए ठाकरे के निजी आवास के बाहर हनुमान चालीसा का पाठ करने की अपनी योजना को छोड़ दिया था।

## उत्तराखंड सरकार स्कूलों में वेद पढ़ाने पर कर रही है विचार

**देहरादून।** उत्तराखंड सरकार वेद, पुराण, उपनिषद, गीता और रामायण जैसे ग्रंथों को स्कूली पाठ्यक्रम में शामिल करने पर विचार कर रही है। राज्य सरकार के एक मंत्री ने इसकी जानकारी दी। प्रदेश के शिक्षा मंत्री डॉ. धनसिंह रावत ने दून विश्वविद्यालय में हुए एक कार्यक्रम के दौरान कहा कि छात्रों को अपनी संस्कृति और समृद्ध ज्ञान परंपरा के बारे में जानकारी होनी चाहिए और इसलिए इन ग्रंथों की सामग्री को शैक्षिक पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाने पर विचार हो रहा है।इस संबंध में उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति में स्कूल पाठ्यक्रम राज्यों को तैयार करना है। मंत्री ने हांलांकि, साफ किया कि इस बारे में कोई भी निर्णय लेने से पहले आम लोगों और अभिभावकों के भी सुझाव लिए जाएंगे। उधर, इस बारे में संपर्क किए जाने पर उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा ने कहा कि अपनी संस्कृति के बारे में पढाए जाने में कोई बुराई नहीं है लेकिन अच्छा होगा कि शिक्षा मंत्री इससे पहले स्वयं प्रदेश की शख्सियतों का अध्ययन कर लें।उन्होंने कहा, वेद, संस्कृति से हमारा कोई विरोध नहीं है। जो इन्हें पढना चाहता है, उसे यह मौका मिलना चाहिए लेकिन जबरदस्ती कुछ नहीं होना चाहिए। हांलांकि, उन्होंने कहा कि इससे पहले उत्तराखंड के छात्रों को प्रदेश के बारे में पूरी जानकारी देनी चाहिए और इसके अलावा, सरकार को रोजगार परक शिक्षा पर ज्यादा ध्यान देना चाहिए जिससे बच्चे अपनी आजीविका कमा सकें।

## शिवसागर में अहोम युग के पुरातत्व स्थलों का सौंदर्यीकरण करने की योजना: हिमंता

**भाषा।** गुवाहाटी

**असम** के मुख्यमंत्री हिमंता बिश्व सरमा ने सोमवार को कहा कि उनकी सरकार शिवसागर में अहोम युगीन अवशेषों और पुरातत्व महत्व के स्थलों के सौंदर्यीकरण और वैश्विक पर्यटन केंद्र में परिवर्तित करने के लिए कई कदम उठा रही है। शिवसागर जिले में स्थित अहोम वंश के शासन के दौरान बने रंग घर (रंगभूमि) का दौरा करने के बाद सरमा ने संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि आसपास की जमीन का अधिग्रहण कर परिसर का विस्तार करने की योजना बनाई गई और जिनकी जमीन ली जाएगी उन्हें उचित मुआवजे का भुगतान किया जाएगा। उन्होंने कहा, हम रंग घर का और सौंदर्यीकरण करना चाहते हैं और इसे वैश्विक पर्यटन केंद्र में बदलना चाहते हैं। हम रंग घर के नजदीक खुली जमीन को विकसित करना चाहते हैं जहां पर कलाकार और नर्तक बीहू नृत्य सीख सकेंगे या सिखा सकेंगे और इसे रंग शाला में बनी दर्शक दीर्घा से देखा सकेगा। शिवसागर के ताई संग्राहलय का दौरा करने के बाद मुख्यमंत्री ने कहा कि इसका विस्तार करने और ताई और अहोम इतिहास की बिखरी कलाकृतियों को एक छत के नीचे संरक्षित करने की योजना है। रंग घर के दौरे की तस्वीर ट्विटर पर साझा करते हुए सरमा ने ट्वीट किया, शिवसागर के ऐतिहासिक रंग घर जाकर वहां के सौंदर्यीकरण और सुविधाओं के विस्तार की योजना की समीक्षा की और शानदार अहोम स्थापत्य कला को जीवंत देखा। हमारी सरकार की योजना आसपास की 78 बीघा जमीन का अधिग्रहण करने की है ताकि इस परियोजना को इस साल क्रियान्वित किया जा सके। गौरतलब है कि शिवसागर जिले को पहले रंगपुर के नाम से जाना जाता था। यह असम का ऐतिहासिक शहर है जो गुवाहाटी से 363 किलोमीटर पूर्व में स्थित है। कभी रंगपुर शक्तिशाली अहोम साम्राज्य की राजधानी हुआ करता था जिन्होंने अंग्रेजों के आने से पहले करीब 600 साल तक इस क्षेत्र पर शासन किया था।

## स्कूली स्तर से कौशल विकास पाठ्यक्रम तैयार करने के लिए प्रधान ने पीएसयू से सुझाव मांगा

**भाषा।** नई दिल्ली

**शिक्षा** तथा कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने उद्योगों एवं 21वीं सदी की जरूरतों के अनुरूप स्कूली स्तर से कौशल विकास का पाठ्यक्रम तैयार करने के लिए सोमवार को सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों (पीएसयू) से सुझाव मांगा। उद्यमिता को प्रोत्साहित करने एवं स्किल इंडिया 2.0 को अंतिम रूप देने के विषय पर आयोजित कार्यशाला को संबोधित करते हुए प्रधान ने यह बात कही। कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्री ने कहा कि देश में 15 से 25 वर्ष के युवाओं की संख्या करीब 25 करोड़ है जिसमें से 11 करोड़ स्कूल, आईटीआई, अन्य उच्च शिक्षण संस्थान आदि में किसी कोर्स से जुड़े हैं। उन्होंने कहा कि इसके बावजूद करीब 14 करोड़ युवाओं को किसी प्रकार का प्रशिक्षण प्राप्त नहीं है, वे मानक प्रमाणपत्र से वंचित हैं। प्रधान ने कहा कि सरकार राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा तैयार करने में जुटी है और देश के कार्य बल को स्कूल के स्तर से कौशल सम्पन्न बनाने के लिए तैयारी की जा रही है। मंत्री ने कहा, कस्तूरीरंगन के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा का कार्यादेश दस्तावेज आ गया है। इसके आधार पर पाठ्यक्रम की रूपरेखा तैयार होगी, फिर पाठ्यक्रम बनेगा और इसके आधार पर पाठ्यपुस्तक तैयार होंगी। उन्होंने सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों से कहा कि वे चाहे उपकरण से जुड़े हों, खनन क्षेत्र से, दूरसंचार अथवा किसी अन्य क्षेत्र से जुड़े हों लेकिन इन सभी में ऊर्जा, टिकाऊ विकास एक महत्वपूर्ण पहलू है। प्रधान ने कहा कि 21वीं सदी में कृत्रिम बुद्धिमता, डाटा कोडिंग, ब्लाक चेन सहित अन्य विषयों का महत्वपूर्ण स्थान है। उन्होंने पीएसयू से कहा, हमारे बुनियादी कार्यो की प्रकृति बदल रही है, ऐसे में बच्चों को कौशल विकास से जुड़े क्या विषय सिखाए जाएं? बच्चों को क्या क्या चीजें आनी चाहिए ? इस बारे में आप (पीएसयू) सुझाव दें। प्रधान ने कहा कि वे अपने अधिकारियों से कहेंगे कि इस कार्यशाला में शामिल सभी पीएसयू को राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा का कार्यादेश दस्तावेज 10 दिनों में भेजे और इसके आधार पर पीएसयू सुझाव दें ताकि पाठ्यक्रम तैयार करने में मदद मिल सके। कार्यशाला में हिस्सा लेते हुए कौशल विकास एवं उद्यमिता राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने कहा कि हमारा लक्ष्य दुनिया का सबसे बड़ा कौशल सम्पन्न कार्यबल तैयार करना है।

# उस्मानिया विश्वविद्यालय ने राहुल गांधी को छात्रों के साथ चर्चा करने की अनुमति नहीं दी

**भाषा।** हैदराबाद

**तेलंगाना की** राजधानी हैदराबाद स्थित उस्मानिया विश्वविद्यालय ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को संस्थान के छात्रों के साथ चर्चा करने संबंधी कार्यक्रम की अनुमति देने से इनकार कर दिया है। कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने विश्वविद्यालय के इस फैसले और इस सिलसिले में उनके सहयोगियों की गिरफ्तारी के खिलाफ सोमवार को प्रदर्शन किया।

कांग्रेस ने मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव की आलोचना की और दावा किया कि उनके दबाव की रणनीति के कारण विश्वविद्यालय ने अनुमति नहीं दी। अनुमति देने से इनकार किए जाने के संबंध में विश्वविद्यालय के एक अधिकारी ने पीटीआई-भाषा को बताया कि अनुमति विभिन्न कारणों से नहीं दी गई। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय की कार्यकारी परिषद ने पिछले साल एक प्रस्ताव पारित किया था, जिसमें परिसर में किसी भी राजनीतिक गतिविधि की अनुमति नहीं दिए जाने का फैसला किया गया था। अधिकारी ने बताया कि इसके अलावा, कुछ कर्मचारी संघों के चुनाव निर्धारित हैं, कुछ पाठ्यक्रमों के लिए परीक्षाएं चल रही हैं और छात्रों का एक वर्ग राज्य सरकार द्वारा हाल में घोषित भर्ती परीक्षाओं की तैयारी भी कर रहा है। सात मई को छात्रों के साथ एक संवाद सत्र के लिए कांग्रेस नेता को अनुमति देने से विश्वविद्यालय के इनकार करने के बाद पार्टी की छात्र इकाई ने रविवार को यहां विरोध प्रदर्शन किया। इस सिलसिले में कम से कम 18 प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार कर लिया गया। कांग्रेस की तेलंगाना इकाई के अध्यक्ष एवं सांसद ए रेवंत रेड्डी ने कहा कि गांधी ने गिरफ्तार किए गए एनएसयूआई नेताओं से सात मई को मिलने की योजना बनाई है। रेवंत रेड्डी ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री राव ने विश्वविद्यालय के अधिकारियों पर गांधी को छात्रों से मिलने की अनुमति नहीं देने के लिए दबाव डाला। इससे पहले प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने जेल में एनएसयूआई नेताओं से मुलाकात की। जेल अधीक्षक को एक पत्र सौंपा गया है, जिसमें गिरफ्तार किए गए एनएसयूआई नेताओं से गांधी को मिलने की अनुमति देने की मांग की गई है। गांधी के विद्यार्थियों से मिलने के प्रस्ताव पर, उन्होंने कहा कि छात्रों और विश्वविद्यालय दोनों की बेहतरी के लिए उनकी चिंताओं और अन्य प्रासंगिक मुद्दों को समझने और संसद में ऐसे मुद्दों को उठाने के लिए छात्रों के साथ बातचीत की योजना बनाई गई थी। इस बीच, एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी के कार्यक्रम की अनुमति नहीं दिए जाने और एक मई को एनएसयूआई नेताओं की गिरफ्तारी किए जाने के विरोध में सोमवार को विश्वविद्यालय परिसर में विरोध प्रदर्शन किया।

## महाराष्ट्र के मंत्री नवाब मलिक बीमार, अस्पताल में भर्ती: वकील

**भाषा।** मुंबई

**प्रवर्तन** निदेशालय (ईडी) द्वारा धनशोधन के मामले में गिरफ्तार किए गए महाराष्ट्र के मंत्री नवाब मलिक को बुखार और दस्त की शिकायत के बाद सोमवार को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उनके वकील ने यहां एक विशेष अदालत को यह जानकारी दी। यहां आर्थर रोड जेल में बंद मलिक (62) ने पिछले सप्ताह विशेष अदालत से चिकित्सा आधार पर अंतरिम जमानत देने का अनुरोध किया था।मामले की सुनवाई के दौरान मलिक के वकील कुशल मोर ने अदालत को बताया कि जब राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) नेता के परिवार के सदस्य उन्हें घर का खाना देने गए तो उन्हें बताया गया कि उन्हें सरकारी जेजे अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया है। मोर ने अदालत को यह भी बताया कि मलिक पिछले तीन दिन से बीमार थे और उनकी हालत बिगड़ गई है और उनकी स्थिति गंभीर है। वकील ने अनुरोध किया कि मलिक को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया जाए, क्योंकि जे जे अस्पताल में कई चिकित्सा जांच सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं। सर जे जे अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक संजय सुरसे ने कहा कि मलिक को सुबह 10 बजे अस्पताल लाया गया था। उन्होंने कहा, उन्होंने पेट खराब होने की शिकायत की और उनका रक्तचाप स्थिर नहीं था। वह गहन चिकित्सा इकाई में निगरानी में है और उनकी हालत फिलहाल स्थिर है। विशेष न्यायाधीश आर. एन. रोकाडे ने जेल अधिकारियों द्वारा मलिक की स्थिति और उन्हें अस्पताल ले जाने के बारे में अदालत को सूचित नहीं करने पर चिंता व्यक्त की। न्यायाधीश ने अस्पताल से रिपोर्ट मांगी और मामले की अगली सुनवाई की तिथि पांच मई तय की। ईडी ने अपने जवाब में कहा कि आरोपी ने पहले अंतरिम राहत के लिए बम्बई उच्च न्यायालय का रुख किया था, लेकिन उनका आवेदन खारिज कर दिया गया है।


भोपाल में मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान एक कार्यक्रम के दौरान महिला खिलाड़ी को प्रतीक चिन्ह देते हुए

# मारियोपुल इस्पात संयंत्र से पहला जत्था निकला

**● सैकड़ों नागरिक अब भी फंसे**

**भाषा।** जापोरिज्जिया (यूक्रेन)

मारियुपोल की घेराबंदी से बच निकले लोगों ने यूक्रेन के कब्जे वाले क्षेत्र में सोमवार को पहुंचने के बाद हफ्तों तक हुई बमबारी और क्षति का वर्णन किया, जहां राहत कर्मी एक इस्पात संयंत्र से मुक्त किए गए नागरिकों के इस पहले समूह की प्रतीक्षा कर रहे थे। यूक्रेन के बलों द्वारा रविवार को ऑनलाइन जारी वीडियो में बुजुर्ग महिलाओं और छोटे बच्चों वाली माताओं को अजोवस्ताल इस्पात संयंत्र से निकलकर मलबे के ढेर पर चढ़ते हुए और फिर एक बस में सवार होते हुए देखा गया। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के अनुसार संयंत्र से 100 से अधिक नागरिक सोमवार को मारियुपोल के उत्तर पश्चिम में करीब 140 किलोमीटर दूर जापोरिज्जिया पहुंच सकते हैं। अगर यह निकासी अभियान सफल हुआ तो करीब 10 सप्ताह से चल रहे युद्ध में मानव जाति को बचाने के लिए दुर्लभ प्रगति को प्रदर्शित करेगा जो मारियुपोल में खासतौर पर प्रभावित हुई है।



पूर्व सैन्य पायलट लाल झंडे के साथ 98 वर्ष के व्लादिमीर कपिटोनोविच विजय बैनर की प्रतिकृति के साथ रूसी सैन्य नियंत्रण के तहत क्षेत्र में, विदेशी पत्रकारों से बात करते हुए

### फिनलैंड ने रूसी परमाणु संयंत्र की आपूर्ति का समझौता समाप्त किया

**कोपनहेगन।** फिनलैंड की एक परमाणु ऊर्जा कंपनी ने सोमवार को कहा कि यूक्रेन युद्ध के कारण उसने रूस के सरकारी परमाणु ऊर्जा निगम रोसातोम से एक संयंत्र की आपूर्ति के लिए समझौते को तत्काल प्रभाव से रद्द करने का फैसला किया है। फिनोवोइमा कंपनी ने उत्तरी फिनलैंड हनहिकिवी परमाणु ऊर्जा संयंत्र के निर्माण के सौदे को समाप्त करने के लिए परियोजना में महत्वपूर्ण देरी और अक्षमता का भी हवाला दिया।

### पेलोसी ने यूक्रेन को मदद मुहैया कराने के लिए पोलैंड का आभार जताया

**वारसा।** अमेरिकी प्रतिनिधि सभा की अध्यक्ष नैन्सी पेलोसी के नेतृत्व में एक उच्चस्तरीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल यूक्रेन को मानवीय और अन्य मदद मुहैया कराने की खातिर पोलैंड का आभार जताने के लिए वारसा में है।
पेलोसी और आधा दर्जन अमेरिकी सांसदों ने पोलैंड के राष्ट्रपति आंद्रेजेज डूडा और कई सांसदों से मुलाकात की। पिछले हफ्ते प्रतिनिधिमंडल ने कीव की यात्रा की थी और यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की से मुलाकात की थी। डूडा के साथ मुलाकात के बाद पेलोसी ने एक बयान में उन्हें पुतिन के क्रूर युद्ध का सामना करने में यूक्रेन के लोगों की मदद में एक महत्वपूर्ण भागीदार कहा।

## रूस ने मारियुपोल से कुछ सैनिकों को हटाकर पूर्वी हिस्से में तैनात किया

**कीव।** यूक्रेन की सेना ने सोमवार को कहा कि रूस ने अपनी कुछ टुकड़ियों को मारियुपोल बंदरगाह से हटाकर पूर्वी हिस्से में तैनात किया है, जिसका मकसद इस क्षेत्र में संघर्ष को तेज करना है। यूक्रेनी सेना ने कहा कि रूसी बलों की कुछ टुकड़ियों को मारियुपोल से हटाकर पूर्वी लुहांस्क प्रांत के पोपास्ना शहर को भेजा गया। यूक्रेन के पूर्वी हिस्से में स्थित पोपास्ना वर्तमान में संघर्ष के उन क्षेत्रों में शुमार है, जहां रूसी सेना यूक्रेनी बलों को पीछे हटाने के लिए आक्रामक रुख अपनाए हुए है। यूक्रेनी सेना के विश्लेषक ओलेह ज्दानोव ने कहा कि मारियुपोल से कुछ सैनिकों को हटाकर पूर्वी हिस्से में भेजना, उसका वहां कोई भी बढ़त लेने में असफलता दर्शाता है। यूक्रेन के अधिकारियों का कहना है कि रूसी की तरफ से हुई ताजा बमबारी में कई आम नागरिक मारे गए हैं। पिछले 24 घंटे के दौरान पूर्वी लुहांस्क प्रांत में कम से कम तीन आम नागरिकों की मौत हो गई जबकि एक बच्चे समेत तीन लोग घायल हुए।

## जेलेंस्की ने नैन्सी पेलोसी की कीव यात्रा को समर्थन का एक अहम कदम बताया

**कीव।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने अमेरिकी प्रतिनिधि सभा की अध्यक्ष नैन्सी पेलोसी से कीव में हुई मुलाकात को मुश्किल समय में समर्थन का एक अहम कदम बताया। पेलोसी और अमेरिका के पांच से अधिक सांसदों ने सप्ताहांत में जेलेंस्की और उनके शीर्ष सहयोगियों से मुलाकात की थी, जो करीब तीन घंटे चली थी। रूसी सेना से घिरे राष्ट्र के साथ अमेरिकी एकजुटता दिखाने और जमीनी हालात का जायजा लेने के लिए इन नेताओं ने यूक्रेन की यात्रा की। जेलेंस्की ने रविवार शाम टेलीविजन पर अपने संबोधन में कहा कि पेलोसी के साथ बैठक में यूक्रेन को रक्षा आपूर्ति, वित्तीय समर्थन और रूस के खिलाफ प्रतिबंधों सहित कई मुद्दों पर बातचीत हुई। जेलेंस्की ने कहा कि यूक्रेन के लोग उन सभी भागीदारों के आभारी हैं, जो इतने कठिन समय में हमारी राजधानी का दौरा करके समर्थन के ऐसे महत्वपूर्ण एवं शक्तिशाली संकेत दे रहे हैं।

## लावरोव के नाजीवाद संबंधी बयान पर इजराइल ने रूस की निंदा की

**तेल अवीव।** इजराइल ने सोमवार को रूस के विदेश मंत्री की नाजीवाद संबंधी और यहूदी विरोधी उस"अक्षम्य टिप्पणी की निंदा की जिसमें दावा किया गया था कि एडोल्फ हिटलर यहूदी था। इजराइल ने इस टिप्पणी को लेकर रूस के राजदूत को तलब किया और कहा कि टिप्पणी में आरोप लगाया गया है कि यहूदी अपने ही नरसंहार में शामिल थे। यह घटनाक्रम ऐसे समय दोनों देशों के बीच बिगड़ते संबंधों का संकेत है जब इजराइल ने रूस-यूक्रेन युद्ध में खुद को तटस्थ रखने का प्रयास किया है। रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने एक इतालवी समाचार चैनल के साथ साक्षात्कार में कहा था कि यूक्रेन में अब भी कुछ नाजी हो सकते हैं, भले ही देश के राष्ट्रपति (वोलोदिमिर जेलेंस्की) सहित कुछ लोग यहूदी हों। लावरोव ने कहा था," जब वे कहते हैं कि अगर हम यहूदी हैं तो नाजीकरण कैसे हो सकता है ?

## इमरान ने 15 करोड़ रुपए की सरकारी कार अपने पास रखी हैः मंत्री

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की सूचना मंत्री मरियम औरंगजेब ने दावा किया है कि पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने पिछले महीने अविश्वास प्रस्ताव के माध्यम से पद से हटाए जाने के बाद 15 करोड़ पाकिस्तानी रुपए की एक शानदार कार अपने पास रखी है। मरियम ने रविवार को संवाददाताओं से कहा, खान एक बीएमडब्ल्यू एक्स5 कार अपने साथ ले गए जो विदेशी प्रतिनिधिमंडलों के लिए प्रधानमंत्री कार्यालय की कारों के बेड़े में से एक है।

## डेनमार्क के न्याय मंत्री ने इस्तीफा दिया

**कोपेनहेगन।** डेनमार्क के न्याय मंत्री निक हैकेरप ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। वह अब डेनिश ब्रूअर्स एसोसिएशन के नए प्रमुख के रूप में काम करेंगे। इसके बाद प्रधानमंत्री मेटे फ्रेडरिकसन ने हैकेरप की जगह एकीकरण मंत्री मैटियास टेस्फे को नया न्याय मंत्री बनाया है। वहीं, आवास मंत्री कारे दयबवाद बेक को नया एकीकरण मंत्री बनाया गया और उनकी जगह संसद सदस्य क्रिश्चियन रबजर्ग मैडसेन को नियुक्त किया गया।

## स्पेनः 2021 में पीएम, रक्षा मंत्री के स्पाइवेयर से बनाया गया निशाना

**मैड्रिड।** स्पेन के अधिकारियों ने सोमवार को बताया कि प्रधानमंत्री और रक्षा मंत्री के मोबाइल फोन को पिछले साल पेगासस स्पाइवेयर से निशाना बनाया गया था। राष्ट्रपति कार्यालय के मंत्री फेलिक्स बोलानोस ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, मई 2021 में दो बार प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज का मोबाइल फोन हैक हुआ था। रक्षा मंत्री मार्गरीटा रॉबल्स के फोन को अप्रैल 2021 में एक बार निशाना बनाया गया था।

## नीरव मोदी की प्रत्यर्पण पर ब्रिटिश अदालत में 28 जून को सुनवाई

**लंदन।** भगोड़े हीरा कारोबारी नीरव मोदी के प्रत्यर्पण मामले में अपील पर सुनवाई लंदन हाई कोर्ट में 28 जून को होगी। करोड़ों रुपए के पीएनबी बैंक घोटाले में धोखाधड़ी और धनशोधन के आरोपों का सामना कर रहे तथा भारत में वांछित 51 वर्षीय नीरव मोदी ने मानसिक स्वास्थ्य के आधार पर अपने प्रत्यर्पण आदेश के खिलाफ अपील दायर की है।

## भारत, चीन से वित्तीय सहायता लेने पर जोर देना चाहिए : विक्रमसिंघे

**भाषा।** कोलंबो

**श्रीलंका के** पूर्व प्रधानमंत्री रानिल विक्रमसिंघे ने कहा है कि संसद में बहुमत जुटाने के बारे में चिंता करने के बजाय नेताओं को भारत और चीन सहित विभिन्न देशों से वित्तीय सहायता प्राप्त करने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए, ताकि कर्ज में डूबे देश को उसके सबसे खराब आर्थिक संकट से बाहर निकाला जा सके। विक्रमसिंघे ने रविवार को कोलंबो में यूनाइटेड नेशनल पार्टी (यूएनपी) के मई दिवस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार को मौजूदा आर्थिक संकट के हल को प्राथमिकता देनी चाहिए और महंगाई को नियंत्रित करने के लिए तत्काल कार्वाई करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार को बैंकिंग प्रणाली को ध्वस्त होने से बचाने के लिए ध्यान देना चाहिए।

## आने वाले दशको में गर्मी इनसान की बर्दाश्त की हद से आगे निकल जाएगी

**भाषा।** लंदन

**● मौसम वैज्ञानिकों की चेतावनी**

**असहनीय गर्मी** के कारण कई भारतीय और पाकिस्तानियों के लिए, विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में, बाहर काम करने के लिए उपलब्ध मूल्यवान घंटे कम हो जाते हैं। लैंसेट द्वारा प्रकाशित शोध के अनुसार, अत्यधिक तापमान और आर्द्रता के कारण 2018 में 150 अरब से अधिक कार्य घंटों का नुकसान हुआ। इस प्रवृत्ति के वैश्विक परिणाम होंगे। यूसीएल में अर्थ सिस्टम साइंस के प्रोफेसर मार्क मास्लिन कहते हैं, दुनिया का आधा भोजन छोटे किसानों के खेतों में उगता है, जहां किसान कड़ी मेहनत करके फसल तैयार करते हैं। जैसे-जैसे दुनिया गर्म होगी, ऐसे दिन ज्यादा होते जाएंगे, जब बाहर काम करना शारीरिक रूप से असंभव होगा, जो उत्पादकता और खाद्य सुरक्षा को कम करेगा। शहरों में, जहां वैश्विक आबादी का एक बड़ा हिस्सा रहता है, अत्यधिक गर्मी के दौरान सड़कों को और अधिक आरामदायक बनाने के अवसर हैं। इनमें सबसे लोकप्रिय में से एक, शहरी हरियाली को बढ़ाना है, जिससे आवास की तलाश में भटकते वन्य जीवों को भी काफी फायदा होगा। या कंक्रीट के फैलाव के बीच पेड़ों और अन्य वनस्पतियों के लिए अधिक जगह बनाई जाए। लेकिन कार्डिफ यूनिवर्सिटी के मार्क ओ. कथबर्ट के नेतृत्व में फरवरी में प्रकाशित एक अध्ययन में पाया गया कि विस्तारित पार्कलैंड के बीच हरियाली लगाने के साथ छतों और दीवारों को हरा भरा करने से या तो बाढ़ को कम किया जा सकता है या गर्मी को कम किया जा सकता है, लेकिन यह दोनों एक शहर में नहीं हो सकता।

## पाक सरकार भ्रष्टाचार मामलों में नवाज शरीफ की दोषसिद्धि को रद्द कर सकती है : रिपोर्ट

**भाषा।** इस्लामाबाद

**पाकिस्तान** की नवनियुक्त सरकार भ्रष्टाचार मामलों में पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ की दोषसिद्धि को रद्द करने या निलंबित करने पर विचार कर रही है,ताकि उन्हें अदालत में नए सिरे से याचिका दाखिल करने का मौका मिल सके। तीन बार देश के प्रधानमंत्री रह चुके नवाज शरीफ फिलहाल लंदन में हैं। उन्हें लाहौर उच्च न्यायालय ने नवंबर 2019 में उपचार कराने के लिए चार सप्ताह के वास्ते विदेश जाने की अनुमति दी थी। पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की सरकार ने नवाज शरीफ के विरूद्ध भ्रष्टाचार के कई मामले चलाए थे। समाचार पत्र डॉन ने गृह मंत्री राना सनाउल्लाह के हवाले से अपनी खबर में जानकारी दी।

## विज्ञान मंत्री जितेंद्र सिंह ने जर्मनी को सुनामी चेतावनी में भारत की विशेषज्ञता का इस्तेमाल करने को कहा

**भाषा।** बर्लिन।

**भारत ने** सोमवार को जर्मनी के साथ विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में सहयोग में विस्तार का प्रस्ताव रखा जिसमें समुद्र के अंदर होने वाले भूस्खलन से आने वाली असामान्य सुनामी पर अनुसंधान बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करना शामिल है। विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री जितेंद्र सिंह ने जर्मन की अपनी समकक्ष स्टेफी लेमके के साथ बातचीत के दौरान जर्मनी को सुनामी तथा संबंधित आपदाओं के लिए जल्द चेतावनी की प्रणालियों के क्षेत्र में भारत की विशेषज्ञता का उपयोग करने के लिए आमंत्रित किया। सिंह ने लेमके से कहा कि भारत को संयुक्त राष्ट्र शैक्षणिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन-अंतरसरकारी समुद्र विज्ञान आयोग के तहत एक सुनामी सेवा प्रदाता के तौर पर पहचान मिली है।



जितेंद्र सिंह ने जर्मन की अपनी समकक्ष स्टेफी लेमके के साथ बातचीत करते

### जयशंकर ने जर्मनी की अपनी समकक्ष बेयरबॉक से मुलाकात की, द्विपक्षीय संबंधों की समीक्षा की

**बर्लिन।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सोमवार को जर्मनी की अपनी समकक्ष एनालीना बेयरबॉक से मुलाकात की और दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय संबंधों की समीक्षा की तथा रूस-यूक्रेन संघर्ष तथा हिन्द प्रशांत क्षेत्र से जुड़े विषयों पर चर्चा की। जयशंकर यहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आए शिष्टमंडल का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि जर्मनी की विदेश मंत्री बेयरबॉक के साथ उनकी अच्छी बातचीत हुई है। जयशंकर ने ट्वीट किया, विदेश मंत्री बेयरबॉक के साथ अच्छी बातचीत हुई। हमने द्विपक्षीय संबंधो की समीक्षा की।

# फेडरल की बैठक से पहले बाजारों में लगातार दूसरे दिन गिरावट

**● सेंसेक्स 85 अंक टूटा**







**भाषा।** मुंबई

**अमेरिकी केंद्रीय** बैंक की इस सप्ताह होने वाली महत्वपूर्ण बैठक से पहले निवेशकों के सतर्क रुख अख्तियार करने के बीच घरेलू शेयर बाजारों में सोमवार को लगातार दूसरे कारोबारी सत्र में गिरावट दर्ज हुई। रुपए में कमजोरी और विदेशी कोषों से लगातार निकासी से भी बाजार पर दबाव बना रहा। हालांकि, घरेलू मोर्चे पर वृहदआर्थिक आंकड़ों में सुधार और माल एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंचने से बाजार का नुकसान कुछ सीमित रहा। तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स कारोबार के दौरान 600 अंक से अधिक की बड़ी गिरावट से काफी हद तक उबरने के बाद अंत में 84.88 अंक यानी 0.15 प्रतिशत के नुकसान के साथ 56,975.99 अंक पर बंद हुआ। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 33.45 अंक यानी 0.20 प्रतिशत गिरकर 17,069.10 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के शेयरों में टाइटन में सबसे अधिक 2.95 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। विप्रो, टेक महिंद्रा, इन्फोसिस, मारुति, एशियन पेंट्स, लार्सन एंड टुब्रो और एसबीआई भी नुकसान में रहे। वहीं दूसरी तरफ इंडसइंड बैंक, एनटीपीसी, पावरग्रिड, टाटा स्टील, एचडीएफसी और आईटीसी के शेयर लाभ में रहे। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, अमेरिकी केंद्रीय बैंक बैठक से पहले निवेश कुछ अधिक सतर्कता बरत रहे हैं। डॉलर सूचकांक में मजबूती और विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की बिकवाली ने भी जोखिम की धारणा को और बढ़ाया। वहीं दूसरी तरफ अप्रैल में जीएसटी संग्रह, वाहनों की बिक्री और विनिर्माण पीएमआई आंकड़े अर्थव्यवस्था में सुधार की तरफ इशारा कर रहे हैं। बीएसई का स्मॉलकैप 0.87 प्रतिशत और मिडकैप 0.47 प्रतिशत तक की गिरावट आई। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया के कॉस्पी और जापान के निक्की में गिरावट रही जबकि हांगकांग के हैंगसेंग और चीन के शंघाई कंपोजिट में अवकाश था। दोपहर के कारोबार में यूरोप के प्रमुख बाजारों में गिरावट रही। अमेरिकी शेयर बाजार शुक्रवार को मामूली रूप से गिरकर बंद हुए। इस बीच, अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड 2.61 प्रतिशत गिरकर 104.3 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। विदेशी संस्थागत निवेशकों ने बृहस्पतिवार को लिवाली के बाद शुक्रवार को 3,648.30 करोड़ रुपए मूल्य के शेयर बेचे।

### आरआरए ने 225 और परिपत्र वापस लेने की सिफारिश कीः रिजर्व बैंक

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने सोमवार को कहा कि विनियमन समीक्षा प्राधिकरण ने 225 और परिपत्रों को वापस लेने की सिफारिश की है। इन परिपत्रों को गैर-जरूरी पाया गया है। भारतीय रिजर्व बैंक ने विनियमित संस्थाओं (आरई) पर अनुपालन के बोझ को कम करने के लिए विनियमन समीक्षा प्राधिकरण (आरआरए 2.0) की स्थापना की थी। केंद्रीय बैंक ने बयान में कहा, विनियमन समीक्षा प्राधिकरण (आरआरए 2.0) ने सिफारिशों की तीसरी किस्त में 225 अतिरिक्त परिपत्रों को वापस लेने की सिफारिश की है।

## क्सीनो, घुड़दौड़, ऑनलाइन गेमिंग पर 28 प्रतिशत जीएसटी को लेकर मंत्री-समूह में सहमति

**भाषा।** नई दिल्ली

**पश्चिम बंगाल** की वित्त मंत्री चंद्रिमा भट्टाचार्य ने सोमवार को कहा कि राज्यों के वित्त मंत्रियों की समिति कसीनो, रेस कोर्स (घुड़दौड़) और ऑनलाइन गेमिंग सेवाओं पर माल एवं वस्तु कर (जीएसटी) की दर को 28 प्रतिशत तक बढ़ाने पर एकमत है। उन्होंने कहा जीएसटी की यह दर सकल या शुद्ध मूल्यांकन पर लगाई जाए, .....यह फैसला अधिकारी स्तर पर आगे विचार-विमर्श के बाद किया जाएगा। अभी में कसीनो, घुड़दौड़ और अन्य ऑनलाइन गेमिंग पर जीएसटी की दर 18 प्रतिशत है। सरकार ने पिछले साल मई में कसीनो, ऑनलाइन गेमिंग पोर्टल और घुड़दौड़ सेवाओं पर जीएसटी के बेहतर मूल्यांकन के लिए राज्यों के मंत्रियों की समिति का गठन किया था। मेघालय के मुख्यमंत्री कोनराड संगमा की अगुवाई वाले मंत्री- समूह (जीओएम) की इस बारे में सोमवार को बैठक में इस तरह की सेवाओं पर जीएसटी की दर को लेकर चर्चा की। इस बारे में सर्वसम्मति है कि कसीनो, रेसकोर्स और ऑनलाइन गेमिंग जैसी सेवाओं पर जीएसटी की अधिकतम 28 प्रतिशत की दर लगनी चाहिए।

## अप्रैल में उच्च मुद्रास्फीति के बीच भारत के विनिर्माण क्षेत्र में तेज वृद्धिः पीएमआई

**नई दिल्ली।** भारत के विनिर्माण क्षेत्र की गतिविधियों में अप्रैल में तेज वृद्धि हुई। एक मासिक सर्वेक्षण में सोमवार को कहा गया कि उत्पादन में बढ़ोतरी के साथ ही कारखानों को मिलने वाले ऑर्डर बढ़ने और अंतरराष्ट्रीय बिक्री में तेजी के ऐसा हुआ। मौसमी रूप से समायोजित एसएंडपी ग्लोबल इंडिया विनिर्माण खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) अप्रैल में बढ़कर 54.7 हो गया, जो मार्च में मार्च में 54.0 था।

## अडाणी विल्मर का चौथी तिमाही का शुद्ध लाभ 26 प्रतिशत घटकर 234.29 करोड़ रुपए पर

**नई दिल्ली।** खाद्य तेल क्षेत्र की प्रमुख कंपनी अडाणी विल्मर लिमिटेड का मार्च में समाप्त बीते वित्त वर्ष की चौथी तिमाही का एकीकृत शुद्ध लाभ 26 प्रतिशत की गिरावट के साथ 234.29 करोड़ रुपए पर आ गया। कंपनी ने सोमवार को यह जानकारी दी। कंपनी ने कहा है कि कर पर खर्च बढ़ने की वजह से उसका मुनाफा नीचे आया है। कंपनी ने इससे एक साल पहले की समान अवधि में 315 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ कमाया था। शेयर बाजारों को भेजी सूचना में अडाणी विल्मर ने बताया कि उसकी कुल आय पिछले वित्त वर्ष की जनवरी-मार्च की तिमाही में बढ़कर 15,022.94 करोड़ रुपए पर पहुंच गई, जो 2020-21 की इसी अवधि में 10,698.51 करोड़ रुपए थी। बीते पूरे वित्त वर्ष के दौरान कंपनी का शुद्ध लाभ इससे पिछले वित्त वर्ष के 728.51 करोड़ रुपए से बढ़कर 803.73 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। वित्त वर्ष के दौरान कंपनी की कुल आय बढ़कर 54,385.89 करोड़ रुपए पर पहुंच गई, जो इससे पहले 37,194.69 करोड़ रुपए थी।

## एलन कैरियर इंस्टीट्यूट और बोधि ट्री में साझेदारी

**मुंबई।** एलन कैरियर इंस्टीट्यूट (एलन) और बोधि ट्री सिस्टम्स ने दुनिया के सबसे प्रशंसित और विश्वसनीय शिक्षा ब्रांड के निर्माण के लक्ष्य के साथ महत्वपूर्ण साझेदारी की घोषणा की है। एलन दुनिया की सर्वाधिक प्रतिस्पर्धी कॉलेज प्रवेश परीक्षाओं और ओलंपियाड में सफलता के बेजो ट्रैक रिकॉर्ड के साथ एजुकेशन पावरहाउस है। मध्य.पूर्व में बढ़ती मौजूदगी के साथ 46 शहरों में 138 कक्षा केंद्रों के माध्यम से एलन की पूरे भारत में उपस्थिति हैए इसमें अत्यंत समर्पित और जाने.माने फैकल्टी सदस्य हैं और यहाँ तीन दशकों से भी अधिक समय से प्रामाणिक अध्यापन है। बोधि ट्री सिस्टम्स के साथ एलन की साझेदारी परीक्षा,तैयारी की पेशकश के साथ आगे बढ़ेगी और मुख्य रूप में प्रौद्योगिकी का उपयोग करके परीक्षा,तैयारी एवं के 12 खंडों में लाखों छात्रों पर सकारात्मक रूप से प्रभाव डाला जाएगा। बोधि ट्री सिस्टम्स लुपा सिस्टम्स के संस्थापक और सीईओए जेम्स मर्डोक और द वॉल्ट डिज्नी कंपनी एशिया पैसिफिक के पूर्व अध्यक्ष और स्टार एंड डिज्नी इंडिया के पूर्व अध्यक्षए उदय शंकर द्वारा गठित नया प्लेटफॉर्म है। बोधि ट्री सिस्टम्स अपने संस्थापकों के प्रतिष्ठित उपभोक्ता व्यवसायों के निर्माण के साझा ट्रैक रिकॉर्ड का लाभ उठाएगा ताकि एलन को भविष्य के विश्व स्तरीय डिजिटल शिक्षा व्यवसाय में बनाया जा सके। कतर राज्य का सॉवरेन वेल्थ फंडए कतर इन्वेस्टमेंट अथॉरिटी बोधि ट्री सिस्टम्स में एक निवेशक है।

## सिंगापुर की कंपनी पर मामला दर्ज

**नोएडा।** दिल्ली पुलिस की द इकोनोमिक एण्ड ओफेंस विंग ने रैफल्स एजुकेशन कॉर्पोरेशन सिंगापुर के प्रोमोटर्स के खिलाफ चार्जशीट फाईल की है। ग्रेटर नोएडा में एक शैक्षणिक समिति की 100 करोड़ की जमीन और इमारत पर गैर-कानूनी कब्जा करने के मामले में यह चार्जशीट फाईल की गई है। इस मामले में सिंगापुर के एक शैक्षणिक सदन रैफल्स एजुकेशन कॉर्पोरेशन लिमिटेड के चेयरमैन च्यु हुआसेंग उनकी पत्नी डोरिस चुंग उनके बेटे च्यू हैन वी जॉन थैम, सौरभ शर्मा, चेंग लोक तेओ, हाउ टेक लिमए हुई टिन गेन और जुन ही आरोपी है। इनमें से सिर्फ सौरभ शर्मा रैफल्स कॉर्पोरेशन के भारतीय प्रतिनिधि है, उनके अलावा अन्य सभी चीनी मूल के सिंगापुर नागरिक हैं तथा रैफल्स की टॉप मैनेजमेन्ट टीम में शामिल हैं। चार्जशीट के मुताबिक भातरीय पैनल कोड की धारा 465, 469, 471, और 506 के तहत फर्म रैफल्स एजुकेशन कॉर्पोरेशन के प्रोमोटर्स आपराधिक साजिश और जाली दस्तावेजों के साथ जय राधा रमन एजुकेशन सोसाइटी ;के सदस्य बन गए जो ग्रेटर नोएडा के नॉलेज पार्क 4 में जेआरई ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स का संचालन करती है। जेआरआरईएस के पास 44 एक जमीन और इस पर निर्मित इमारत हैए जिसकी कीमत तकरीबन रु 100 करोड़ है। चार्जशीट में कहा गया है कि सिंगापुर की फर्म जेआरआरईएस के मौजूदा सदस्यों को हटाकर और रैफल्स के साथ अपने संबंधों को छिपाते हुए सोसाइटी की सम्पत्ति पर कब्जा करने की कोशिश में थी।

## व्हॉट्सएप ने मार्च में 18 लाख भारतीय खातों पर प्रतिबंध लगाया

**नई दिल्ली।** व्हॉट्सएप ने मार्च में 18.05 लाख भारतीय खातों पर प्रतिबंध लगा दिया। ऐसा उपयोगकर्ताओं से मिली शिकायतों और इस मंच पर सेवा शर्तों के उल्लंघन को रोकने के लिए आंतरिक व्यवस्था के तहत किया गया। सोशल मीडिया कंपनी की मासिक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। पिछले साल लागू हुए नए सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) नियमों के तहत 50 लाख से अधिक उपयोगकर्ताओं वाले डिजिटल मंच के लिए हर महीने अनुपालन रिपोर्ट प्रकाशित करनी जरूरी है। इस रिपोर्ट में शिकायतों और उन पर की गई कार्वाई का विवरण होता है। ताजा रिपोर्ट के मुताबिक, एक से 31 मार्च, 2022 के बीच व्हॉट्सएप ने 18.05 लाख भारतीय खातों के दुरुपयोग की जानकारी सामने आने पर इनपर प्रतिबंध लगाया है। भारतीय खातों की पहचान 91 फोन नंबर के जरिए की गई।

## एलआईसी के आईपीओ को एंकर निवेशकों से मिली जबर्दस्त प्रतिक्रिया

**भाषा।** नई दिल्ली

जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) को एंकर निवेशकों से सोमवार को जबर्दस्त प्रतिक्रिया मिली। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। एलआईसी के आईपीओ से 21,000 करोड़ रुपए जुटने की उम्मीद है। आईपीओ के तहत सरकार कंपनी में अपने 22,13,74,920 शेयरों की बिक्री कर रही है और इसके लिए मूल्य दायरा 902 से 949 रुपए प्रति शेयर तय किया गया है। इस संबंध में एक अधिकारी ने बताया कि एंकर निवेशकों के लिए सोमवार को खुले निर्गम को जबर्दस्त प्रतिक्रिया मिली। इसकी पूरा ब्योरा बाद में सामने आएगा। संस्थागत और खुदरा खरीदारों के लिए निर्गम चार मई को खुलेगा और नौ मई को बंद होगा। कंपनी के शेयर आईपीओ के बंद होने के एक सप्ताह बाद 17 मई को शेयर बाजारों में सूचीबद्ध होंगे। आईपीओ के तहत 15,81,249 शेयर कर्मचारियों के लिए और 2,21,37,492 शेयर पॉलिसीधारकों के लिए आरक्षित हैं।

### आईएलएंडएफएस एनर्जी की हिस्सेदारी खरीदेगी पावर ग्रिड

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी पावर ग्रिड कॉरपोरेशन (पीजीसीआईएल), क्रॉस बॉर्डर पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड (सीपीटीसीएल) में आईएलएंडएफएस एनर्जी डेवलपमेंट कंपनी लिमिटेड (आईईडीसीएल) की हिस्सेदारी खरीदेगी। पावर ग्रिड ने सोमवार को शेयर बाजार को बताया कि उसके निदेशक मंडल ने रविवार को हुई बैठक में हिस्सेदारी खरीदने के इस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। कंपनी ने हालांकि इस सौदे के वित्तीय पक्ष की जानकारी नहीं दी। कंपनी के निदेशक मंडल ने सीपीटीसीएल में आईईडीसीएल के 77,30,225 शेयर खरीदने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी।

## भारत-यूएई व्यापार समझौते से जुड़े सवालों के एफएक्यू से मिलेंगे जवाब

**नई दिल्ली।** वाणिज्य मंत्रालय जल्द ही भारत और यूएई के बीच हाल ही में हुए मुक्त व्यापार समझौते पर अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न (एफएक्यू) जारी करेगा। एक अधिकारी ने कहा कि इस विस्तृत एफएक्यू से घरेलू उद्योग को इस समझौते के लाभों को सरल तरीके से समझने में मदद मिलेगी। भारत-यूएई व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौते (सीईपीए) पर दोनों देशों ने 18 फरवरी को हस्ताक्षर किए थे और यह एक मई से लागू भी हो गया है। अधिकारी ने कहा कि एफएक्यू के जरिए घरेलू उद्योग को समझौते से मिलने वाले लाभों सहित सभी प्रमुख सवालों के जवाब दिए जाएंगे। इसमें भारत और यूएई द्वारा वस्तु व्यापार में एक दूसरे को दी जाने वाली रियायतें, बहिष्करण सूची में उत्पादों की महत्वपूर्ण श्रेणियां, भारत के लिए निर्यात के अवसर और समझौते के तहत उत्पत्ति उत्पादों की परिभाषा शामिल हैं।

## भारत ने ईंधन की खरीद के लिए श्रीलंका को दी मदद


**भाषा।** कोलंबो

**● दी 20 करोड़ डॉलर की अतिरिक्त ऋण सुविधा**

**गंभीर वित्तीय** संकट से जूझ रहे श्रीलंका की तरफ एक बार फिर मदद का हाथ बढ़ाते हुए भारत ने उसे ईंधन खरीद के लिए 20 करोड़ डॉलर की एक और ऋण सुविधा दी है। श्रीलंका के बिजली एवं ऊर्जा मंत्री कंचन विजयशेखर ने सोमवार को संवाददाताओं से कहा कि भारत पहले ही 20 करोड़ डॉलर की अतिरिक्त ऋण सुविधा दे चुका है। उन्होंने कहा, इस ऋण सुविधा का इस्तेमाल मई में ईंधन की चार खेप के लिए किया जाएगा। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि भारत के साथ 50 करोड़ डॉलर की एक और ऋण सुविधा के बारे में बातचीत चल रही है लेकिन अभी तक कोई अंतिम फैसला नहीं हुआ है। इसके पहले भी भारत से मिली 50 करोड़ डॉलर की ऋण सुविधा में से 40 करोड़ डॉलर का इस्तेमाल श्रीलंका मार्च और अप्रैल ईंधन खरीद के लिए कर चुका है। विजयशेखर ने कहा कि बाकी बचे हुए 10 करोड़ डॉलर का भी इस्तेमाल मई में ईंधन की दो खेप खरीदने के लिए किया जाएगा।

### पारा चढ़ने के साथ अप्रैल में रिकॉर्ड पर पहुंची एसी की बिक्री

**नई दिल्ली।** गर्मियों की शुरुआत के साथ ही घरों में इस्तेमाल होने वाले एयर कंडीशनर (एसी) की मांग काफी तेज हो गई है। इस साल अप्रैल में प्रमुख एसी कंपनियों की बिक्री रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई है और आगे भी यह सिलसिला जारी रहने की उम्मीद है। वोल्टास, पैनासोनिक, हिताची, एलजी और हायर जैसी कंपनियों ने पिछले महीने एसी की बिक्री में रिकॉर्ड वृद्धि दर्ज की है। पिछले वर्ष अप्रैल में कोविड-19 महामारी की दूसरी लहर के कारण निचले आधार के प्रभाव और दबी हुई मांग के निकलने से बिक्री का आंकड़ा बढ़ा है।





## टॉकटाइम

### मेघना मिश्रा

*सीक्रेट सुपरस्टार में अपनी सुरीली आवाज के लिए भारी वाहवाही बटोर रही हैं और अब फिल्मों के लिए प्लेबैक कर रही हैं। पगलेट से लेकर मनमर्जियां और सबसे ताजा, द कश्मीर फाइल्स का हम देखेंगे तक, सुप्रिया रमेश के साथ बातचीत*

# मैं इस ऐतिहासिक परियोजना का छोटा सा हिस्सा बनकर धन्य महसूस करती हूं

**■ द कश्मीर फाइल्स में गाए आपके गाने हम देखेंगे को बहुत प्यार मिला है। आप इसे लेकर कैसा महसूस करती हैं?**

मुझे यह जानकर वाकई खुशी हुई कि यह ट्रैक इतनी खास फिल्म में था। मैं इस ऐतिहासिक परियोजना का छोटा सा हिस्सा बनकर खुद को धन्य महसूस कर रही हूं।

**■ गाना रिकॉर्ड करने से पहले आपको शुरुआती संक्षिप्त जानकारी क्या दी गई थी?**

संजीव कोहली जी ने मुझे स्वप्निल बंदोदकर जी से जोड़ा और हमारी रिकॉर्डिंग के बारे में बातचीत हुई। स्टूडियो में मेरी मुलाकात स्वप्निल जी और पल्लवी जोशी जी से हुई। वे ट्रैक के प्रमुख गायक रहे हैं।

जब फिल्म रिलीज हुई और गाना भी आया, तो मुझे फैज अहमद फैज जी द्वारा लिखी नज्म हम देखेंगे के अतीत और अस्तित्व के बारे में पता चला।

**■ आपने बॉलीवुड में सीक्रेट सुपरस्टार के साथ ड्रीम डेब्यू किया था। यह कैसे हुआ, क्या आप अपनी यात्रा पर कुछ प्रकाश डाल सकती हैं?**

सीक्रेट सुपरस्टार सचमुच एक अप्रत्याशित नजरिया रहा है। संतोष मुलेकर जी ने मुझे अमित त्रिवेदी सर के मैनेजर का संपर्क दिया था। हालांकि, उन्हें इसका उद्देश्य भी नहीं पता था क्योंकि चयन गोपनीय थे। मैंने उन्हें व्हाट्सएप पर एक वॉयस नोट भेजा और फिर उन्होंने स्टूडियो आने के लिए कहा। वहां पर मुझे आने वाली फिल्म और इंसिया की आवाज के लिए 28-30 लड़कियों (मेरे सहित) के ऑडिशन के बारे में बताया गया।

> मैं धन्य महसूस करती हूं कि मैंने इस यात्रा को अमित त्रिवेदी सर और आमिर सर के मार्गदर्शन व समर्थन के तहत शुरू किया, क्योंकि मुझे इस क्षेत्र के बारे में बहुत कुछ सीखने को मिला। इसके अलावा, मैंने जो भी पाया उसके लिए फिल्म के निर्माताओं और अपने माता-पिता को श्रेय देती हूं। न केवल मुझे पुरस्कार दिए गए हैं, मैंने उन्हें अधिक से अधिक मेहनत करने के लिए प्रेरणा के रूप में लिया है।

**■ आपको कई सम्मान मिल चुके हैं। आपने इतनी कम उम्र में स्टारडम के साथ खुद को कैसे संभाला?**

मैं धन्य महसूस करती हूं कि मैंने इस यात्रा को अमित त्रिवेदी सर और आमिर सर के मार्गदर्शन व समर्थन के तहत शुरू किया, क्योंकि मुझे इस क्षेत्र के बारे में बहुत कुछ सीखने को मिला। इसके अलावा, मैंने जो भी पाया उसके लिए फिल्म के निर्माताओं और अपने माता-पिता को श्रेय देती हूं। न केवल मुझे पुरस्कार दिए गए हैं, मैंने उन्हें अधिक से अधिक मेहनत करने के लिए प्रेरणा के रूप में लिया है।

**■ एक युवा गायक होने के नाते, आप हमारे संगीत उद्योग के बारे में क्या कहना चाहेंगी? नई प्रतिभाओं को अवसर देने के मामले में हमारे संगीतकार कितने स्वागत योग्य हैं?**

मैं इस उद्योग में जितने भी कलाकारों और संगीतकारों से मिली हूं, वे सभी इस परियोजना के बारे में बेहद सहायक और जागरूक रहे हैं। कार्य नैतिकता और प्रक्रिया संबंधी विषय के बारे में लोगों की अलग-अलग राय और विचार हो सकते हैं, लेकिन मैंने जो देखा है कि संगीतकारों के लिए केवल एक चीज, जो महत्व रखती है, वो है आपकी प्रतिभा और कौशल।

**■ फिलहाल आप किस पर काम कर रही हैं?**

बहुत सारे एकल गाने कतार में हैं और उम्मीद है प्लेबैक भी होंगे!

## विचित्र कथा

### ब्लू-कॉलर महिला श्रमिकों के लिए कार्यस्थल पर अधिक लचीलापन लाने का समय



महामारी से पहले, ऋचा और उनका परिवार अपने पति की कमाई पर गुजारा करता था। हालांकि, 2020 के बाद आर्थिक रूप से चीजें मुश्किल हो गईं। ऋचा, एक चौकीदार, सुबह 8 बजे अपना काम शुरू करती हैं। उन्हें नौकरी में एक साल से अधिक समय हो गया है और वह अपने परिवार की मासिक आय में योगदान देकर खुश और गर्व महसूस कर रही हैं।

ऋचा और उनके जैसी अन्य महिलाओं के लिए फ्लेक्सिडस एक ऐसा शब्द है जिससे वे परिचित नहीं हैं। फ्लेक्सिडस का संबंध महिलाओं के कार्यस्थल पर लचीलापन न होने के कारण नौकरी छोड़ने से है। हालांकि फ्लेक्सिडस एक सफेदपोश रोजगार परिघटना हो सकती है, मगर ब्लू-कॉलर महिला कार्यकर्ता के लिए लचीलेपन का मतलब केवल काम करना और आर्थिक रूप से स्वतंत्र होने का अवसर होगा।

फ्लेक्सी स्टाफिंग उद्योग पर इंडियन स्टाफिंग फेडरेशन की एक रिपोर्ट के अनुसार, महामारी शुरू होने के बाद से महिला कर्मचारियों की संख्या में 6 प्रतिशत का उछाल आया है। जिन क्षेत्रों में महिलाओं को रोजगार मिल रहा है वे हैं आईटी, हॉस्पिटैलिटी, मनोरंजन, शिक्षा, बैंकिंग, बीमा और जनशक्ति।

इंडियन स्टाफिंग फेडरेशन की कार्यकारी निदेशक सुचिता दत्ता कहती हैं कि सरकार महिलाओं को औपचारिक रोजगार देने व उन्हें समर्थन देने के लिए लगातार व्यावहारिक कानून पेश कर रही है। यह ऐसी कंपनियां भी हैं जिन्हें महिलाओं के लिए अधिक अवसर पैदा करने हैं। औपचारिक रोजगार में वृद्धि, न केवल कानूनों का पालन करने से होगी बल्कि उनके योगदान को बढ़ाने के लिए अधिक संतुलन बनाने से भी होगी। दत्ता कहती हैं, ''कर्मचारी उद्योग में लगभग 65 प्रतिशत कार्यबल महिलाएं हैं, जो इसे महिलाओं को रोजगार देने वाले शीर्ष क्षेत्रों में से एक बनाता है और महिलाओं को वापस कार्यबल में लौटने के लिए आकर्षित करता है।''

### मजदूर दिवस के अवसर पर दैनिक सहायकों का अभिनंदन



सोनी सब का ''वागले की दुनिया'' तीन अलग-अलग पीढ़ियों की जीवन-शैली और विस्मयकारी कहानी के साथ दर्शकों का मनोरंजन करना जारी रखे हुए है। इस बार साई दर्शन हाइट्स सोसायटी के बच्चे समारोह क्षेत्र का उपयोग करने की एक अजीबोगरीब मांग के साथ मुख्य मंच पर पहुंचे। हालांकि जोशीपुरा (दीपक पारीक) सीधे खारिज कर देता है, मगर बच्चे काफी विरोध और समझाने के बाद अपना रास्ता बनाने में कामयाब होते हैं। लेकिन, बच्चे समारोह स्थल का उपयोग किस लिए करना चाहते हैं? इसे जानने के लिए धारावाहिक से जुड़े रहें।


### कुमार शानू का प्यारा सा वादा



डीआईडी के लिटिल मास्टर्स के एस5 के लॉन्च के बाद से, दर्शकों को युवा नृत्य संवेदनाओं को सप्ताह दर सप्ताह कुछ अद्भुत कृत्यों को देखने का एक अच्छा अवसर मिल रहा है। दरअसल, पिछले रविवार को, जिसमें कि कुमार शानू, अजय देवगन और रकुल प्रीत सिंह बतौर गेस्ट नजर आए. जहां प्रतिभाशाली युवाओं ने विशेष मेहमानों को प्रभावित किया, वहीं ऋषिता के मैशअप एक्ट ने सभी को प्रभावित किया।

लेकिन जब उसने उस दुखद स्थिति के बारे में बात की, जिसमें वह खुद को इस स्थिति में पाती है कि उसके दादा दादी उसे या उसके माता-पिता को स्वीकारने के लिए उत्सुक नहीं है, तो सानू वास्तव में भावुक हो गये। महान गायक ने उनसे वादा किया कि वह व्यक्तिगत रूप से कोलकाता जाएंगे और उनके दादा-दादी को उन्हें स्वीकार करने के लिए मनाएंगे।

### लोगों को आत्मविश्वासी वक्ता बनने के लिए प्रेरित करती है डॉ. शामोली खेरा की पहल स्पीक टू इंस्पायर



बहुत से लोग अपने शौक का पालन करते हैं, और कुछ ही सफलतापूर्वक अपने शौक को एक संपन्न पेशे में बदलने में सक्षम होते हैं, विशेष रूप से एक ऐसे पेशे में, जो अभी भी भारत जैसे देश में उभर रहा है। डॉ शामोली खेरा एक पब्लिक स्पीकिंग कोच हैं - यह एक ऐसा पेशा है, जो अभी भी देसी दुनिया में अपने पैर जमा रहा है। हालांकि वह लेखक, टीवी प्रस्तुतकर्ता, व एक निर्माता भी हैं, मगर वह कोचिंग को सबसे संतोषजनक अनुभवों में से एक मानती हैं। वह कहती हैं, ''जब मैंने पहली बार अपनी स्पीकिंग वर्कशॉप को बढ़ावा देना शुरू किया, तो सबसे बड़ी चुनौती यह सामने आई, जब लोग फोन करके पूछते थे, ''तो आप सही अंग्रेजी पढ़ाती हैं?'' मुझे लगता है कि इस कोचिंग अभ्यास को शुरू करने का बड़ा हिस्सा पहले जागरूकता पैदा करना था कि स्पीकिंग कोच क्या करता है और यह कैसे इच्छुक व्यक्तियों को अपने लक्ष्यों को तदनुसार संरेखित करने में मदद करता है।''

स्पीक टू इंस्पायर डॉ. खेरा की कोचिंग अकादमी है, जिसने हजारों प्रतिभागियों - वयस्क और किशोर दोनों - को आत्मविश्वासी वक्ता होने के लिए प्रशिक्षित किया है। दुबई में शुरू की गई यह पहल अब एशिया के साथ-साथ मध्य पूर्व के सक्रिय प्रतिभागियों के साथ अंतरराष्ट्रीय बन गई है। डा खेरा का कहना है, ''महामारी ने पाठ्यक्रमों की पहुंच को तेज किया, साथ ही सत्रों को ऑनलाइन वितरित करने के मेरे दृष्टिकोण को व्यापक बनाया। अगर कार्यशालाओं की बात करें तो मैं बहुत पुराने स्कूल की हूं और प्रत्यक्ष सत्र करने से मुझे हमेशा अपने प्रतिभागियों के साथ जुड़ाव व उनके मसलों को बेहतर ढंग से समझने का एहसास होता है। महामारी के साथ, मैं सफलतापूर्वक पाठ्यक्रमों को इस तरह से अनुकूलित व डिजाइन करने में सक्षम हुई कि प्रत्यक्ष अनुभव को आभासी अनुभव में अनुकरण किया और अभी भी उसी गहरे स्तर पर उनके साथ जुड़ती हूं।''

# अपनी सुबह को बनाएं स्वस्थ

**बेलगाम जीवनशैली की आदतें, थकान और सिरदर्द जैसे मामूली लक्षणों से लेकर अधिक गंभीर समस्याओं जैसे भाटा, उच्च रक्तचाप और यहां तक कि कैंसर तक सब कुछ पैदा कर सकती हैं। यहां कुछ डिटॉक्स मॉर्निंग ड्रिंक होते हैं जो आपके शरीर को संचित विषाक्त पदार्थों से स्वाभाविक ढंग से छुटकारा दिलाते हैं**

जल्दबाजी और भागदौड़ भरी जीवनशैली का आपके शरीर पर नशीला प्रभाव पड़ता है। अगर इन पर ध्यान नहीं दिया गया, तो यह जल्दी या बाद में आपके दिमाग को प्रभावित करना भी शुरू कर सकती है। आधुनिक आहार और पर्यावरण के प्रारंभिक संकेतक अवांछित हिस्सों में वसा निर्माण के रूप में परिलक्षित होते हैं। यदि हमला काफी देर तक जारी रहता है, तो बीएमआई बढ़ने से कई स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं।

अनियंत्रित जीवनशैली की आदतें मामूली लक्षणों जैसे कि थकान और सिरदर्द से लेकर अधिक गंभीर समस्याओं जैसे कि भाटा, उच्च रक्त चाप, यहां तक कि कैंसर तक सब कुछ पैदा कर सकती हैं। प्राकृतिक रूप से संचित विषाक्त पदार्थों से आपके शरीर को छुटकारा दिलाने के लिए डिज़ाइन की गई गतिविधियों के एक समूह को डीटाक्स नाम दिया गया है।

इस प्रक्रिया में जंकफूड की लत को खत्म करने के लिए कई तरह के खाद्य पदार्थ, खाने की आदतें, उपवास, व्यायाम व वैज्ञानिक रूप से डिजाइन की गई अन्य गतिविधियां शामिल हो सकती हैं। यह प्रक्रिया आपके सिस्टम से हानिकारक यौगिकों को स्वाभाविक रूप से साफ करने में मदद करती है और कार्बनिक तत्वों के साथ खुद को पुन: जीवंत करती है।

आपकी सुबह की दिनचर्या इस अभ्यास के सबसे महत्वपूर्ण हिस्सों में से एक है और इसमें शारीरिक प्रशिक्षण व खास तरह के खाद्य पदार्थ शामिल हो सकते हैं जो आपको डिटॉक्स करने और जीवित महसूस करने में मदद करते हैं। यहां शक्तिशाली डिटॉक्स ड्रिंक्स की सूची दी गई है जिन्हें आप अपनी साप्ताहिक दिनचर्या में शामिल कर सकते हैं :



### दालचीनी चाय

यदि स्वास्थ्य लाभों की अपनी लगभग करिश्माई सूची के कारण आम फलों का राजा रहा है, तो शायद दालचीनी को जड़ी-बूटियों की रानी होना चाहिए। हालांकि इसकी जलनरोधक, एंटी-ऑक्सीडाइजिंग, एंटी-डायबिटिक, एंटीमाइक्रोबियल, कैंसर-रोधक, लिपिड-लोअरिंग, और हृदय रोग से लड़ने की क्षमता सर्वविदित है और प्रलेखित है, मगर इसने न्यूरोलॉजिकल समस्याओं से लड़ने की एक आशाजनक क्षमता भी दिखाई है।

आप अपनी दालचीनी की चाय को अपनी नियमित ग्रीन टी के साथ तैयार कर सकते हैं या दूध और शहद के साथ एक अलग मिश्रण बना सकते हैं। फिर भी , यदि आप पहले से ही मधुमेह की दवा ले रहे हैं तो अपने चिकित्सक से परामर्श करें।

### आम पन्ना (आम और पुदीना)

जब फलों का राजा आपकी सेवा में आता है, तो आप निश्चिंत हो सकते हैं कि यह अद्भुत एंटी-ऑक्सीडेटिव, एंटी-इंफ्लेमेटरी और कैंसर-रोधी लाभ प्रदान करते हुए आपके स्वाद को गुदगुदाने वाला है। आम पॉलीफेनोल्स से भरपूर उष्णकटिबंधीय फलों में से एक है। यहां तक कि फल की उतारे गए छिलके में भी उच्च स्तर के पॉलीफेनोल, कैरोटेनॉयड्स, आहार फाइबर और विटामिन ई होते हैं। इसलिए, इससे पहले कि आप आम को फेंक दें, इसके हर अंतिम छोर तक स्वाद चखना सुनिश्चित करें (या, अभी भी बेहतर है इसे दुबारा रोप दें)। मुख्य घटक (हरे आम का गूदा) के बाद, आपको पुदीना (जाहिर है), भुना हुआ जीरा पाउडर, काला सेंधा नमक और स्वीटनर (शहद या गुड़ का उपयोग करें) चाहिए।





### पुदीना और नींबू के स्वाद वाला नारियल पानी

पुदीना भारत के उत्तरी भाग व दुनिया भर की अन्य संस्कृतियों में गर्मियों का मुख्य स्वाद रहा है। हालांकि, यह बीते जमाने से सिर्फ एक अद्भुत पौधा नहीं है। पुदीना, या मेंथा के एंटीऑक्सीडेंट गुणों की वैज्ञानिक रूप से जांच की गई है और उनके लाभों से संबंधित अध्ययनों में इसे जादुई के रूप में वर्णित किया गया है।

उत्तम एनर्जाइज़र, नारियल पानी के साथ, पुदीना एक डिटॉक्सिंग कंपाउंड बनाता है जो न केवल स्वादिष्ट होता है, बल्कि चिलचिलाती गर्मी से सुखदायक प्रभाव भी प्रदान करता है। इसलिए, यह संभावना है कि आप इस मिश्रण को बाद में दिन में भी आजमाएंगे।

### शहद नींबू अदरक की चाय



शहद पोषक तत्वों, विटामिनों व लाभकारी शर्करा का एक कॉम्पैक्ट पैकेज है। नींबू विटामिन सी और फ्लेवोनोइड का समृद्ध स्रोत है। फ्लेवोनोइड्स फाइटोन्यूट्रिएंट्स हैं जिनका जलनरोधक प्रभाव होता है। संक्षेप में, फ्लेवोनोइड्स आपको हृदय से संबंधित, मधुमेह, कैंसर, और संज्ञानात्मक रोगों जैसे अल्जाइमर और मनोभ्रंश सहित कई बीमारियों से बचाते हैं। अदरक आपके सुबह के डिटॉक्स ड्रिंक में जुड़ने वाला एक और शक्तिशाली घटक है। बस दो कप पानी में दो-तीन चम्मच अदरक को कुचलकर उबाल लें, आधा चम्मच प्राकृतिक शहद, और एक चम्मच नींबू का रस, और वियोला मिलाएं! आपकी शहद नींबू अदरक की चाय तैयार है। इस शक्तिशाली एंटीऑक्सीडेंट पेय का एकमात्र दोष यह है कि आप इसे हर दिन मांग सकते हैं।

### हल्दी और शहद



यह शायद आपके सामने आने वाले सभी डिटॉक्सिंग ड्रिंक्स में सबसे सरल है। जब आप समय का बेहद दबाव हो, तो इन दो अद्भुत एंटीऑक्सिडेंट को एक साथ गुनगुने पानी में डालें और धैर्यपूर्वक इनका सेवन करें। इस सरल व अनोखी सुबह की चाय के लिए आपको बस आधा चम्मच शहद और इसके साथ मिलाने के लिए बस एक चुटकी हल्दी चाहिए। सब कुछ छानने से पहले अच्छी तरह से हिलाएं।

*- विजय ठक्कर, फिटनेस आंत्रप्योनोर व फंक्शनल मेडिसिन कोच, तथा 48 फिटनेस के संस्थापक।*

# सैमसन की पारी बेकार, राणा-रिंकू ने दिलाई केकेआर को जीत

## ● राजस्थान रॉयल्स को सात विकेट से हराया

**भाषा।** मुंबई

**कोलकाता नाइट** राइडर्स (केकेआर) ने इंडियन प्रीमियर लीग मुकाबले में सोमवार को यहां राजस्थान रॉयल्स को सात विकेट से हराया। राजस्थान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पांच विकेट पर 152 रन बनाए। केकेआर ने पांच गेंद शेष रहते मैच को अपने नाम कर लिया। केकेआर के लिए नितीश राणा ने नाबाद 48 रिंकू सिंह ने नाबाद 42 रन बनाए। इससे पहले कप्तान संजू सैमसन (54) की अर्धशतकीय पारी के दम पर राजस्थान रॉयल्स ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में सोमवार को यहां कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ पांच विकेट पर 152 रन बनाए। सैमसन ने 49 गेंद की पारी में सात चौके और एक छक्का लगाया। आखिरी ओवरों में रियान पराग ने 12 गेंद में दो छक्के और एक चौके की मदद से 19 और शिमरोन हेटमायर ने 13 गेंद में दो छक्के और एक चौके की मदद से नाबाद 27 रन बनाकर टीम के स्कोर को 150 के पार तक पहुंचाया। केकेआर के लिए टीम साउदी ने चार ओवर में 46 रन देकर दो विकेट लिए। उमेश यादव, अनुकूल रॉय और शिवम मावी ने एक-एक विकेट लिए जबकि सुनील नारायण ने चार ओवर में सिर्फ 19 रन दिए। टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला करने के बाद केकेआर के गेंदबाजों ने शुरुआती ओवरों में कसी हुई गेंदबाजी की और उमेश ने तीसरा ओवर मेडन डालते हुए देवदत्त पडिक्कल (दो रन) का विकेट चटकाया। इस गेंदबाज के पांचवें ओवर में जोस बटलर (25 गेंद में 22 रन) ने और संजू सैमसन ने चौके जड़े। सैमसन ने पावर प्ले की आखिरी गेंद पर केकेआर के लिए पदार्पण कर रहे हरफनमौला अनुकूल रॉय के खिलाफ छक्का जड़ा जिससे छह ओवर के बाद टीम का स्कोर एक विकेट पर 38 रन हो गया। केकेआर के गेंदबाजों ने शानदार लय में चल रहे बटलर के खिलाफ कसी हुई गेंदबाजी की जिसका फायदा नौवें ओवर में गेंदबाजी के लिए आए साउदी को हुआ। बड़ा शॉट लगाने के चक्कर में बटलर ने बाउंड्री के पास शिवम मावी को कैच थमा दिया। इसके बाद सैमसन ने कुछ अच्छे शॉट लगाकर गेंद को सीमा रेखा के पार भेजा लेकिन टीम की रन गति ज्यादा नहीं बढ़ा सके। बाएं हाथ के स्पिनर अनुकूल ने 14वें ओवर की पहली गेंद पर टीम में वापसी कर रहे करुण नायर (13) को पवेलियन की राह दिखाई। सैमसन ने इसी ओवर में 38 गेंद में सत्र का अपना दूसरा अर्धशतक पूरा किया जबकि क्रीज पर आए रियान पराग ने छक्के के साथ ओवर को खत्म किया। पराग ने 17वें ओवर में साउदी की गेंद को दर्शकों के पास भेजा लेकिन अगली ही गेंद पर डीप मिडविकेट पर अनुकूल को कैच थमा बैठे। अगले ओवर की पहली गेंद पर मावी ने सैमसन को चलता कर केकेआर को बड़ी सफलता दिलाई। शिमरोन हेटमायर ने 19वें ओवर की शुरूआती दो गेंदों पर छक्का लगाकर रन गति को तेज किया। राजस्थान ने साउदी के इस ओवर से 20 रन बटोरे। आखिरी ओवर में मावी ने सिर्फ 10 रन खर्च किए।


नितीश राणा के नाबाद 48 रन

### स्कोरबोर्ड

**केकेआर पारी:** बटलर का मावी बो साउदी 22, पडिक्कल का एवं बो उमेश 02, सैमसन का रिंकू बो साउदी 54, नायर का रिंकू बो अनुकूल 13, परागका अनुकूल बो साउदी 19, हेटमायर नाबाद 27 अश्विन नाबाद 06, **अतिरिक्त:** (लेग बाई: 02, नोबॉल: 02, वाइड: 05) 09, **कुल योग:** (20 ओवर में पांच विकेट पर) 152 रन, विकेट पतन: 1-7, 2-55, 3-90, 4-115, 5-115, **गेंदबाजी:** उमेश 4-1-24-1, अनुकूल 4-0-28-1, नारायण-0-19-0, मावी 4-0-33-1। साउदी 4-0-46-2


सैमसन 54 रन

# प्लेऑफ में जगह पक्की करने उतरेगा गुजरात

**भाषा।** नवी मुंबई

## ● पंजाब के खिलाफ मुकाबला आज

**विपरीत परिस्थितियों** में वापसी करने वाली गुजरात टाइटन्स की टीम इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में मंगलवार को जब पंजाब किंग्स का सामना करेगी तो उसकी निगाह प्लेऑफ में अपनी जगह पक्की करने पर रहेगी। पहली बार आईपीएल में भाग ले रही गुजरात की टीम को अब तक हराना आसान नहीं रहा है। उसने नौ में से आठ मैच जीते हैं और लगातार छठी जीत दर्ज करने से वह प्लेऑफ में जगह बनाने वाली पहली टीम बन जाएगी। गुजरात के इस शानदार प्रदर्शन का कारण विपरीत परिस्थितियों में भी दमदार वापसी करना है। राहुल तेवतिया, डेविड मिलर, राशिद खान हों या कप्तान हार्दिक पंड्या, इन सभी ने अब तक टूर्नामेंट में मैच विजेता प्रदर्शन किया है। यदि कोई एक खिलाड़ी नाकाम हो जाता है तो दूसरा बखूबी जिम्मेदारी निभाता है। हार्दिक ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) के खिलाफ जीत के बाद कहा था, यह इस टीम की खूबसूरती है कि खिलाड़ियों ने दिखाया है कि वे मुश्किल परिस्थितियों में भी क्या कर सकते हैं। हमने ऐसा करने के लिए हमेशा उनका हौसला बढ़ाया। पिछली बार जब गुजरात और पंजाब का सामना हुआ था तो तेवतिया ने आखिरी दो गेंदों पर छक्के लगाकर अपनी टीम को जीत दिलाई थी। पंजाब अब अनुकूल परिणाम की उम्मीद कर रहा होगा। इसके अलावा वह नहीं चाहेगा कि मैच पिछली बार की तरह अंतिम गेंद तक पहुंचे। पंजाब की टीम के प्रदर्शन में फिर से निरंतरता का अभाव रहा है तथा उसे अब तक नौ मैचों में से पांच में हार मिली है। उसके शीर्ष बल्लेबाज कप्तान मयंक अग्रवाल, जॉनी बेयरस्टो, शिखर धवन और लियाम लिविंगस्टोन ने टुकड़ों में अच्छा प्रदर्शन किया है। उन्हें अपने प्रदर्शन में निरंतरता लानी होगी। गेंदबाजी विभाग में तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने ही लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है। पिछले मैच में उसके गेंदबाजों ने अच्छा खेल दिखाया था लेकिन बल्लेबाजों ने उसे निराश किया। गुजरात की टीम में विकेटकीपर ऋद्धिमान साहा ने मैथ्यू वेड की जगह अच्छी तरह से संभाली है। उनके सलामी जोड़ीदार शुभमन गिल ने अच्छी शुरुआत की थी।

## बार्सिलोना ने मालोर्का को हराकर हार का क्रम तोड़ा

**बार्सिलोना।** बार्सिलोना ने स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा में मालोर्का को 2-1 से हराकर अपने घरेलू मैदान कैंप नोउ में लगातार हार का क्रम तोड़ा। मेम्फिस डीपे और सर्जियो बास्केट के गोल की मदद से बार्सिलोना ला लिगा अंकतालिका में सेविला से आगे दूसरे स्थान पर पहुंचने में भी सफल रहा। बार्सिलोना की कैंप नोउ में लगातार तीन हार के बाद यह पहली जीत है। वह पांचवें स्थान की टीम रीयाल बेटिस से नौ अंक आगे है और इस तरह से उसकी अगले सत्र के लिए चैंपियन्स लीग में जगह सुरक्षित करने की संभावनाएं भी बढ़ गई है। इसके अलावा बार्सिलोना के लिए यह जीत बहुत मायने नही रखती क्योंकि रीयाल मैड्रिड ने एक दिन पहले ही एस्पेनयोल को 4-0 से हराकर रिकॉर्ड 35वीं बार खिताब अपने नाम कर दिया था।

## आर्सनल, टोटैनहैम जगह बनाने की दौड़ में कायम

**लंदन।** आर्सनल और टोटैनहैम ने इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) में अपने अपने मैच जीतकर अगले सत्र में होने वाली चैंपियन्स लीग फुटबॉल प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई करने की उम्मीदें बरकरार रखी। आर्सनल ने गैब्रियल के हेडर पर किए गए गोल की मदद से वेस्ट हैम को 2-1 से हराकर अंकतालिका में अपना चौथा स्थान बनाए रखा। टोटैनहैम ने सोन हियुंग मिन के दो गोल की मदद से लीस्टर सिटी को 3-1 से पराजित किया। टोटैनहैम के 34 मैचों में 61 अंक है और वह आर्सनल से दो अंक पीछे है। ईपीएल में शीर्ष चार में रहने वाली टीम चैंपियन्स लीग में जगह बनाएंगी।

## फीफा ने सेनेगल पर जुर्माना लगाया

**ज्यूरिख।** फीफा ने विश्व कप प्लेआफ मैच के दौरान दर्शकों के बुरे बर्ताव और मिस्र के दिग्गज खिलाड़ी मोहम्मद सालाह के चेहरे पर लेजर लाइट मारे के लिए सेनेगल के फुटबॉल महासंघ पर सोमवार को 1,75,000 स्विस फ्रैंक (लगभग 1.38 करोड़ रुपए) का जुर्माना लगाया है। इस मैच में सालाह जब पेनल्टी पर किक मारने के तैयार हुए तो दर्शकों ने उनके चेहरे पर हरे रंग पर लेजर लाइट का इस्तेमाल किया।

## शतरंज ओलंपियाड : भारत ने महिला और ओपन वर्ग में दो टीमों की घोषणा की

**चेन्नई।** यहां 28 जुलाई से 10 अगस्त तक होने वाले 44वें शतरंज ओलंपियाड के लिए भारत ने ओपन और महिला वर्ग में दो टीमों की घोषणा की है जबकि पांच बार के विश्व चैम्पियन विश्वनाथन आनंद को मेजबान टीम का मार्गदर्शक (मेंटोर) बनाया गया है। भारत को मेजबान होने के नाते दोनों वर्गों मे दो दो टीमें उतारने का मौका मिला है।

## नडाल और जोकोविच ने रूसी खिलाड़ियों पर प्रतिबंध की आलोचना की

**मैड्रिड।** राफेल नडाल और नोवाक जोकोविच ने यूक्रेन पर रूस के आक्रमण के कारण इस साल के विबलडन टेनिस टूर्नामेंट में रूस और बेलारूस के खिलाड़ियों को खेलने से रोकने के फैसले की आलोचना की है। टेनिस के इन दोनों दिग्गज खिलाड़ियों ने रविवार को कहा कि विबलडन ने अनुचित फैसला किया है। नडाल और जोकोविच दोनों मैड्रिड ओपन मे खेलने की तैयारियां कर रहे है।

# कप्तानी के बोझ से जडेजा की तैयारियां और प्रदर्शन प्रभावित हो रहा था : धोनी

**भाषा।** पुणे

**चेन्नई सुपर** किंग्स के दिग्गज महेंद्र सिंह धोनी ने कहा कि कप्तानी की जिम्मेदारियों के कारण रविंद्र जडेजा की तैयारियां और प्रदर्शन प्रभावित हो रहा था। धोनी ने पिछले महीने कप्तानी छोड़ने का फैसला किया जिसके बाद चेन्नई ने जडेजा को कप्तान बनाया था, लेकिन यह ऑलराउंडर कप्तानी का दबाव नहीं झेल पाया और आखिर में उन्होंने हाथ खड़े कर दिए। ऐसे में चेन्नई को अपने सबसे भरोसेमंद धोनी को फिर से कप्तानी सौंपनी पड़ी। जडेजा की अगुवाई में चेन्नई ने आठ में से छह मैच गंवाए। इस बीच देश के सबसे भरोसेमंद ऑलराउंडर की बल्लेबाजी, गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ा। धोनी के कमान संभालने के बाद चेन्नई ने पहले मैच में सनराइजर्स हैदराबाद को 13 रन से हराकर प्लेऑफ में पहुंचने की उम्मीदें बरकरार रखी। धोनी ने मैच के बाद



संवाददाताओं से कहा, जडेजा को पिछले सत्र से ही पता था कि इस साल उन्हें कप्तानी करनी है। पहले दो मैचों में मैंने उनकी मदद की लेकिन इसके बाद उन्हें स्वयं फैसले करने और जिम्मेदारी लेने के लिए कहा। उन्होंने कहा, एक बार जब आप कप्तान बनते हो तो उससे कई जिम्मेदारियां जुड़ जाती है। लेकिन जिम्मेदारी बढ़ने से वह प्रभावित हुआ। मुझे लगता है कि कप्तानी के बोझ से उसकी तैयारियां और प्रदर्शन प्रभावित हुआ। धोनी ने कहा कि जडेजा का टीम की कमान संभालना एक क्रमिक बदलाव था जैसा कि वह चाहते थे। उन्होंने कहा, वह जानता था और उसके पास तैयारी के लिए पर्याप्त समय था। महत्वपूर्ण यह है कि आप चाहते हैं कि वह टीम का नेतृत्व करे और मैं भी यह बदलाव चाहता था। आप नहीं चाहते कि सत्र के आखिर में उसे लगे कि कप्तानी किसी और ने की और वह केवल टॉस करने तक सीमित रहा। धोनी ने कहा, इसलिए यह क्रमिक बदलाव था। हर परिस्थिति में सुझाव देने से वास्तव में कप्तान को मदद नहीं मिलती। मैदान पर आपको महत्वपूर्ण निर्णय लेने होते हैं और आपको उनकी जिम्मेदारी लेनी होती है। उन्होंने कहा, एक बार जब आप कप्तान बन जाते हैं तो आपको कई चीजों का ध्यान रखना पड़ता है और इसमें आपका अपना खेल भी शामिल है। धोनी को विश्वास है कि कप्तानी की जिम्मेदारी से मुक्त होने के बाद जडेजा फिर से फॉर्म में लौट आएंगे। उन्होंने कहा, कप्तानी से मुक्त होने के बाद यदि आप अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हैं तो हम भी यही चाहते हैं। हम एक शानदार क्षेत्ररक्षक को गंवा रहे थे। हमें डीप मिडविकेट पर अच्छे क्षेत्ररक्षक की कमी खल रही थी। हमने 17-18 कैच छोड़े हैं और यह चिंता का विषय है। धोनी ने कहा, मैच बेहद कड़े हैं और उम्मीद है कि हम मजबूत वापसी करेंगे। गेंदबाजों के साथ संवाद करना महत्वपूर्ण होता है।

# वाशिंगटन सुंदर फिर से चोटिल

**भाषा।** पुणे



## ● चेन्नई के खिलाफ गेंदबाजी में उनकी कमी खली : मूडी

**सनराइजर्स हैदराबाद** के मुख्य कोच टॉम मूडी ने खुलासा किया कि वाशिंगटन सुंदर के उस हाथ में फिर से चोट लग गई है जिससे वह गेंदबाजी करते हैं और इसी कारण से वह चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में गेंदबाजी नहीं कर पाए। अपने गेंदबाजी वाले हाथ में चोट के कारण वाशिंगटन ने तीन मैचों में बाहर रहने के बाद गुजरात टाइटन्स के खिलाफ वापसी की थी। चेन्नई के खिलाफ रविवार को क्षेत्ररक्षण करते समय में फिर से उनके उसी हाथ में चोट लग गई। इससे उनका दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ अगले मैच में खेलना भी संदिग्ध है। इस कारण यह ऑफ स्पिनर सनराइजर्स की चेन्नई के हाथों 13 रन की हार के दौरान गेंदबाजी नहीं कर पाया। वह निचले क्रम में बल्लेबाजी के लिए आए लेकिन केवल दो गेंद का सामना कर पाए। मूडी ने मैच के बाद संवाददाताओं से कहा, यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि उनके उसी हाथ में चोट लगी है जिसमें पहले लगी थी। पहले चोट पूरी तरह से ठीक हो गई थी लेकिन वह अंग फिर से चोटिल हो गया है। उसमें हालांकि टांके लगाने की जरूरत नहीं है। लेकिन दुर्भाग्य से वह गेंदबाजी करने की स्थिति में नहीं था। इससे वास्तव में हमारी गेंदबाजी प्रभावित हुई क्योंकि वह हमारा महत्वपूर्ण गेंदबाज है। तेज गेंदबाज टी नटराजन भी चोटिल होने के कारण चेन्नई के खिलाफ मैच के दौरान बीच में मैदान से बाहर रहे। इससे केन विलियमसन को पांचवें गेंदबाज के रूप में एडेन मार्कराम और शशांक सिंह को गेंद सौंपनी पड़ी जिन्होंने मिलकर चार ओवर किए और उनमें 46 रन लुटाए। मूडी ने कहा, जब आप अपने प्रमुख गेंदबाज को गंवा देते हो तो यह टीम के लिए बड़ा झटका होता है।

## सीनियर महिला टी-20: फाइनल में रेलवे की भिड़ंत महाराष्ट्र से

**भाषा।** सूरत

**गत चैंपियन** रेलवे ने सोमवार को यहां दूसरे सेमीफाइनल में ओडिशा को 35 रन से हराकर सीनियर महिला टी20 ट्रॉफी के फाइनल में जगह बनाई जहां उसका सामना महाराष्ट्र से होगा। रेलवे ने पहले बल्लेबाजी करते हुए मेघना (84) और परवीन (नाबाद 55) के अर्धशतक से दो विकेट पर 159 रन बनाए। मेघना ने 63 गेंद की अपनी पारी में नौ चौके और एक छक्का जड़ा जबकि परवीन ने 51 गेंद की अपनी नाबाद पारी में चार चौके मारे। इसके जवाब में ओडिशा की टीम सात विकेट पर 124 रन ही बना सकी। उसकी तरफ से सलामी बल्लेबाज माधुरी सबसे सफल बल्लेबाज रहीं जिन्होंने 25 गेंद में 35 रन की पारी खेली। रेलवे की तरफ से स्वागतिका ने 23 जबकि तनुजा पी कंवर ने 25 रन देकर दो-दो विकेट चटकाए। पूनम और स्नेह ने एक-एक विकेट हासिल किया। इससे पहले यस्तिका की 45 गेंद में 71 रन की पारी भी बड़ौदा के कुछ काम नहीं आई।

# भारतीय पुरुष और महिला हॉकी टीम की रैंकिंग में सुधार

## ● क्रमशः तीसरे और सातवें स्थान पर पहुंची

**भाषा।** लुसाने

**भारतीय पुरुष** और महिला हॉकी टीम सोमवार को जारी एफआईएच विश्व रैंकिंग में आगे बढ़ते हुए क्रमशः तीसरे और सातवें स्थान पर पहुंच गई। भारत की दोनों टीम की रैंकिंग में सुधार हुआ है। दोनों टीम ने हाल में एफआईएच प्रो लीग के मुकाबलों में अच्छा प्रदर्शन किया था। भारतीय पुरुष टीम इंग्लैंड (3-3 और 4-3) और जर्मनी (3-0 और 3-1) के खिलाफ तीन जीत और एक ड्रॉ की बदौलत नीदरलैंड को पछाड़कर एक स्थान के फायदे से तीसरे स्थान पर पहुंच गई है। मलेशिया के खिलाफ चार टेस्ट मैच की सफल श्रृंखला के बाद आस्ट्रेलिया पुरुष रैंकिंग में शीर्ष पर बरकरार है। बेल्जियम दूसरे स्थान पर है जबकि उसके बाद भारत, नीदरलैंड, जर्मनी, अर्जेन्टीना, इंग्लैंड और न्यूजीलैंड का नंबर आता है। महिला रैंकिंग में भारत एफआईएच प्रो लीग में शीर्ष रैंकिंग वाले नीदरलैंड पर जीत की बदौलत सातवें स्थान पर पहुंच गया है। प्रो लीग में अच्छे प्रदर्शन की बदौलत अर्जेन्टीना दूसरे जबकि आस्ट्रेलिया तीसरे स्थान पर है। इंग्लैंड चौथे स्थान पर है जबकि उसके बाद जर्मनी, स्पेन और भारत हैं। बेल्जियम की टीम न्यूजीलैंड और जापान से आगे आठवें स्थान पर हैं।

# हर्षदा जूनियर विश्व चैंपियन बनीं


**भाषा।** नई दिल्ली

**हर्षदा शरद** गरुड सोमवार को यूनान के हेराकलियोन में आईडब्ल्यूएफ जूनियर विश्व चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने वाली पहली भारतीय भारोत्तोलक बनीं। महिला 45 किग्रा वर्ग में 18 साल की हर्षदा ने कुल 153 किग्रा (70 किग्रा और 83 किग्रा) वजन उठाकर स्वर्ण पदक जीता और प्रतियोगिता के पहले ही दिन भारत के पदक का खाता खोला। हर्षदा ने स्नैच में 70 किग्रा के प्रयास के साथ स्वर्ण पदक पक्का किया जबकि क्लीन एवं जर्क के बाद वह तुर्की की बेकतास कान्सु (85 किग्रा) के बाद दूसरे स्थान पर चल रहीं थी। बेकतास ने कुल 150 किग्रा (65 किग्रा और 85 किग्रा) वजन उठाकर



रजत पदक जीता। हर्षदा ने पीटीआई को फोन पर बताया, मैं बेहद खुश हूं, मेरे पास अभी अपनी खुशी को जाहिर करने के लिए शब्द नहीं हैं। उन्होंने कहा, मेरे पिता राज्य स्तर के भारोत्तोलक थे। हालांकि मैंने उन्हें कभी प्रतिस्पर्धा पेश करते हुए नहीं देखा। मैंने उनकी कहानियां और उनके बारे में कहानियां सुनी। मैंने कभी इसके अलावा कुछ और करने के बारे में नहीं सोचा। खेलो इंडिया युवा खेलों में अंडर-17 लड़कियों के वर्ग का खिताब जीतने वाली हर्षदा छह साल पहले 12 साल की उम्र में अपने पिता शरद गरुड के जोर देने पर भारोत्तोलन से जुड़ी थी।

## ओसाका और मुगुरुजा मैड्रिड ओपन से बाहर



**मैड्रिड।** नाओमी ओसाका और गार्बाइन मुगुरुजा उन प्रमुख खिलाड़ियों में शामिल हैं, जिन्हें मैड्रिड ओपन टेनिस टूर्नामेंट में उलटफेर से भरे दिन में बाहर का रास्ता देखना पड़ा। स्पेन की सारा सोरिब्स टोरमो ने रविवार को दूसरे दौर के मैच में जापानी खिलाड़ी ओसाका को 6-3, 6-1 से हराया। सोरिब्स टोरमो ने मैच में पांच बार ओसाका की सर्विस तोड़ी। उनका अगला मुकाबला दारिया कसातकिना से होगा जिन्होंने चौथी वरीयता प्राप्त मारिया सकारी को 3-6, 6-3, 6-1 से उलटफेर का शिकार बनाया। यूक्रेन की एनेलिना कलिनिना ने मुगुरुजा को 6-3, 6-0 से हराया। मुगुरुजा मैच के दौरान दाहिनी पिंडली में दर्द से भी परेशान रही। अन्य मैचों में बियांका आंद्रिस्कु ने छठी वरीयता प्राप्त डेनियल कोलिन्स को 6-1, 6-1 से जबकि यूएस ओपन चैंपियन एम्मा रादुकानु ने मार्ता कोस्त्युक को 6-2, 6-1 से हराया।

## चेतश्वर ने बेहतर लय वापस हासिल की : पिता

**नई दिल्ली।** चेतेश्वर पुजारा के पिता और कोच अरविंद पुजारा का मानना है कि यह भारतीय टेस्ट विशेषज्ञ बल्लेबाज नियमित मैच अभ्यास मिल पाने के कारण मौजूदा काउंटी चैंपियनशिप में अच्छा प्रदर्शन कर रहा है। अरविंद ने कहा कि चेतेश्वर इससे पूर्व कोविड-19 से जुड़ी पाबंदियों के कारण नियमित मैच अभ्यास नहीं कर पा रहा था। भारत के लिए 95 टेस्ट खेलने वाले अनुभवी चेतेश्वर को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ उसकी सरजमीं पर टेस्ट श्रृंखला गंवाने के बाद अजिंक्य रहाणे के साथ भारतीय टीम से बाहर कर दिया गया था। भारत के मध्यक्रम का अहम हिस्सा रहे पुजारा पिछले तीन सत्र में अपने प्रदर्शन में निरंतरता लाने में नाकाम रहे और इस दौरान उनका औसत 30 से भी कम रहा जिसके कारण चयनकर्ताओं ने श्रीलंका के खिलाफ घरेलू श्रृंखला के लिए उन्हें टेस्ट टीम में जगह नहीं दी।

## आरडीएसओ स्विमिंग अकैडमी में स्विमिंग सेफ्टी ड्रिल एवं लाइफसेविंग स्किल का प्रदर्शन



**लखनऊ।** आरडीएसओ स्पोर्ट्स एसोसिएशन व स्पोर्ट्स नेटवर्क इंडिया के संयुक्त तत्वाधान में आरडीएसओ एक्वेटिक सेंटर की स्विमिंग अकेडमी में स्विमिंग सेफ्टी ड्रिल एवं लाइफसेविंग स्किल का प्रदर्शन स्विमिंग प्रशिक्षकों एवं लाइफगार्ड्स के द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महानिदेशक आरडीएसओ संजीव भूटानी रहे। राष्ट्रीय खिलाड़ी व लाइफगार्ड प्रशांत शर्मा व उनकी छह सदस्य टीम ने विभिन्न प्रकार की स्विमिंग सेफ्टी ड्रिल एवं लाइफसेविंग स्किल को सजीव रूप से तरणताल में प्रदर्शन किया। इसके उपरांत अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी एवं रानी लक्ष्मीबाई अवार्ड से पुरस्कृत गरिमा कपूर ने विभिन्न प्रकार से तरणताल में डाइविंग का प्रदर्शन किया।

# लॉकडाउन के दौरान अभ्यास सत्रों से मोहसिन को मिली मदद



**भाषा।** नई दिल्ली

## ● कोच बदरुद्दीन सिद्दीकी ने दी सीख

**उदीयमान** प्रथम श्रेणी क्रिकेटर इमरान खान जब अपने छोटे भाई मोहसिन को मार्गदर्शन के लिए बदरूद्दीन सिद्दीकी के पास लेकर गए तो कोच को समझ में नहीं आया कि मुरादाबाद के सम्बल इलाके के इस दुबले और नाटे लड़के को वह क्या सिखाएं। चार मैचों में आठ विकेट लेकर वही मोहसिन इंडियन प्रीमियर लीग जैसे टूर्नामेंट में अब जाना माना नाम बन चुका है। बदरूद्दीन उत्तर प्रदेश में जमीनी स्तर के जाने माने कोचों में से हैं जिन्होंने मोहम्मद शमी को उनके शुरूआती दिनों में क्रिकेट का ककहरा सिखाया था। बदरूद्दीन ने कहा , एक दशक पहले मोहसिन का बड़ा भाई इमरान मेरी अकादमी में आता था। उस समय तक शमी कोलकाता चला गया था और रणजी ट्रॉफी खेलता था। उन्होंने कहा , इमरान ने मुझे बताया कि उसका छोटा भाई क्रिकेट खेलना चाहता है और क्या वह उसे अभ्यास के लिए ला सकता है। शुरूआत में मोहसिन 13 वर्ष के अन्य लड़कों की तरह था जो कभी कभी बातें अनसुनी भी कर देता था। उन्होंने कहा , उस उम्र के बच्चे वैसे ही होते हैं। अचानक गेंदबाजी करते हुए वह बल्ला उठा लेता था। मुझसे बहुत डांट खाई लेकिन दस साल पहले उसकी कद काठी देखकर मुझे लगा नहीं था कि वह तेज गेंदबाज बनेगा। उसका कद एक साल में बढ गया और वह छह फुट लंबा हो गया। उसका खेल भी बहुत निखर गया है और उसने पूरे फोकस के साथ अभ्यास करना शुरू कर दिया। मोहसिन मूल रूप से सफेद गेंद का गेंदबाज था लेकिन कोरोना महामारी के कारण 2020 में पहले लॉकडाउन के बाद उसे अमरोहा में मोहम्मद शमी की रिहायश अकादमी में गेंदबाजी का मौका मिला। शमी के पास अपने शहर में निजी मैदान है जहां उन्होंने टर्फ पिचें लगाई हैं। लॉकडाउन के दौरान बदरूद्दीन के साथ वह , उनका छोटा भाई मोहम्मद कैफ और मोहसिन वहां अभ्यास करते थे। यह काफी छोटा समूह था और मैने मोहसिन को बुलाया ताकि वह शमी को देखकर सीख सके।

## प्रिया न केआईयूजी के 200 मीटर फर्राटा दौड़ में दुती को पछाड़ कर स्वर्ण जीता

**भाषा।** बेंगलुरू

**युवा प्रिया** मोहन ने यहां कांतीरवा स्टेडियम में खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स (केआईयूजी) में 400 मीटर दौड़ का खिताब हासिल करने के एक दिन बाद सोमवार को 200 मीटर दौड़ में अनुभवी दुती चंद को पछाड़ कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। एशियाई खेलों की रजत पदक विजेता दुती दौड़ के पहले 100 मीटर में सबसे आगे थी लेकिन 19 साल की प्रिया ने इसके बाद बढ़त हासिल कर 23.90 सेकेंड के समय के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। दुती ने 24.02 सेकेंड के समय के साथ रजत और रांची विश्वविद्यालय की फ्लोरेंस बारला ने 24.13 सेकेंड के साथ कांस्य पदक हासिल किया।